आषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 15 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 325, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इमरान खान और बुशरा बीबी फिर गिरफ्तार 16

रवि के साथ काम करेंगी उर्वशी 15



**विम्बलडन का बादशाह**

लंदन : स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने सर्बिया के नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों (6-2, 6-2, 7-6) से हरा कर खिताब पर कब्जा किया। अल्काराज का यह लगातार दूसरा विम्बलडन खिताब है।

# राहुल को सत्ता मिलती तो हिंदू बोलने पर भी लग जाता प्रतिबंध

- राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा भाजपा अकेली पैन इंडिया पार्टी

**भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक : ओवरकॉन्फिडेंस से लोस चुनाव में नहीं आए आपेक्षानुरुप परिणाम**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में नेताओं, पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि पार्टी की तरफ से किए अथक परिश्रम के बावजूद लोकसभा चुनाव में हम विपक्ष के फैलाए भ्रमजाल की काट न निकाल सके। कहा गया कि, आरक्षण समाप्त करने, संविधान खत्म करने और महिलाओं के खाते में 8500 रुपये भेजने जैसे विपक्ष के भ्रामक प्रचार के कारण भाजपा को आशातीत सफलता न मिल सकी। राहुल गांधी को निशाने पर रखते हुए पार्टी के बड़े नेताओं ने कहा कि अगर सत्ता में राहुल आ जाते तो हिंदू शब्द बोलने पर ही प्रतिबंध लग जाता। राहुल गांधी के हिंदू धर्म विरोधी होने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय आशियाना के अंबेडकर सभागार में रविवार को आयोजित भाजपा कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि इन चुनाव के नतीजों ने ये बता दिया कि अकेली भाजपा ही है जो पैन इंडिया पार्टी है, जो पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण हर जगह है। हम 140 करोड़ देशवासियों के प्रतिनिधि हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस आज परजीवी पार्टी हो गई है। ये दूसरों के वोट पर खड़ी है। इस चुनाव में इन्होंने संविधान पर खूब चर्चा की, लेकिन ये बताना हमारी जिम्मेदारी है कि संविधान के साथ खिलवाड़ किसने किया। इन्होंने 90 बार चुनी हुई सरकारों को गिराया है। वो राम मंदिर की बात करते हैं, लेकिन राम मंदिर हमारे लिए आस्था का मुद्दा है। 1987-88 में भाजपा ने कहा था कि हम राम मंदिर बनाने के रास्ते को प्रशस्त करने का कार्य करेंगे।



दीप प्रज्जवलित कर बैठक का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य।

### अति आत्मविश्वास से अपेक्षाओं को चोट : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 और उसके बाद के चुनावों में जितना मत प्रतिशत भाजपा के पक्ष में था, 2024 में भी भाजपा उतना वोट पाने में सफल रही है, लेकिन वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास ने हमारी अपेक्षाओं को चोट पहुंचाई है। बावजूद इसके 2027 में भाजपा का ही परचम फिर फहरेगा।

### अखिलेश को ठिकाने लगा देगी कांग्रेस : चौधरी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने अपने संबोधन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को यह कहते हुए सावधान किया कि, कांग्रेस भस्मासुर है और बहुत जल्दी आपको ठिकाने लगा देगी। कांग्रेस की नजर आपके मुस्लिम वोट पर पड़ गई है। कांग्रेस की सोच एवं उनकी कार्यशैली में लोकतंत्र की कोई गुंजाइश ही नहीं है।

## एक नजर

### आतंकी लखबीर के पांच सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** कनाडा के आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को बताया कि उनके पास से तीन पिस्तौलें बरामद की गईं। उन्होंने कहा कि लांडा गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों की संख्या अब 13 हो गई है।

### सीमा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए सेना ने रविवार को तीन अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर जारी घुसपैठ रोधी अभियान में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। साथ ही हथियार और अन्य युद्ध सामग्री भी बरामद की गई हैं।

### 17.5 करोड़ की हेरोइन जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के विभिन्न हिस्सों से करीब 17.5 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की गई है और चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। असम पुलिस के सीपीआरओ प्रणबज्योति गोस्वामी ने कहा कि गोलाघाट जिले में दो स्थानों से 1.732 किग्रा हेरोइन जब्त की गई है।

# चुनावी रैली में ट्रंप की हत्या का प्रयास

## हमले में एक की मौत, सांसद समेत दो घायल, सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को मार गिराया

- बंदूकधारी ने ऊंचे स्थान से पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को लक्ष्य कर चलाई थी गोलियां
- अमेरिकी प्रतिनिधी सभा ने अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के निदेशक चीटल को तलब किया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान जानलेवा हमला हुआ। हालांकि पूर्व राष्ट्रपति इस हमले में बाल-बाल बच गए। इस हमले में दर्शक दीर्घा बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई और रिपब्लिकन सांसद के संबंधी समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार ट्रंप पेंसिल्वेनिया के बटलर में शनिवार शाम लगभग सवा छह बजे अज्ञात बंदूकधारी की गोलीबारी में घायल हो गए। उनकी सुरक्षा में तैनात अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में ट्रंप के कान से खून बहता देखा जा सकता है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति सुरक्षित हैं। बटलर काउंटी के जिला अटॉर्नी रिचर्ड गोल्डिंगर ने कहा कि संदिग्ध बंदूकधारी को मार गिराया गया है।



ट्रंप को सुरक्षित स्थान की ओर ले जाते अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के एजेंट। ● एजेंसी

सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता एंथनी गुग्लिल्मी ने एक बयान में कहा कि पिट्सबर्ग से लगभग 30 मील उत्तर बटलर में शाम करीब सवा छह रैली स्थल से बाहर ऊंचे स्थान से अचानक गोलियां दागी गयीं। इस दौरान ट्रंप ने अपना हाथ अपने दाहिने कान पर रख लिया और पोडियम पर झुक गए।

सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और मंच से नीचे ले गए। पूर्व राष्ट्रपति का चेहरा खून से लथपथ था। अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने हमले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय मीडिया ने रविवार तड़के बताया कि हमलावर की पहचान पेंसिल्वेनिया थॉमस मैथ्यू क्रुक्स (20) के रूप की गई है।

टेक्सास के रिपब्लिकन सांसद रोनी जैक्सन के भतीजा भी इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। जैक्सन ने कहा कि एक गोली उनके भतीजे की गर्दन को पार कर गई जिससे उसकी गर्दन से खून बह रहा था। अमेरिकी प्रतिनिधी सभा के मुख्य जांच बोर्ड ओवरसाइट कमेटी ने पूर्व राष्ट्रपतियों और वर्तमान राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के निदेशक किम्बर्ली चीटल को ट्रंप पर हुए हमले को लेकर को तलब किया है। ओवरसाइट कमेटी ने 22 जुलाई को चीटल से पूछताछ करेगी। पैनल ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि देश के पूर्व राष्ट्रपति की हत्या के प्रयास के बारे में हमें जवाब चाहिए।

### बाइडेन, मोदी समेत कई हस्तियों ने की निंदा

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत विश्वभर की महत्पूर्ण हस्तियों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। बाइडेन ने कहा है कि यह जानकर उन्हें बहुत अच्छा लगा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जानलेवा हमले में बाल-बाल बच गए और वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए गहरी चिंता जताई। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासिचव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने हमले की कड़ी निंदा की है और कहा है कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है।

### एफबीआई ने शुरू की घटना की जांच

संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने घटना की जांच शुरू कर दी है। एफबीआई के विशेष एजेंट केविन रोजेक ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि सीक्रेट सर्विस द्वारा मारे जाने से पहले बंदूकधारी मंच पर गोलियां चला चुका था। एफबीआई इस बात की जांच करेगा कि ऐसा कैसे हुआ, लेकिन जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से सीक्रेट सर्विस पर है। उसका एक ही काम है - अमेरिका के वर्तमान और पूर्व राष्ट्रपतियों की रक्षा करना और इसमें वे कल रात बुरी तरह से विफल रहे।

# पीतल कारोबारी की चाकू से गोदकर हत्या, एक हमलावर की भी मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कारोबारी अनिल



हमलावर आमोद

- रात एक बजे उधारी देने के बहाने घर में घुसे थे दोनों आरोपी
- सीसीटीवी फुटेज से बेटी ने आरोपियों को पहचाना

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में शनिवार की रात एक बजे उधारी के पैसे देने के बहाने घर में घुसे बदमाशों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर पीतल कारोबारी की हत्या कर दी। वारदात में घायल एक हमलावर ने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक की 13 वर्षीय बेटी ने सो रही अपनी मां को जगाया। इसके बाद शोर मचाने पर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर डीआईजी मुनिराज जी मौके पर पहुंचे। पुलिस 13 वर्षीय बेटी को घटना का चश्मदीद मानकर जांच कर रही है। कारोबारी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी अनिल चौधरी (30) पीतल कारोबारी हैं। उनकी फर्म में दो और पार्टनर हैं। अनिल अपनी पत्नी तन्नू चौधरी और दो बेटियों के साथ गाड़ीखाना स्थित मकान में रहते थे। अनिल के भाई सोनू ने बताया कि थाना क्षेत्र के बीच होली का मैदान निवासी आमोद के मकान में बहजोई का मोहित किराये पर रहता था। शनिवार रात एक बजे आमोद और मोहित उधारी का पैसे देने के बहाने घर पहुंचे। अनिल ने जैसे ही दरवाजा खोला आरोपियों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। अनिल की मौके पर ही मौत हो गई। आवाज सुन अनिल की 13 वर्षीय बेटी जाग गई। उसने मां को जगाया कि पापा को किसी ने चाकू से मार दिया।

# महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता मंजूर नहीं

**मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के राष्ट्रीय अधिवेशन में ऐलान**

कार्यालय संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार:** आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अधिवेशन में सुप्रीम कोर्ट के तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने के फैसले को ख्वातीन की जिंदगी और खराब करने वाला बताया गया। इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कहते हुए बोर्ड के प्रस्ताव में कहा गया कि जिस तरह हिंदुओं को हिंदू कोड लॉ के मुताबिक जिंदगी जीने का अधिकार है, उसी तरह मुसलमानों के लिए भी शरीयत एप्लीकेशन एक्ट 1937 मौजूद है। संविधान ने मजहब के मुताबिक (आर्टिकल 25) जिंदगी गुजारने का बुनियादी हक दिया है।

रविवार को मस्जिद झील पियाऊ, बहादुर शाह जफर मार्ग पर आयोजित बोर्ड के अधिवेशन में कई मुद्दों पर नाराजगी जताते हुए कहा गया कि लोकसभा चुनाव में जिस तरह का परिणाम आया था, उससे लगा कि मुसलमानों के खिलाफ नफरत कुछ कम होगी, लेकिन माब लिंचिंग जैसी घटनाएं अब भी हो रही हैं। बोर्ड इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। अधिवेशन में बोर्ड ने 9 प्रस्ताव पारित किए। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफ उल्लाह रहमानी और संचालन राष्ट्रीय महामंत्री मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दी ने किया।

कहा गया कि, वक्फ जायदाद दीनी और खैराती उद्देश्य से मुसलमानों के जरिए दिए गए हैं। मुसलमान ही इसके मुतवल्ली और सरपरस्त हैं, वही हकदार हैं। बोर्ड को कानूनी अधिकार दिए जाएं।

### उत्तराखंड के समान नागरिकता कानून को देंगे चुनौती

एक प्रस्ताव में कहा गया कि अल्पसंख्यकों को जो अधिक दिए गये हैं, उन्हें समान नागरिकता कानून खत्म कर देगा। केंद्र या राज्य सरकार को समान नागरिकता कानून की बात नहीं करनी चाहिए। ये मुसलमानों को कबूल नहीं है। उत्तराखंड सरकार के समान नागरिकता कानून के खिलाफ बोर्ड अदालत जाएगा।

# रावल अमरनाथ नंबूदरी बने बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी

**देहरादून।** बदरीनाथ धाम में रावल अमरनाथ नंबूदरी मुख्य पुजारी नियुक्त हो गए हैं। रविवार को उन्होंने विधि विधान के साथ धाम के गर्भगृह में प्रवेश किया। आदिगुरु शंकराचार्य के कालखंड से अभी तक 20 रावल धाम में पूजा-अर्चना का सेवा दायित्व निभा चुके हैं। अब 21वें रावल 30 वर्षीय नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी बदरीनाथ धाम में पूजा पाठ का दायित्व संभालेंगे। बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने स्वास्थ्य कारणों के चलते हाल ही में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। इसके बाद बदरी-केदार मंदिर समिति ने उनके स्थान पर नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी को प्रभारी रावल नियुक्त किया।

# इंटरनेट से जुड़ेंगी 16,718 ग्राम पंचायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ





- विशेष सहायता योजना के तहत शुरू हुई प्रक्रिया
- पांच एफटीटीएच व एक वाईफाई लगाएगा विभाग

**अमृत विचार :** राज्य पूंजी निवेश 2022-23 के लिए विशेष सहायता योजना अंतर्गत प्रदेश की 16,718 ग्राम पंचायत जल्द इंटरनेट से जुड़ेंगी। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग ने बीएसएनएल से 30 मई 2024 को हुए अनुबंध के तहत प्रक्रिया शुरू कर दी है। विशेष सहायता योजना में एक ग्राम पंचायत में पांच फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन दिए जाएंगे। जो पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय आदि में होंगे। इसका संबंधित विभाग शुल्क लेगा। जबकि हर ग्राम पंचायत में एक वाईफाई दिया जाएगा, जो ग्रामीण निशुल्क इस्तेमाल करेंगे। पंचायती राज विभाग के साथ गांव भी चयनित हो गए हैं। जो दूर-दराज व सीमा किनारे होने के कारण इंटरनेट सेवा से दूर हैं। प्रबंध निदेशक आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग नेहा जैन ने बताया कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन कामकाज होंगे और ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

### पहले चरण में 6,689 ग्राम पंचायत

सरकार ने यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड को नोडल नामित किया है। जिसके माध्यम से यह कार्य दो चरण में होगा। पहले चरण में मार्च 2025 तक 6,689 ग्राम पंचायत (40 प्रतिशत) में ऑप्टिकल फाइबर केबल से इंटरनेट कनेक्शन दिया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में 10,029 ग्राम पंचायत पर काम होगा। इससे ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट की जरूरत पूरी होगी और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही गांव-गांव एफटीटीएच पहुंचने पर निजी व सरकारी कनेक्शन भी दिए जाएंगे।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमला, एक जवान बलिदान, 3 घायल

**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम जिले के मोंगबुंग गांव में रविवार सुबह संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान बलिदान हो गया जबकि सीआरपीएफ का एक जवान और मणिपुर पुलिस के दो जवान घायल हो गए। सभी को जिरीबाम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतक की पहचान बिहार के अजय कुमार झा (43) के रूप में की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि काफिले का वाहन चला रहे जवान के सिर में गोली लगी थी, अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# बड़ी सफलता, तीन इनामी सहित 11 नक्सली गिरफ्तार

- हथियारों और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

जगदलपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा जिलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षा बल के जवानों को रविवार को बड़ी सफलता मिली जब जवानों ने तीन इनामी सहित 11 कुख्यात नक्सलियों को गिरफ्तार किया। साथ ही गिरफ्तार नक्सलियों के पास से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा भी बरामद किया। बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत छुटवाई के जंगल से दो इनामी माओवादी समेत सात नक्सलियों को पकड़ा है। पकड़े गए माओवादियों में मिलट्री प्लाटून नंबर 9 का सदस्य, जिस पर दो लाख का इनाम था और केएएमएस की अध्यक्ष पर एक लाख का इनाम था। सातों नक्सली लंबे समय से सक्रिय थे। सुकमा में गिरफ्तार किए गए चारों नक्सली जवानों को रेकी कर बड़े हमले के फिराक में थे। नक्सली हत्या, लूट सहित कई मामलों में वांछित थे। अभियान के दौरान ग्राम सिंगाराम पास सादे वेश-भूषा धारण किए कुछ संदिग्ध लोग पुलिस पार्टी को अपने ओर आते देखकर भागने लगे, जिनमें से घेराबंदी कर चार संदिग्ध लोगों को पकड़ा गया।

# साधुओं को पीटने में 3 आरोपी गिरफ्तार

**मेरठ।** कुछ साधुओं की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तीन आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने रविवार को बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कुछ लोग साधुओं को पीटते नजर आ रहे हैं, वह वीडियो लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के प्रह्लाद नगर इलाके का बताया जा रहा है। पुलिस ने पुनीत, मिक्की और सुधांशु को गिरफ्तार किया है, तीनों लिसाड़ी गेट क्षेत्र के निवासी हैं। और नाम सामने आए तो उन पर भी कार्रवाई होगी। एसपी ने कहा कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें लगा था कि वह साधु नहीं बल्कि बच्चा चोर हैं। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# 46 साल बाद खोला गया पुरी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार

**आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत के लिए खोला गया**

- उड़ीसा हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश समेत 11 लोगों की देखरेख में पूरी होगी प्रक्रिया

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के पुरी में स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार 46 साल बाद रविवार दोपहर को फिर से खोला गया। अधिकारियों ने बताया कि आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत करने के लिए रत्न भंडार को खोला गया है। इसके पहले 1978 में इसे खोला गया था। राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में प्रवेश किया और अनुष्ठान करने के बाद रत्न भंडार पुनः खोला गया। ओडिशा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में रत्न भंडार को पुनः खोलना एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा था।



जगन्नाथ मंदिर में रत्न भंडार खोले जाने पर जमा श्रद्धालु।

रत्न भंडार को दोपहर 1:28 बजे शुभ घड़ी में खोला गया। खोलते समय 11 लोग मौजूद थे, जिसमें उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश विश्वनाथ रथ, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, एएसआई के अधीक्षक डीबी गड़नायक और पुरी के नाममात्र राजा के एक प्रतिनिधि शामिल थे।

### संदूकों में भरकर रखे जाएंगे रत्न

पाधी ने बताया कि रत्न भंडार के बाहरी कक्ष की तीन चाबियां उपलब्ध थीं जिनमें से एक गजपति महाराज के पास, दूसरी एसजेटीए के पास और तीसरी एक सेवक के पास थी। उन्होंने बताया कि आंतरिक कक्ष की चाबी गायब है, हालांकि उसे नई चाबी से खोलने के बाद सील कर दिया जाएगा तथा जिलाधिकारी की निगरानी में नई चाबी को जिला कोषागार में रखा जाएगा। रत्न भंडार में रखे गए कीमती सामान को ले जाने के लिए लकड़ी के छह संदूक मंदिर में लाए गए हैं। सागवान की लकड़ी से बने ये संदूकें 4.5 फुट लंबी, 2.5 फुट ऊंची और 2.5 फुट चौड़ी हैं, अंदरूनी हिस्से में पीतल लगा है।

### बहुमूल्य वस्तुओं की बनेगी डिजिटल सूची

मंदिर के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी ने बताया कि तीन मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की गई हैं जिसमें से एक रत्न भंडार को फिर से खोलने से संबंधित है, दूसरा अस्थायी रत्न भंडार के प्रबंधन के लिए है और तीसरा कीमती सामान की सूची से संबंधित है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सरकार ने रत्न भंडार में मौजूद बहुमूल्य वस्तुओं की डिजिटल सूची तैयार करने का निर्णय लिया है, जिसमें उनके वजन और निर्माण आदि का विवरण दिया जाएगा।

# जरा सी बारिश में जर्जर हुईं सड़कें, वाहन पलटने का डर

**वाहन दौड़ाना तो दूर गुजरना भी मुश्किल**

कानपुर। शहर के विकास का आईना दिखाने वाली तमाम सड़कें जरा सी बारिश में बदहाल हो चुकी हैं। जगह-जगह पर गड्ढे, गड्ढों से निकल कर सड़क पर फैले गिट्टी रोड़े बदहाली का दास्तां बयां कर रहे हैं। बजरी, गड्ढों से होकर गुजरने वाले राहगीर चोट खा रहे हैं। पॉश इलाकों में शुमार वीआईपी रोड, सिविल लाइंस के इलाके भी इनसे अछूते नहीं है।



रिजर्व बैंक के सामने जर्जर सड़क। अमृत विचार



परेड चौराहे पर उधड़ी सड़क पर जमा मिट्टी के ढेर। अमृत विचार




पनचक्की चौराहे की जर्जर पड़ी सड़क। अमृत विचार

### माल रोड की राह में जगह-जगह पर रोड़े

- माडल रोड में शुमार माल रोड से प्रतिदिन बड़े बड़े अधिकारी गुजरते हैं, लेकिन बड़े-बड़े गड्ढों में समाई इस सड़क पर किसी का ध्यान नहीं जाता। माल रोड का आलम यह है कि हर 100 मीटर की दूरी पर गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं। बड़े बड़े रोड़े की चपेट में आकर दोपहिया वाहन सवार चुटहिल होते रहते हैं। आसपास के लोगों के मुताबिक रात के समय इस मार्ग पर अक्सर वाहन पलटने से हादसे होते हैं।

### काम पूरा पर मिट्टी के टीले छोड़े, उड़ती है धूल

- परेड चौराहे से बड़ा चौराहा वाली सड़क पर मेट्रो निर्माण कार्य के कारण पूरी सड़क उधड़ी पड़ी हुई है। मेट्रो का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन मिट्टी के ढेर जमा हैं। यह इलाका व्यस्ततम इलाकों में से एक होने के साथ व्यापार की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। परेड बाजार जाने वाली सड़क पर इन मिट्टी के टीलों से लोग गुजरते हैं। दिन भर उड़ती धूल से दुकानदारों का व्यापार प्रभावित है। कई बार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट भी चुके हैं।

### बड़ी कठिन डगर है पनचक्की सड़क की

- पनचक्की चौराहे से झाड़ी बाबा पड़ाव जाने वाली रोड पर जगह-जगह पर गड्ढे हैं। पनचक्की चौराहे से एलआईसी बिल्डिंग जाने वाला मार्ग भी क्षतिग्रस्त है। सड़क पर कटिंग से गिट्टियां सड़क पर बिखरी पड़ी हैं। जरा सी बारिश में गड्ढों में पानी भर जाता है। भारी ट्रैफिक लोड वाली इस सड़क से गुजरने पर लोगों को जाम का अक्सर दंश झेलना पड़ता है।

# भिखारी के भेष में कर रहा था असलहों की तस्करी

**शिकंजे में आया**

- हरबंश मोहाल पुलिस ने दबोचा असलहा तस्कर
- दो कट्टे, एक पिस्टल और कारतूस बरामद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 65 वर्षीय शातिर अपराधी को भिखारी के भेष में असलहों की तस्करी करने के मामले में हरबंश मोहाल पुलिस ने क्राइम ब्रांच की टीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार उसके विरुद्ध कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा, पिस्टल और कारतूस बरामद किए हैं।

हरबंश मोहाल इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि शनिवार को क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम के साथ बदमाश हरी शंकर शर्मा निवासी नयागंज को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि उसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में हत्या, मादक पदार्थ तस्करी व अवैध हथियार तस्करी से संबधित मुकदमे दर्ज हैं। वह भिखारी के भेष में अवैध शस्त्रों की तस्करी कर रहा था। थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने उसे गणेश मंदिर के सामने पार्क के पास एक गली से रविवार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के कब्जे से 2 तमंचे 32 बोर व एक पिस्टल 32 बोर और 2 कारतूस बरामद हुए। इंस्पेक्टर ने बताया कि शातिर पर शहर के कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनि. आदित्य बाजपेयी, सुरदीप सिंह, जगप्रताप सिंह के अलावा क्राइम ब्रांच से राहुल कुमार, मंजीत कुमार, हेड कां. शैलेन्द्र सिहं, प्रदीप कुमार आदि रहे।

# आईआईटी और एसबीआई मिलकर इंटर कॉलेजों की सूरत बदलेंगे

## 27 संस्थानों ने की सीएसआर फंड से सुविधाएं और शिक्षा का स्तर बढ़ाने की पहल

**गुड न्यूज**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में सीएसआर फंड के जरिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए 27 संस्थानों में हामी भरी है। विभाग की ओर से 19 और संस्थानों से इस संबंध में बातचीत चल रही है। ऐसे संस्थान जिन्होंने इंटर कॉलेजों में सुविधाएं और शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के काम में मदद देना सुनिश्चित किया है, उनमें आईआईटी कानपुर, बॉब और एसबीआई जैसे संस्थान शामिल है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने नए सत्र से सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) के जरिए स्कूलों को बेहतर बनाने की कवायद शुरू की है। इसके लिए आईआईटी कानपुर, बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ शहर की कई औद्योगिक इकाइयों ने हाथ बढ़ाया है।

यह संस्थाएं इंटर कॉलेजों में प्रोजेक्टर, वाई-फाई सुविधा, आधुनिक टेबल-कुर्सियां, शुद्ध पेयजल व्यवस्था के साथ भवन या कक्षों की मरम्मत के अलावा सुरक्षा के मद में सहयोग प्रदान करेंगी। सीएसआर फंड देने वाली संस्थाओं की संख्या के मुताबिक विभाग इंटर कॉलेजों का चयन कर रहा है। इसमें राजकीय इंटर कॉलेजों को प्राथमिकता पर रखा गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि विभाग का लक्ष्य सीएसआर फंड के जरिए शहर के 35 स्कूलों को बेहतर बनाने का है। लगातार प्रयास चल रहे हैं, उम्मीद है कि जल्द ही कुछ और संस्थानों के साथ विभाग का समझौता होगा।

### अलंकार योजना में चयनित 5 स्कूलों के प्रबंधकों का धन देने से इंकार

- माध्यमिक शिक्षा विभाग में स्कूलों के कायाकल्प के लिए लाई गई अलंकार योजना स्कूल प्रबंधकों की ओर से सहायोग नहीं किए जाने से फंस गई है। योजना में पांच स्कूलों का चयन हुआ था। लेकिन इनके प्रबंधकों ने नियम के तहत अपना 25 फीसदी धन नहीं दिया है। विभाग ने स्कूलों के प्रबंधकों को जल्द मरम्मत की कुल लागत का 25 फीसदी धन संयुक्त खाते में जमा करने का निर्देश जारी किया है।




### सिंहपुर जीआईसी में शुरू हुआ स्मार्ट कक्षाएं बनाने का काम

- शिक्षाधिकारियों के अनुसार सबसे पहले सिंहपुर जीआईसी में आईआईटी के सीएसआर फंड से स्मार्ट कक्षाएं बनाने की शुरुआत हुई है। इस स्कूल में बच्चों की पढ़ाई की अन्य सुविधाएं भी दिए जाने की बात कही गई है। अगले माह से शहर के अन्य स्कूलों में सुविधाएं बढ़ाने का काम शुरू होगा।

- **प्रोजेक्टर, वाई-फाई सुविधा, आधुनिक मेज-कुर्सियां, शुद्ध पेयजल व्यवस्था के साथ कक्ष मरम्मत को देंगे धन**

# खंभे से झुलसकर नीचे गिरे केस्को लाइनमैन की मौत

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में शटडाउन लेकर फाल्ट ठीक कर रहा लाइनमैन करंट से झुलसकर 20 फीट नीचे सड़क पर गिर गया था। 8 दिन बाद उपचार के बाद उसने हैलट में दम तोड़ दिया।

नवीन नगर ब्लॉक रावतपुर निवासी 36 वर्षीय उमेश कुमार सिंह केस्को में एक वर्ष से संविदा लाइनमैन के पद पर कार्यरत था। बड़े भाई अवधेश और महेश ने बताया कि वह 5 जुलाई को एक्सिस हांडा साकेत नगर में खंभे पर चढ़कर शटडाउन में फाल्ट मरम्मत कर रहा था, इसी दौरान सबस्टेशन से लाइन चालू कर दी गई। जिससे वह 11 हजार की हाईटेंशन लाइन में चिपककर बुरी तरह से झुलस गया और खंभे से नीचे सड़क पर गिर गया। परिजन उसका इलाज हैलट अस्पताल में करा रहे थे, जहां उसने रविवार को दम तोड़ दिया। मौत के बाद पत्नी कोमल अचेत हो गई। वहीं दो बच्चे लकी और लाडो गुमसुम हो गए। परिजनों ने केस्को कर्मचारियों और अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर मुआवजे की मांग की है।

# तीसरी बार राज्य कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष बने राजा भरत अवस्थी

- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के द्विवार्षिक अधिवेशन में हुआ ऐलान
- वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह यादव व मंत्री कोमल सिंह के नामों की घोषणा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का द्विवार्षिक अधिवेशन व निर्वाचन समारोह रविवार को विकास भवन सभागार में हुआ। इस दौरान राजा भरत अवस्थी को निर्विरोध तीसरी बार अध्यक्ष चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह यादव व मंत्री कोमल सिंह के नामों की घोषणा हुई।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी के प्रतिनिधि एडीएम वित्त राजेश कुमार मौजूद रहे। अति विशिष्ट अतिथि एसीएम 6 ऋतु प्रिया थीं। एडीएम वित्त राजेश कुमार ने कहा कि जिला स्तर पर कर्मचारियों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण कराया जाएगा। विभिन्न केंद्रीय व राज्य कर्मचारी नेताओं ने आठवें वेतन आयोग के गठन व पुरानी पेन्शन बहाली की मांग सरकार से दोहराई। समारोह के दौरान राज्य के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को परिषद रत्न सम्मान से भी नवाजा गया। अधिवेशन के दूसरे सत्र में जिलाधिकारी की ओर से नामित चुनाव अधिकारी एसीएम 6 ऋतु प्रिया की ओर से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश कानपुर नगर का द्विवार्षिक चुनाव कराया गया। चुनाव प्रक्रिया में अध्यक्ष पद पर राजा भरत अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह यादव, मंत्री इं,कोमल सिंह व सम्प्रेक्षक मंजूरानी कुशवाहा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गईं। समारोह की अध्यक्षता राजा भरत अवस्थी ने की। संचालन मन्त्री इं.कोमल सिंह ने किया।




एडीएम वित्त राजेश कुमार को स्मृति चिह्न देते राजा भरत अवस्थी और ऋतु प्रिया।

### इन्हें मिला परिषद रत्न सम्मान

समारोह के दौरान राजकीय वाहन चालक संघ के अब्दुल लईक खान, जय प्रकाश शुक्ल, प्राथमिक शिक्षा संघ के अमरदीप अवस्थी, आलोक यादव व डॉ.उमा शंकर यादव, आरएफसी से निशा, ग्राम पंचायत के सुशील, सुभाष व आदित्य शुक्ला सहित अन्य को परिषद रत्न सम्मान से नवाजा गया।

### दरकते मकान-जोखिम में जान...



जाजमऊ टीले पर बने मकानों में रहने वालों की जिंदगी खतरे में है। गंगा पुल के किनारे दोनों छोर पर टीले पर अवैध आवासीय बस्ती है। टीले की मिट्टी में कटान हो रहा है जिससे टीले के किनारे अधिकांश मकान जर्जर लटके हुए नजर आ रहे हैं। जिसमें लोग अपनी जान जोखिम में डाल कर रह रहे हैं। अमृत विचार

# जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर ने सात राज्यों के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रचंड जीत पर मिष्ठान वितरण किया। इसके साथ ही विगत लोकसभा चुनाव में सीसामऊ विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी को मिली सफलता के लिए कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों का आभार जताया।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, पूर्व विधायक सोहेल अख्तर अंसारी, लोकसभा प्रत्याशी रहे आलोक मिश्रा एवं नगर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने मिष्ठान वितरण करके इंडिया गठबंधन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर तय हुआ कि सीसामऊ विधानसभा उप चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताया जाएगा। संचालन रामशंकर राय ने किया। मदन मोहन शुक्ला, पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, पार्षद अमीम खां, शिब्बू अंसारी, लल्लन अवस्थी,पदम मोहन मिश्रा, पी एस बाजपेई, गुफरान अहमद चांद, मो. आमिर, राकेश साहू, फरहान लारी, रमेश कुरील, दिलीप बाजपेई, अनूप श्रीवास्तव आदि थे।



उप चुनाव में जीत पर मिठाई बांटते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

# निवेश के नाम पर 15 हजार रुपये ठगे

**कानपुर।** जूही के युवक से वाइन कंपनी में निवेश करने के नाम पर साइबर ठगों ने 15 हजार ठग लिए।

जूही डिपो निवासी आलोक ने बताया कि सोशल मीडिया पर द वाइन ग्रुप की ओर से मैसेज आया था। कंपनी की क्लस्टर रेवेन्यू मैनेजर रूपा चेट्टीआर ने 15 हजार निवेश करने पर 25 हजार देने का वादा किया। उन्होंने रुपये जमा कर दिए तो शातिरों ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद उन्हें ठगी का पता चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

**विकास की राह** — उप्र राज्य राजमार्ग प्राधिकरण ने नामित किया कंसल्टेंट, सांसद ने आगे बढ़वाई फाइल

# सिकंदरा- घाटमपुर- बिंदकी मार्ग चौड़ीकरण को सर्वे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छह माह में कंपनी तैयार करेगी फिजिबिलिटी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** भोगनीपुर-चौडगरा के बजाय अब सिकंदरा से भोगनीपुर होते हुए चौडगरा तक जाने वाले स्टेट हाईवे को फोरलेन बनाया जाएगा। पहले भोगनीपुर- घाटमपुर से चौडगरा तक इस मार्ग को फोरलेन किया जाना था। जिसमें उप्र राज्य राजमार्ग प्राधिकरण ने 1136.44 करोड़ बजट तैयार किया था। कार्यदायी संस्था का चयन होने के बाद कंपनी ने अपने हाथ पीछे खींच लिए, जिसके बाद प्रक्रिया रद हो गई थी। अकबरपुर सांसद की पहल के बाद प्रक्रिया फिर शुरू हुई है। प्राधिकरण प्रोजेक्ट की दोबारा डीपीआर तैयार करा रहा है, जिसके लिए कंसल्टेंट का चयन कर सर्वे शुरू करा दिया गया है।

झांसी और इटावा की ओर से प्रयागराज,चौडगरा की ओर से जाने वाले वाहनों को अभी फतेहपुर के रास्ते जाना होता है, जिस कारण उन्हें कई किलोमीटर की लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। सिकंदरा से भोगनीपुर होते हुए चौडगरा जाने के लिए टू लेन मार्ग है, जिस पर भारी ट्रैफिक लोड रहता है और मार्ग भी जर्जर है।

इस समस्या के समाधान के लिए 3 साल पहले भोगनीपुर से घाटमपुर होते हुए चौडगरा तक स्टेट हाईवे को फोरलेन निर्माण की योजना तैयार की गई थी। मार्ग के चौड़ीकरण से झांसी की ओर से आने वाले भारी वाहन को फतेहपुर आवागमन का रास्ता आसान हो जाता। फोरलेन निर्माण के लिए पिछले साल टेंडर प्रक्रिया भी की गई, जिसमें 7 कंपनियों ने हिस्सेदारी की थी। कार्यदायी संस्था के चयन के बाद कंपनी ने घाटे का सौदा बताते हुए कार्य करने से मना किया तो उस पर जुर्माना लगा कर करीब पांच माह पहले प्रोजेक्ट को रोक दिया गया था। अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले की पहल पर अब तय किया गया है कि इसका विस्तार सिकंदरा तक किया जाएगा। इसके साथ ही उप्र राज्य राजमार्ग प्राधिकरण ने सिंकदरा से चौडगरा तक चौड़ीकरण के लिए एक बार फिर से फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए कंसल्टेंट टीम का चयन किया है, जिसने सर्वे शुरू कर दिया है। करीब छह माह में डीपीआर तैयार होने के बाद शासन से अनुमति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी।


### 27 किमी लंबाई और बढ़ेगी, होगा भूमि अधिग्रहण

- भोगनीपुर, घाटमपुर और चौडगरा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनेगा। घाटमपुर में 4.6 किलोमीटर लंबा एक बाईपास बनाया जाएगा। भोगनीपुर से चौडगरा तक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। अब भोगनीपुर से सिकंदरा के बीच भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। पहले 82.53 किलोमीटर लंबे इस हाईवे का चौड़ीकरण होना था अब लंबाई 27 किलोमीटर और बढ़ जाएगी। भूमि अधिग्रहण पर तीन सौ करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जा चुका है।

> सिकंदरा तक मार्ग को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे में नए सिरे से फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डीपीआर तैयार होनी है, जिसके लिए कंसल्टेंट कंपनी का चयन कर लिया गया है। जल्द ही कंसल्टेंट डीपीआर तैयार करने का कार्य शुरू करेंगे। छह माह के भीतर कंपनी डीपीआर सौंपेगी।
>
> – शिव लाल यादव, जीएम तकनीकी उपसा

### पीपीपी मॉडल पर किया जाएगा निर्माण

- प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप मॉडल पर स्टेट हाईवे का चौड़ीकरण का कार्य होना है। डिजाइन विल्ड फाइनेंस आपरेट एंड ट्रांसफर मोड के तहत निर्माण एजेंसी ही पूरी धनराशि खर्च करेगी और टोल टैक्स की वसूली कर लागत और मुनाफा निकालेगी।



# जंगली जानवर की आशंका में लगाया कैमरा

**कानपुर।** आईआईटी में जंगली जानवर आने की आशंका पर कैमरा लगाया गया है। जंगली जानवर अभी तक कैमरे में नजर नहीं आया है। आईआईटी प्रशासन और वन विभाग अलर्ट हो गया है।

शनिवार में आईआईटी में तेंदुआ घुस आने की चर्चा रही, जिसको लेकर वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। वन विभाग के रेंजर कानपुर रेंज महेंद्र जैन ने बताया कि जंगली जानवर की सूचना पर आईआईटी में टीम ने मुआयना किया। वहां जो भी साक्ष्य मिले हैं वह किसी जानवर के ही हैं। निगरानी के लिए वहां कैमरा लगाया गया है लेकिन अभी तक कैमरे में कोई जंगली जानवर नजर नहीं आया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम ZUBER AHMAD से बदलकर MOHD ZUBER रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: ASHHAD ALI, R/O: H-N-98, VILL-ACHRAMAU, POST- ASTI, LUCKNOW

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, **साबिरा, पत्नी अनीस अहमद एवं पुत्री स्व0 सैय्यद शौकत अली शाह, निवासिनी– भवन संख्या 179–सी, शक्ति नगर, निकट पीरबाग मस्जिद, इन्दिरा नगर, लखनऊ–226016**, व्यवहारिक जीवन में अपना नाम साबिरा के स्थान पर साबिरा अनीस सामान्यत: प्रयुक्त करती रही हूँ। भविष्य में भी मेरा नाम "साबिरा अनीस" ही रहेगा। अत: मुझे साबिरा के स्थान पर "साबिरा अनीस" के नाम से ही जाना जाये।

**NOTICE**

We Saurabh katiyar S/o Ramkesh katiyar and Shashi gangwar W/o Saurabh katiyar address - Sector 19 A / 310 , Vrindavan yojna , Raibareli road lucknow, 226029 , wants to inform that by mistake my sons name in school records is written as PAARTHISH KATIYAR , where as the correct spelling of his name is PARTHISH KATIYAR

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र मनोज प्रताप व उसकी पत्नी सोनी सिंह के गलत आचरणों से दुखी होकर उन दोनों से सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल संपत्तियां से भी बेदखल कर दिया है अब वह दोनों अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे उन दोनों से अब हमारा कोई सरोकार नहीं होगा। **–सुरेंद्र सिंह पुत्र मुकुट सिंह, आशा देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह, हाल निवासी– नसिरापुर थाना व जिला कन्नौज**

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है। मेरा **नाम वेद प्रकाश दीक्षित** (VED PRAKASH DIXIT) **माता श्रीमती संगीता दीक्षित निवासी भीतर गांव खेरा कुर्सी कानपुर देहात** है। मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजों में माता का संगीता दीक्षित (SANGEETA DIXIT) अंकित है लेकिन माता के आधार कार्ड पर केवल संगीता दर्ज है। अत: संगीता (SANGEETA) और संगीता दीक्षित (SANGEETA DIXIT) एक ही व्यक्ति हैं।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट संख्या P 9451328 में मेरा नाम सादमा फातमा पत्नी इरशाद अंकित है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार संख्या 6911 0852 2453 में मेरे पति का नाम मोहम्मद इरशाद दर्ज है जो सही है। मेरे पति को इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।– **सादमा फातमा पत्नी मोहम्मद इरशाद, निवासी– मोहल्ला काजम खां कायमगंज, जनपद– फर्रूखाबाद पिन कोड 209502**

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है। मेरा नाम **वेद प्रकाश दीक्षित** (VED PRAKASH DIXIT) **पिता श्री नारायन कुमार दीक्षित निवासी भीतर गांव खेरा कुर्सी कानपुर देहात** है। मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजों में पिता का नाम नारायन कुमार दीक्षित अंकित है (Narayan kumar dixit) लेकिन पिता के आधार कार्ड पर केवल नारायन कुमार दर्ज है। अत: नारायन कुमार (NARAYAN KUMAR ) और नारायन कुमार दीक्षित (NARAYAN KUMAR DIXIT) एक ही व्यक्ति हैं।

## आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 36.2° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 25 | सूर्यास्त 07 : 04 |

## एक नजर

### कमजोर पड़ा मानसून ऊपर चढ़ा तापमान

**कानपुर।** मानसून कमजोर पड़ने से कानपुर मंडल में इस हफ्ते अच्छी बारिश की संभावना खत्म हो गई है। पारे का मिजाज गर्म होने से तापमान लगातार सामान्य से ऊपर चल रहा है। रविवार को चटख धूप और उमस से लोग परेशान रहे। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम अधिकारी सीबी सिंह ने बताया कि मानसून कमजोर पड़ गया है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर ही हल्की बारिश हो सकती है। रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री ज्यादा 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान 27.0 डिग्री रहा।

### पिकअप ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में गुरुवार रात बाइक सवार 25 वर्षीय अजय शर्मा निवासी लखनापुर उन्नाव को पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस और परिजनों को सूचना देकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां रविवार को उसने दम तोड़ दिया।

### युवक ने दी जान

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में मैनावती मार्ग पर सैलून चलाने वाले 40 वर्षीय अनिल कुमार उर्फ बबलू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कन्नौज निवासी बहन किरन ने बताया कि अनिल नशे का लती था जिसके चलते वह अक्सर बीमार रहता था। पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की।

### डॉ. सलिला सिंह को मिला सम्मान

**कानपुर।** डीबीएस कॉलेज में बीएड विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सलिला सिंह को शिक्षा रत्न 2024 से नवाजा गया। सहारनपुर में यह सम्मान उन्हें ग्लोबल विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा सम्मेलन 2024 में दिया गया। यह सम्मान उन्हें मुख्य अतिथि योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण, विशेष सचिव अखिलेश कुमार मिश्रा आदि ने दिया।

# हमसफर के एसी कोच में मिलीं शराब की बोतलें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो बैगों में 47 बोतल और 20 पौव्वे किए बरामद

**अमृत विचार।** नई दिल्ली से दरभंगा जा रही 02570 हमसफर एक्सप्रेस के एसी-थ्री कोच में दो लावारिस ट्राली बैग मिले। जीआरपी ने जब बैग खोलकर देखे तो उसमें 47 बोतल और 20 पौव्वा शराब मिली। किसी यात्री से यह जानकारी नहीं मिली कि बैग किसका है। बताया जा रहा है कि शराब बिहार ले जाई जा रही थी। एक दिन पहले भी लावारिस बैग में 40 बियर की केन मिली थीं।

नई दिल्ली से रवाना हुई हमसफर एक्सप्रेस में जीआरपी एस्कॉर्ट के दरोगा खालिद खान, राजेंद्र कनौजिया चेकिंग कर रहे थे। सेंट्रल स्टेशन पर जब चेकिंग पूरी कर दोनों ट्रेन से उतरने वाले थे, तभी बी-6 में दो लावारिस ट्राली बैग रास्ते में रखे मिले। दरोगा खालिद ने जब यात्रियों से बैग के बारे में पूछा तो किसी ने बैग के बारे में जानकारी नहीं दी। इस पर दोनों बैग जीआरपी थाने ले जाए गए। जहां खुलवाने पर पता चला कि दोनों बैग में शराब की बोतलें हैं। दरोगा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हरियाणा से शराब को तस्करी करके बिहार ले जाया जा रहा था। एक दिन पहले सेंट्रल स्टेशन पर मिले लावारिस बैग से 40 केन बियर बरामद की गई थी। शराब और बियर की तस्करी को लेकर आरपीएफ और जीआरपी सतर्क हो गई है। बिहार जाने वाली ट्रेनों में जांच की जा रही है।

# सीसामऊ प्रत्याशी पर जल्दबाजी में हैं जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसामऊ उपचुनाव से पहले सपा नेताओं में जुबानी जंग, जिलाध्यक्ष पर विधायक अमिताभ भड़के
- अल्पसंख्यकों का वोट कम क्यों मिला, इस पर ध्यान दें विधायक: फजल महमूद
- सीसामऊ से नसीम सोलंकी का नाम आगे आने पर मचा है घमासान


फजल महमूद


अमिताभ बाजपेई

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक इरफान सोलंकी की सदस्यता समाप्त हो गई है। ऐसे में इस सीट पर उप चुनाव प्रस्तावित है। सीसामऊ विधानसभा सीट के संबंध में समाजवादी पार्टी के संगठन व विधायकों के बीच तकरार बढ़ गई है। संगठन के जिलाध्यक्ष जहां विधायकों पर बैठकों में शामिल न होने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं, विधायकों का कहना है कि पार्टी के सभी आदेशों को माना जाता है। सीसामऊ के प्रत्याशी को लेकर जिलाध्यक्ष जरा जल्दबाजी में हैं।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाजी फजल का कहना है कि संगठन के पदाधिकारियों ने प्रस्ताव पास किया था। बैठक में दोनों विधायक अमिताभ बाजपेई और हसन रूमी नहीं आए थे और वह आरोप लगाते हैं कि उनको बुलाया नहीं जाता है।

फजल ने कहाकि जो नाम सीसामऊ सीट से घोषित किया गया है वो राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश पर किया गया है। जो राष्ट्रीय अध्यक्ष का आदेश होता है उनका पालन संगठन के सभी पदाधिकारियों द्वारा किया जाता है। विधायकों को अपनी-अपनी विधानसभा को मजबूत करना चाहिए। अल्पसंख्यकों का वोट कम क्यों मिला, इस पर दोनों विधायकों को ध्यान देना चाहिए। सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के चार-चार वार्ड दोनों विधायकों को दिए जाएंगे। फजल महमूद से उनका कुछ मामला हो सकता है, लेकिन पार्टी से नहीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष का आदेश वो भी मानते है और संगठन भी। जब राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनको बता दिया कि नसीम सोलंकी सीसामऊ सीट से प्रत्याशी हैं तब उनको समझ आ गया है। संगठन से ही पहले महापौर प्रत्याशी वंदना बाजपेई का भी नाम गया था। नसीम सोलंकी का भी नाम संगठन से गया, जिसपर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मोहर लगा दी है। लगभग नसीम का नाम घोषित हो गया है।

### पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास: बाजपेई

इस संबंध में आर्य नगर से सपा विधायक अमिताभ बाजपेई का कहना है कि राष्ट्रीय कार्यालय या प्रदेश कार्यालय से जो भी आदेश आते हैं, उनका बखूबी पालन किया जाता है। जिले स्तर की होने वाली बैठकों में जिलाध्यक्ष का फोन आता है तो बैठकों में हर बार शामिल होते हैं। लेकिन संगठन की रूटीन बैठकों में पहुंचना विधायक के लिए हर बार संभव नहीं हो पाता है। जिलाध्यक्ष ने जो पदाधिकारी बनाए हैं वो चाहे उपाध्यक्ष हों या कोषाध्यक्ष या अन्य वो खुद सभी बैठकों में नहीं पहुंचते हैं। कई पार्षद भी बैठकों से गायब रहते हैं। ऐसे में सिर्फ विधायकों पर आरोप लगाने का मतलब पार्टी की छवि को धूमिल करना है। जिलाध्यक्ष को सीसामऊ विधानसभा से प्रत्याशी का नाम घोषित करने की भी बड़ी जल्दबाजी है। जबकि अभी तक इस सीट पर उपचुनाव की घोषणा चुनाव आयोग द्वारा नहीं की गई है। पार्टी जिनको भी प्रत्याशी घोषित करेगी उसका पूरा समर्थन किया जाएगा। पार्टी से मिलीं जिम्मेदारी का पालन मेहनत व लगन से किया जाएगा। रही बात नाम तय करने की तो इरफान सोलंकी व उनके परिवार के साथ मिलकर नाम तय किया जाना है, लेकिन जिलाध्यक्ष जल्दबाजी में हैं।



जाजमऊ की नाज टेनरी में दूसरी मंजिल पर चढ़कर आग बुझाते दमकलकर्मी। इस दौरान टेनरी की इमारत में चारों ओर से धुआं उठता रहा। अमृत विचार

# जाजमऊ की टेनरी में भीषण आग, करोड़ों का नुकसान

## प्लास्टर गिरने से एक कर्मी चुटहिल, शार्ट सर्किट से हुआ हादसा

| | |
|---|---|
| 02 | बजे शनिवार रात लगी थी आग |
| 10 | दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं |
| 10 | घंटे में आग बुझाई जा सकी |
| 02 | करोड़ से ज्यादा का नुकसान |

कार्यालय संवाददाता, कनपुर

**अमृत विचार।** शनिवार देर रात करीब 2 बजे जाजमऊ थानाक्षेत्र में शार्ट सर्किट से एक चमड़ा टेनरी में भीषण आग लग गई। इससे आसपास रहने वाले लोगों में अफरा-तफरी मच गई। दमकल की 10 गाड़ियों ने करीब 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान एक दमकल कर्मी के ऊपर प्लास्टर गिर गया जिससे वह मामूली रूप से चुटहिल हो गया। रविवार सुबह भी धुआं निकलने के कारण एहतियातन दो दमकल गाड़ियां पानी डालती रहीं। आग से दो करोड़ रुपये से ज्यादा के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

### घर छोड़कर भागे आसपास के लोग

रात दो बजे टेनरी में धधकी आग से आसपास रहने वाले लोगों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग सड़क पर आ गए थे। पुलिस ने लोगों को टेनरी के पास से दूर किया। इस दौरान सुबह तक अफरातफरी मची रही। आग बुझने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

डिफेंस कॉलोनी निवासी जावेद इकबाल की 150 फीट रोड हड्डी मिल के पास नाज टेनरी है। थाना प्रभारी जाजमऊ अजय प्रकाश ने बताया कि देर रात टेनरी के अपर सेक्शन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी।

टेनरी के मजदूरों ने पहले आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग बढ़ता देख टेनरी मालिक और दमकल समेत पुलिस को सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने मीरपुर, जाजमऊ समेत अन्य फायर स्टेशनों से 10 दमकल की गाड़ियां भेजीं। दमकल कर्मियों ने करीब 10 घंटे की मशक्कत कर आग पर पूरी तरह से काबू पाया। आग बुझाने के दौरान दमकल कर्मी सलमान अली के हाथ पर छत का प्लास्टर गिर गया। जाजमऊ फायर स्टेशन के अग्निशमन अधिकारी राहुल नंदन ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। आग से टेनरी में रखा सारा माल व चमड़ा जलकर खाक हो गया है।

# 14 सबस्टेशनों से बिजली गुल परेशान हुए लोग

**कानपुर।** शहर में रविवार को बिजली न आने की वजह से 14 सबस्टेशनों के करीब चार लाख उपभोक्ता परेशान रहे हैं। फाल्ट के साथ ही शटडाउन की वजह से बिजली बाधित रही। मुस्लिम बहुल इलाकों में मोहर्रम के जुलूस की वजह से बिजली नहीं रही। गोविंद नगर में श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा की वजह से शाम साढ़े तीन घंटे बिजली बंद रही।

कल्याणपुर से सत्यम विहार की बिजली भूमिगत केबिल में फॉल्ट होने से शनिवार शाम से देर रात दो बजे तक बाधित रही। दादानगर कॉलोनी में शाम को चार घंटे बिजली नहीं आई। गोविंदनगर के रघुनाथ मंदिर के पास जगन्नाथ यात्रा के कारण शाम साढ़े पांच से रात नौ बजे तक बिजली गुल रही।

शास्त्री नगर की बिजली एलटी लाइन टूटने से साढ़े तीन बजे तक बंद रही। नौबस्ता के हनुमंत विहार की बिजली लाइन पर पेड़ गिरने से बंद रही। हंसपुरम मंडी परिषद से द्विवेदी नगर की बिजली सुबह सवा 10 बजे से शाम तक नहीं रही। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक कार्य पूरा होने, जूलूस व यात्रा निकलने के बाद आपूर्ति बहाल की गई।

# बनेगा सीबीसीआईडी जोनल कार्यालय का नया भवन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 8000 वर्गगज में नया कार्यालय बनाने के लिए प्रशासन से मांगी गई जमीन
- बगदौधी या बिठूर में किसी एक स्थान पर नए भवन के निर्माण की संभावना

**अमृत विचार।** कानपुर में सीबीसीआईडी जोनल कार्यालय का नया भवन बनेगा। वर्तमान में ग्वालटोली स्थित जोनल कार्यालय से नौ जिलों की मॉनिटरिंग होती है। किराए के जर्जर भवन में यह कार्यालय खस्ताहाल में है। शासन से करीब 8000 वर्गगज क्षेत्रफल भूमि पर नए भवन के निर्माण की मंजूरी मिलने के बाद प्रशासन को पत्र भेजकर जमीन मांगी गई है। माना जा रहा है कि बगदौधी या बिठूर में किसी एक स्थान पर नए जोनल कार्यालय के लिए भूमि उपलब्ध कराई जा सकती है।

सीबीसीआईडी जोनल कार्यालय का नया भवन बनाने के लिए विभाग ने प्रशासन को पत्र देकर जमीन मांगी है। जोनल कार्यालय के नए भवन के लिए करीब आठ हजार वर्गगज जमीन की जरूरत है। प्रशासन ने कार्यालय के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि बगदौधी या बिठूर में कार्यालय भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराई जा सकती है। सीबीसीआईडी अधिकारियों ने बताया कि जमीन मिलते ही कार्यालय का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। एसडीएम सदर प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि सीबीसीआईडी विभाग की ओर से जमीन के संबंध में पत्र आया है। भवन के लिए आठ हजार वर्गगज जमीन की जरूरत बताई गई है। तहसीलदार व लेखपालों को जमीन की तलाश करने के लिए कहा गया है। बगदौधी या बिठूर में जमीन उपलब्ध कराई जा सकती है, लेकिन अभी निर्णय नहीं लिया गया है।

### किराए के जर्जर भवन में चल रहा कार्यालय

- वर्तमान में ग्वालटोली में किराए के जर्जर भवन में सीबीसीआईडी का कार्यालय है। अफसरों के अनुसार इसे खाली करने का मुकदमा चल रहा था। विभाग मुकदमा हार गया है। अब कार्यालय शिफ्ट किया जाना है। नए जोनल कार्यालय के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए शासन को पत्र लिखा गया था। शासन की मंजूरी के बाद आगे की कार्यवाही की जा रही है। प्रशासन से आठ हजार वर्गगज जमीन के संबंध में पत्र लिखा गया है।

# छावनी में कारोबारी के कीमती बंगले पर कब्जे का प्रयास, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घर में घुसकर तोड़फोड़, नकदी और जेवर लूटने का आरोप
- पीड़ित ने दर्ज कराई आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार।** छावनी थानाक्षेत्र में सेफ्टी शूज कारोबारी ने उनके बंद पड़े कीमती बंगले का ताला तोड़कर मकान में तोड़फोड़ और नकदी समेत जेवरात लूटकर भागने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ छावनी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

चकेरी के लालबगंला निवासी जियाउल हक सेफ्टी शूज कारोबारी हैं। उनके अनुसार वह छावनी के बंगला नम्बर 23 में पिछले कई वर्षों से रह रहे थे। डेढ़ वर्ष पहले मां की मौत के बाद वह लालबंगला में रहने लगे। वह कभी-कभी अपने छावनी स्थित बंगले में साफ सफाई करवाने के लिए आते-जाते रहते हैं। बताया कि यह बंगला मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस की प्रापर्टी है और कई वर्ष पहले उनके समेत तीन लोगों को पट्टा हुआ था।

जिसमें हर गोपाल जायसवाल ने फर्जी तरीके से अपने हिस्से को डॉ. निर्मल खेड़िया को सितंबर 2005 को बेच दिया था। इसके वाद से आरोपी डॉ. खेड़िया लगातार उनके 3000 वर्ग गज के हिस्से पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। जिआउल हक ने बताया कि सात जुलाई की शाम को उनके माली की पत्नी छावनी निवासी मंजू ने उन्हें फोन कर बंगले का ताला तोड़कर तोड़फोड़ करने की जानकारी दी। जिस पर वे बंगले गए तो सब कुछ टूटा फूटा पड़ा था। साथ ही अलमारी में रखे 1.20 लाख रुपये समेत करीब सात लाख की कीमत के सोने के जेवरात गायब मिले। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक छावनी कमलेश राय ने बताया कि डॉ. निर्मल खेड़िया सहित चार-पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# जिस दिन कदम रखेंगे चार हत्याएं होंगी...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 32 सेकेंड का ऑडियो वायरल पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** जिस दिन कदम रखेंगे, लाल बंगले में चार हत्याएं होंगी। रविवार को यह कहते हुए एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। ऑडियो क्लिप लाल बंगला में एक गांजा तस्कर के भाई का बताया जा रहा है।

ऑडियो एक मिनट 32 सेकेंड का है। जिसमें एक युवक बात करते हुए गालीगलौज कर रहा है। साथ ही बोल रहा है कि जिस दिन कदम रखेंगे, उस दिन लाल बंगले में चार हत्याएं होंगी। आरोपी भाजपा नेता, हिस्ट्रीशीटर समेत दो अन्य लोगों की हत्या कर देने की बात कह रहा है। साथ ही आरोपी गांजा तस्कर के जेल से छूटकर आने की बात भी बोल रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी गांजा तस्कर का भाई ऑडियो में बोल रहा है कि 400 चप्पले मारूंगा ठाकुर हूं....। अंत में पहले व्यक्ति ने कहा कि भाई पैर छू रहा हूं पैसों की बहुत जरूरत है। इस पर दूसरे व्यक्ति ने कहा कि रुको अभी एक घंटे में फोन करता हूं और फोन कट जाता है। वायरल ऑडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। चकेरी प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

# झूलेलाल मंदिर के पट कल से 40 दिन के लिए बंद

- रामबाग मंदिर में दोपहर 2 बजे बंद होंगे पट, झूलेलाल मंदिर गुजैनी में तैयारियां, 24 अगस्त को निकलेगी झांकी

## चालिहा महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** चालिहा महोत्सव मंगलवार से शुरू हो जाएगा। इसके लिये झूलेलाल मंदिरों के पट 40 दिनों के लिए बंद हो जाएंगे। हर रोज पूजा अर्चना और विधि-विधान के साथ बहराणे साहब का विसर्जन किया जाएगा। रामबाग स्थित झूलेलाल मंदिर के पट मंगलवार को दोपहर 2 बजे पूजा अर्चना के साथ बंद कर दिए जाएंगे और रात में बहराणा साहब को गंगा में विसर्जित कर दिया जाएगा। झूलेलाल मंदिर गुजैनी में भी महोत्सव की तैयारियां चल रही हैं। पूज्य सिंधी पंचायत समिति गुजैनी के मीडिया इंचार्ज प्रकाश पंजवानी ने बताया मंदिर में सुबह 10 बजे पूजा अर्चना के बाद पट बंद हो जाएंगे। बहराणा साहब आटा और मेवे से बनाये जाते हैं और समाधा आश्रम मर्दनपुर, पांडु नदी में उनका विसर्जन प्रतिदिन होगा। प्रतिदिन सुबह 9 बजे एवं सायं 7 बजे आरती होगी।

### 24 अगस्त को झांकियां शोभा यात्रा

गुजैनी के श्री झूलेलाल मंदिर से 24 अगस्त को आकर्षक झांकियों के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो बर्रा 4 पुलिया से मुड़कर, जैना पैलेस, रतनलाल नगर, दबौली मेन रोड होते हुए रात में गुजैनी में आकर समाप्त होगी। जिनकी मन्नत पूरी हो गई होती है, वह चालिहा महोत्सव पर 40 दिनों तक व्रत रखते हैं और रात में बहराणे साहब के विर्सजन के बाद ही व्रत तोड़ते हैं।

**व्यवस्था** ट्रैफिक पुलिस शहर को 6 जोन में करेगी विभाजित, पंजीकरण न कराने पर नहीं चलेंगे रिक्शा

# थानों में कराना होगा ई-रिक्शा का पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** ई-रिक्शों की अराजकता खत्म करने के लिए जोनवार ई-रिक्शा संचालन होगा। ई-रिक्शा चलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस शहर को 6 जोन में बांटने की योजना तैयार कर अगले 10 दिनों में पंजीकरण अभियान चलाएगी। ई-रिक्शों का पंजीकरण जोनवार चिन्हित किए गए थानों में किया जाएगा।

मथुरा में जोनवार तरीके से हो रहे ई-रिक्शा संचालन की तर्ज पर शहर में भी ई-रिक्शों का संचालन की योजना तैयार की गई है। ई-रिक्शों के पंजीकरण के लिए प्राइवेट कंपनी का चयन किया गया है। आरटीओ से जारी डाटा के अनुसार शहर में करीब 40 हजार ई-रिक्शा रजिस्टर्ड हैं, जबकि इनकी तीन गुनी संख्या में शहर में ई-रिक्शा धमाचौकड़ी मचा रहे हैं। जीटी रोड, फूलबाग से कंपनीबाग चौराहा, घंटाघर, रामादेवी, टाटमिल व हाईवे पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद इन मार्गों पर ई-रिक्शों का संचालन किया जा रहा है। जिससे जाम लगता है। अराजकता पर लगाम लगाने के लिए शहर में 10 दिनों के भीतर ई-रिक्शों का पंजीकरण कराया जाएगा, जो कि जोनवार थानों में होगा। ई-रिक्शा चालक को वाहन के सभी कागजात व चालक का ब्योरा थाने में जमा करना होगा। जिसके बाद चालक को यह जानकारी देनी होगी कि ई-रिक्शे का संचालन किस रूट में किया जाना है। इसके बाद चालक को बार कोड जनरेट किया जाएगा, जिसमें संपूर्ण जानकारी होगी।

### निर्धारित समय पर रजिस्ट्रेशन जरूरी

एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह ने बताया कि ई-रिक्शों का संचालन के लिए निर्धारित समय पर ही रजिस्ट्रेशन कराना होगा। जिन ई-रिक्शों के रजिस्ट्रेशन निर्धारित समय पर नही कराए गए, उनका बार कोड जारी नहीं हो सकेगा। बार कोड जारी किए गए ई-रिक्शों पर कलर कोडिंग कराई जाएगी। कलर कोडिंग के बाद ही निर्धारित रूटों पर ई-रिक्शा संचालन किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन नहीं कराया तो ईरिक्शा नहीं चलने दिया जाएगा।

> ई-रिक्शा पंजीकरण व बार कोड जनरेट करने के लिए प्राइवेट कंपनी चयनित की गई है। साथ ही शहर को 6 जोन में विभाजित करने की तैयारी की जा रही है। 10 दिनों में जोनवार थानों में ई-रिक्शा का पंजीकरण शुरू कराया जाएगा। जिसके बाद बार कोड जारी किया जाएगा।
>
> -सृष्टि सिंह, एसीपी ट्रैफिक

# पत्नी ने मायके वालों के साथ मिलकर पीटा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर में एक युवक ने अपनी पत्नी पर आरोप लगाया कि घरेलू विवाद में पत्नी ने अपने मायके पक्ष के लोगों को बुलाकर उनके परिवार को पीटा। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

श्याम नगर निवासी शिशिर साहू के अनुसार शनिवार को उनका पत्नी ज्योति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद ज्योति ने फोन कर अपनी मां किरन और भाई दीपक को बुला लिया। इसके बाद आरोपियों ने शिशिर समेत उनके माता पिता को पीट दिया। साथ ही फर्जी मुकदमे में फंसा देने की धमकी भी दी और भाग गए। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच और कार्रवाई की जा रही है।

# चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


शनिवार देर रात कार्रवाई की मांग पर कर्नलगंज थाने में डटे थे बजरंगदल कार्यकर्ता।

- बजरंग दल कार्यकर्ता से मारपीट का आरोप लगा था

**अमृत विचार।** शनिवार देर रात चुन्नीगंज बस अड्डे के पास चाय की दुकान पर भीड़ देखकर चौकी इंचार्ज बस अड्डा नितिन पुनिया ने चाय दुकानदार बजरंगदल कार्यकर्ता और उसके साथी को पीट दिया था। जिससे गुस्साए बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव करते हुए कार्रवाई की मांग की। एसीपी कर्नलगंज की जांच रिपोर्ट पर डीसीपी सेंट्रल ने चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया।

चुन्नीगंज बस अड्डे के पास प्रिंस सोनकर की चाय की दुकान है, वह बजरंग दल कार्यकर्ता भी है। शनिवार देर रात चौकी इंचार्ज नितिन पुनिया और सिपाही संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

इस दौरान प्रिंस की दुकान पर भीड़ देखकर उन्होंने विरोध किया और दुकान बंद करने को कहा। इस पर प्रिंस और उसके साथी मयंक व गुड्डन ने इसका विरोध किया। आरोप है कि इस पर चौकी इंचार्ज नितिन पुनिया भड़क गए और प्रिंस को पीटकर थाने ले गए। कार्यकर्ता के पीटे जाने की सूचना पर महानगर प्रमुख कृष्णा तिवारी के साथ नवीन सिंह, अंकित मौर्या, हर्षित श्रीवास्तव, सोनू और नवाब समेत दर्जनों कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और कार्रवाई की मांग को लेकर देर रात तक हंगामा काटा। डीसीपी सेंट्रल ने मामले की जांच एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार को सौंपी थी। उनकी रिपोर्ट पर कार्रवाई की गई।

# बिजली-बिल में गड़बड़ी पर हर्जाना भरेगी केस्को

## सबस्टेशनों में गठित होगा कन्ज्यूमर ग्रीवांस एंड रिड्रेसल फोरम, उपभोक्ता ले सकेंगे मुआवजे की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अगर बिजली उपभोक्ता किसी सेवा या उपकरण के लिए कीमत चुकाते हैं और उन्हें तय समय पर सेवा नहीं मिलती तो मुआवजे के हकदार हैं। इसके साथ ही विद्युत समस्या दूर न होने पर भी उपभोक्ता बिजली कंपनियों से मुआवजा ले सकते हैं। प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के निर्देश पर पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने प्रदेश में बीते वर्ष मुआवजा संबंधी कानून लागू किया है। इस कानून की नियम-शर्तों से उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए केस्को के सभी सबस्टेशनों में कन्ज्यूमर ग्रीवांस एंड रिड्रेसल फोरम (सीजीआरएफ) का गठन किया जाएगा। यहां जानकारी लेने के साथ ही उपभोक्ता मुआवजे का दावा कर सकेंगे।

विद्युत मुआवजा संबंधी कानून के मुताबिक अगर घर की बिजली घंटों गायब रहती है और तय समय में नहीं आती है, तो उपभोक्ता मुआवजा ले सकते हैं। मुआवजा तभी मिलेगा जब उपभोक्ता विद्युत समस्या के लिए कस्टमर केयर सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज कराएगा। समय से समस्या दूर नहीं होने पर उपभोक्ता को टोल फ्री नंबर के जरिए मुआवजे की मांग भी करनी होगी। इसके लिए केस्को में सर्किल लेवल पर कन्ज्यूमर ग्रीवांस एंड रिड्रेसल फोरम (सीजीआरएफ) गठित की गई है। इसमें उपभोक्ता व प्रशासनिक अधिकारी शामिल किए गए हैं। बीते सप्ताह जनसुनवाई में शामिल होने आए उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष ने इसकी जानकारी दी थी। इसी के बाद केस्को ने सभी सबस्टेशनों में सीजीआरएफ के गठन की तैयारी शुरू कर दी है। इससे उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग से मिलने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी मिल सकेगी। सुविधा न मिलने पर कब और कितना मुआवजा मिलेगा, इसका भी जानकारी मिलेगी।

| उपभोक्ता की समस्याएं | मुआवजा (प्रतिदिन रुपये) |
|---|---|
| अंडरग्राउंड केबिल ब्रेकडाउन | 100 |
| निर्माण के चलते वोल्टेज समस्या | 250 |
| नए कनेक्शन में देरी होने पर | 50 |
| मीटर रीडिंग के मामले में | 200 |
| डिफेक्टिव मीटर | 50 |
| बिलिंग शिकायत व भार में कमी | 50 |
| श्रेणी परिवर्तन | 50 |
| ट्रांसफार्मर फेल होने पर | 150 |
| अस्थायी कनेक्शन में देरी | 100 |
| कॉल सेंटर से उत्तर न मिलने पर | 50 |

- विद्युत नियामक आयोग के निर्देश पर पावर कॉरपोरेशन ने प्रदेश में लागू किया है मुआवजा संबंधी कानून

### 1912 पर मुआवजे की मांग करने पर मिलेगा शिकायती नंबर

उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (प्रदर्शन का मानक) विनियमावली-2019 का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आनलाइन प्रणाली विकसित की गई है। बिजली कंपनी के कस्टमर केयर सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 पर मुआवजे की मांग करने पर उपभोक्ता को अलग से शिकायत नंबर मिलेगा। इसके साथ ही मुआवजा प्रक्रिया स्वत: आनलाइन शुरू हो जाएगी। उपभोक्ता को विद्युत बिल के माध्यम से मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

### केस्को की वेबसाइट पर शिकायत का फार्मेट

केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक सीजीआरएफ में शिकायत करने का फार्मेट केस्को की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। जल्द ही केस्को सभी खंड व सबस्टेशन लेवल पर सीजीआरएफ बनाएगा। उन्होंने बताया कि केस्को अधिकारी सीजीआरएफ का प्रचार-प्रसार भी करेंगे, ताकि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों की जानकारी हो सके। अफसरों को पहले से ही उपभोक्ताओंके हित में कार्य करने के निर्देश हैं। नई व्यवस्था से उन्हें और जागरूक होना पड़ेगा।

शहर में बिजली व्यवस्था की हालत काफी खराब है, जब केस्को उपभोक्ताओं को तय समय में बिजली नहीं दे पाएगा तो कंपनी को मुआवजा देना पड़ेगा। मुआवजा देने से बचने के लिए केस्को की बिजली व्यवस्था में सुधार आ सकता है।




– शिव कुमार गुप्ता

अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि अभी बिजली संबंधित किसी उपकरण में कोई फॉल्ट होता है तो बिजली जाने पर लोग खुद केस्को में कॉल कर सूचना देते है। लेकिन मुआवजे की प्रक्रिया शुरू होने पर फॉल्ट होंगे तो कर्मी उसे जल्द से जल्द बनाने पर ध्यान देंगे।



– अभिषेक अग्रवाल

अभी बिजली जाने पर केस्को के हेल्प लाइन नंबरों पर कॉल करो तो नंबर नहीं मिलता है, मिलता है तो कर्मियों द्वारा बताए गए समय पर बिजली नहीं आती है। मुआवजा का प्रवधान शुरू होगा तो ऐसा करने से अधिकारी भी बचेंगे।



– बलराम नरूला

अभी मीटर, व वोल्टेज और बिल संबंधित समस्या होने पर केस्को मुख्यालय से लेकर सबस्टेशनों तक के चक्कर काटने पड़ते हैं। लेकिन कानून के तहत जब मुआवजा देना पड़ेगा तो उपभोक्ताओं को परेशानी कम होगी। अफसर भी ठीक से काम करेंगे।



-शुभम भरतिया

# लंदन के डॉक्टर से दोस्ती कर ठगी गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शास्त्री नगर की युवती साइबर फ्राड की शिकार
- कस्टमर ऑफिसर बनकर किसी ने फोन करके डराया

**अमृत विचार।** एक युवती से साइबर फ्रॉड ने लंदन में बैठकर मैसेंजर के माध्यम से दोस्ती की फिर भारत आने की इच्छा जाहिर की। इसके बाद एक महिला कस्टमर ऑफिसर ने फोन करके डॉक्टर को 100 पाउंड के साथ पकड़े जाने की बात कही। डॉक्टर के छोड़ने के एवज में जुर्माना मांगा। जिस पर युवती ने गूगल पे कर दिया। पीड़ित की ठगी का एहसास हुआ तो थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शास्त्री नगर में काली मठिया के पास रहने वाली नेहा श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों पहले से उसकी बात फाबियन रिचर्ड नाम के व्यक्ति से मैसेंजर के माध्यम से हो रही थी। वह स्वयं को लंदन का निवासी और रॉयल लंदन हॉस्पिटल में जनरल सर्जन बता रहा था। अपनी फेसबुक प्रोफाइल में भी उसने सारा विवरण दे रखा था। नेहा के अनुसार उसने उनसे कहा कि वह भारत आना चाहता है। पांच अप्रैल 2024 को करीब 11 बजे उसके पास एक छाया नाम की महिला का फोन आया जो कि खुद को कस्टमर ऑफिसर बता रही थी। उसने उससे कहा कि ये जो डॉक्टर फाबियन रिचर्ड आए हैं ये लगभग 100 पाउंड लेकर आए हैं। भारतीय करेंसी के हिसाब से इतना अमाउंट लाने की इजाजत नहीं है। महिला कस्टमर ऑफिसर ने उनसे फोन पर कहा कि डॉक्टर को जेल में डाल दूंगी। डॉक्टर को जेल से बचाने के लिए उन्हें इसका जुर्माना भरना होगा। जुर्माने की राशि 39,100 रुपये है, जिसे देने पर डॉक्टर को छोड़ दिया जाएगा। नेहा के अनुसार उसने अपने गूगल पे के माध्यम से एक बार में 15,000 हजार रुपये और उसके बाद 16,000 और उसके बाद 8,100 रुपये बताई गई जगह पर ट्रांसफर कर दिया। रुपये ट्रांसफर होते ही महिला कस्टमर ऑफिसर ने फोन काटकर बंद कर दिया। इस संबंध में काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के साथ फ्रॉड हुआ है।

# चौराहे पर मिला बुजुर्ग का शव

**कानपुर।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में रविवार को बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को मोर्चुरी में भिजवाया। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को बसंत विहार चौराहे के पास शव पड़ा मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। थाना प्रभारी ने बताया कि बुजुर्ग की उम्र लगभग 65 साल प्रतीत हो रही है। शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं हैं।

# मंदिर के रास्ते पर कब्जे का प्रयास

**कानपुर।** सर्वोदय नगर में रविवार रात 100 वर्ष पुराने मंदिर को जाने वाले रास्ते को बंद कर इलाके के दबंगों ने कब्जा करने का प्रयास किया। आसपास लोगों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने घर पर धावा बोल दिया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

एमपी मिल का हाता सर्वोदय नगर निवासी आकाश, चंदा देवी, सुरेंद्र प्रताप सिंह, अमरनाथ, राधेश्याम, ज्योति सिंह, रामदुलारी, संदीप शर्मा समेत दर्जनों लोगों ने हस्ताक्षर कर दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि सर्वोदय नगर में 100 वर्ष पुराने मंदिर के आने-जाने वाले रास्ते में कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। मंदिर सार्वजनिक है, लेकिन इन लोगों ने रास्ते को संकरा कर दिया है। मन्दिर के नाम पर पास के हॉस्पिटल के भर्ती मरीजों के परिजनों से बैठने व खाना खाने का का शुल्क लिया जाता है। आए दिन लोगों को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी जाती है। आरोप है कि मंदिर के निकलने के रास्ते में कब्जा करने के कारण विरोध किया तो दबंगों ने घर में घुसकर 20-25 लोगों के साथ गाली गलौज और धमकी दी। काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया का कहना है कि जांच की जा रही है।

# सहकारी समिति की संपत्तियों से हेरफेर में सचिव पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कनवार सहकारी आवास समिति का मामला
- विजिलेंस इंस्पेक्टर कर रहे थे जांच

**अमृत विचार।** कनवार सहकारी आवास समिति लिमिटेड में सचिव पद पर रहे उदयवीर सिंह पर कानपुर नगर के कई क्षेत्रों में 2.93114 वर्गगज भूमि जिलाधिकारी के सर्किल रेट के विपरीत खरीद बेच करने का आरोप है। मामले में उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान कानपुर के इंस्पेक्टर ने जांच के बाद प्रमाणित पाए जाने पर नवाबगंज थाने में उदयवीर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कनवार सहकारी आवास समिति लिमिटेड में सचिव पद पर रहे उदयवीर सिंह के खिलाफ नरायणपुरवा जूही निवासी सुशील कुमार के शिकायत की थी। इस पर विजिलेंस के अफसरों ने जांच के आदेश दिए थे। इसकी जांच विजिलेंस के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने की। जांच में उन पर समिति के सचिव पद पर रहते हुए मौजा बैरी अकबरपुर कानपुर व ख्यौरा कछार, विनायकपुर कछार और कानपुर नगर में लगभग 2.93114 वर्गगज भूमि विभिन्न व्यक्तितयों को अलग-अलग तिथियों पर जिलाधिकारी के सर्किल रेट के विपरीत खरीठ और बेचने करने का आरोप प्रमाणिक पाए गए।

इस पर विजिलेंस अफसरों ने मामले में एफआईआर दर्ज कराकर विवेचना कराए जाने का फैसला सिंह के खिलाफ नरायणपुरवा जूही निवासी सुशील कुमार के शिकायत की थी। इस पर विजिलेंस के अफसरों ने जांच के आदेश दिए थे। इसकी जांच विजिलेंस के इस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने की। जांच में उन पर समिति के सचिव पद पर रहते हुए मौजा बैरी अकबरपुर, कानपुर व ख्यौरा कछार, विनायकपुर कछार और कानपुर नगर में लगभग 2.93114 वर्गगज भूमि विभिन्न व्यक्तियों को अलग-अलग तिथियों पर जिलाधिकारी के सर्किल रेट के विपरीत खरीद व बेचने करने का आरोप प्रमाणिक पाए गए। इस पर विजिलेंस अफसरों ने मामले में एफआईआर दर्ज कराकर विवेचना कराए जाने का फैसला लिया। इस संबंध में नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीना नाथ मिश्रा ने बताया पद पर रहकर उसका दुरूपयोग कर संपत्तियों के हेरफेर के मामला है। विजिलेंस इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# गाजे-बाजे के साथ निकली जगन्नाथ की विदाई रथयात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुष्प वर्षा कर रथयात्रा का हुआ स्वागत, उतारी आरती
- हलवा, माखन-मिश्री और खीर का लगाया महाभोग

**अमृत विचार।** फूलों से सजे रजत सिंहासन पर सवार प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की विदाई रथयात्रा रविवार को धूमधाम से निकाली गई। रथयात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। भक्तों ने फूल बरसाए और आरती उतारी।

रविवार शाम श्री जगन्नाथ महाराज मंदिर बिरजी भगत से विदाई रथयात्रा निकाली गई। सबसे पहले प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र का श्रृंगार हुआ। इसके बाद भक्तों ने दर्शन किए और प्रभु को हलवा, पकौड़ी, माखन-मिश्री का बाल भोग लगाया गया। फिर कढ़ी, रोटी, चावल, सब्जी और खीर का महा भोग लगा। पूजन, आरती के बाद शाम को विदाई रथयात्रा निकाली गई। फूलों से सजे रजत सिंहासन पर विराजमान प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र की भक्तों ने आरती उतारी। जैसे ही गाजे बाजे के साथ रथ आगे बढ़ा, जयकारों की गूंज होने लगी। रथयात्रा के आगे गणेश की झांकी चल रही थी। धार्मिक भजनों के बीच भक्ति नाचते झूमते चल रहे थे। यात्रा वापस मंदिर पहुंची। उसके बाद प्रभु गर्भगृह में चांदी के सिंहासन पर विराजमान हुए। रथयात्रा में सजे बच्चों व सहयोगियों को पुरस्कृत किया गया। संचालन पंकज गुप्ता, शिवेंद्र गुप्ता ने किया। इस मौके पर मंदिर प्रबंधक ज्ञानेंद्र कुमार गुप्ता, सहप्रबंधक गोपाल गुप्ता, अरविंद गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता ने रथयात्रा की व्यवस्था संभाली। अभिषेक गुप्त, अंबरीष गुप्त, ज्ञानेंद्र विश्नोई, समीर, पुष्कर आदि मौजूद रहे।

# साढ़ के डिफेंस कॉरिडोर में जल्द शुरू होंगे 13 करोड़ के काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कॉरिडोर में अवस्थापना सुविधाओं पर खर्च किए जा रहे 62 करोड़ रुपये
- बिजली, सड़क, पानी और सुरक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी

**अमृत विचार।** साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में 13 करोड़ से अधिक के काम जल्द शुरू होंगे। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस बजट से कॉरिडोर में बिजली, सड़क, पानी व सुरक्षा जैसी सुविधाएं शामिल उपलब्ध करायी जाएंगी। कॉरिडोर में विश्वस्तरीय सुविधाएं देने के लिए 62 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। वर्तमान में कॉरिडोर में अदाणी ग्रुप आयुध निर्माण का कार्य शुरू कर चुका है।

डिफेंस कॉरिडोर में बेहतर सुविधाओं के लिए यूपीडा की ओर से कराए जा रहे कार्यों के लिए 13 करोड़ रुपये के टेंडर स्वीकृत किए गए हैं। यूपीडा अधिकारियों ने बताया कि कानपुर में कॉरिडोर पर 62 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये जा रहे हैं। इनमें 32 करोड़ के काम पूरे हो चुके हैं। 16 करोड़ से अधिक के कार्य निर्माणाधीन हैं। 13 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों के टेंडर हो चुके हैं। अधिकारियों कॉरिडोर में विश्वस्तरीय मानकों के आधार पर काम कराए जा रहे हैं।

कॉरिडोर में 26 फरवरी को अदाणी एम्युनेशन मैन्चुफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स की शुरुआत हुई थी। यहां कैलिबर के आयुध बन रहे हैं। अदाणी समूह से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि दूसरे चरण में आर्टलरी गन, गोला बारूद, तोपें और हैंड ग्रेनेड का उत्पादन होगा। इसके लिए समूह की दो इकाइयां और शुरू होंगी। कॉरिडोर को पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी भी मिल चुकी है। इससे यहां गोला-बारूद की टेस्टिंग आसान हो सकेगी। कॉरिडोर में यूनिट लगाने वाले उत्पादन समूहों को लंबे समय से इस प्रमाण पत्र का इंतजार था।

### कॉरिडोर के विस्तार के लिए चार जमीनों का प्रस्ताव

साढ़ में डिफेंस कॉरिडोर के विस्तार के लिए एसडीएम नर्वल ने नए सिरे से जमीनों का प्रस्ताव बनाकर यूपीडा को भेजा है। इसमें चार जमीनों को प्रस्तावित किया गया है। अब यूपीडा के अधिकारी जमीनों का चयन करेंगे। इसके बाद ही कॉरिडोर के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। डिफेंस कॉरिडोर में अभी तक 206 हेक्टेयर जमीन आवंटित की गई है।

# जाम और तोड़फोड़ करने में 88 पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिठूर थानाक्षेत्र में 30 जून को हादसे में युवक की हो गई थी मौत

**अमृत विचार।** बिठूर थानाक्षेत्र में राजमार्ग पर कार से हुए हादसे में एक युवक की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने राजमार्ग जाम कर तोड़फोड़ और हंगामा किया था। इस मामले में उपनिरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने आठ नामजद और 80 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

मंधना उपनिरीक्षक अमित मलिक के अनुसार 30 जून को रात में करीब 8.15 पर रक्षा हॉस्पिटल के सामने एक्सीडेंट हो गया था। जिसकी सूचना पर वह हमराही रोहित यादव, हेड कांस्टेबल बृजमोहन, विपिन यादव, कां नंदकिशोर के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो जानकारी हुई कि 27 वर्षीय अजय राजपूत निवासी ग्राम होरा कछार बिठूर की एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। उसका गांव पास होने के कारण कुछ ही देर में ग्रामीण और परिजन राजमार्ग जाम कर हंगामा करने लगे। सैकड़ों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस घटना के बाद प्रेम राजपूत, विजय राजपूत, संजय, आकाश राजपूत, कन्हैया उर्फ कृष्णा, गौतम, पुष्पेन्द्र उर्फ बंटी, शिवा सभी निवासी ग्राम होरा कछार करीब 70 से 80 व्यक्ति अज्ञात व्यक्तियों को जाम हटाने को कहा गया लेकिन उन लोगों ने शव को सड़क पर रख दिया। गाड़ियों में तोड़फोड़ भी कर दी गई।

चौकी इंचार्ज के अनुसार राजमार्ग टोल रोड है इस पर वाहन चालक अपने टोल जमा करने के बाद भी टोल रोड का प्रयोग नहीं कर सके। वाहनों को वैकल्पिक रुप से मंधना बैराज रोड पर डायवर्ट करना पड़ा था।

इस मामले में उपनिरीक्षक की तहरीर पर आठ नामजद और 80 अज्ञात लोगों के राजमार्ग जाम करने, सरकारी कार्य में बाधा और तोड़फोड़ करने समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के बिचौली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। युवक के पिता की तहरीर पर थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना मंगलपुर क्षेत्र के बिचौली गांव निवासी हरनाम सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि कुछ दिनों पहले गांव के ही राजन सिंह ने उनके पुत्र रितिक (19) से मोबाइल फोन लिया था। सिम कार्ड मोबाइल में न चलने की बात कहकर भिंड में फोन बेचदियाथा। जिसको लेकर राजन व साजन से रितिक की कहासुनी और हाथापाई हुई थी। रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में रितिक की मौत हो गई।

सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना मंगलपुर संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि रितिक के पिता हरनाम की तहरीर पर फौती सूचना दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है रिपोर्ट आने के बाद परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



संत रविदास मंदिर में हुई बसपाइयों की बैठक। अमृत विचार

### बसपा ने शुरू की सीसामऊ उपचुनाव की तैयारी

**कानपुर।** ईदगाह स्थित संत रविदास मंदिर में रविवार को सीसामऊ विधानसभा में प्रस्तावित उपचुनाव के संबंध में बसपा की बैठक हुई। कानपुर मंडल यूनिट व जिला यूनिट के पदाधिकारियों ने उपचुनाव के संबंध में समीक्षा की। मंडल प्रभारी संजय गौतम, अनिल पाल, मुकेश कठेरिया व धमेंद्र शंखवार ने सीसामऊ क्षेत्र के वर्तमान और पूर्व पदाधिकारियों से वार्ता की। साथ ही उपचुनाव में अभी से जुट जाने के लिए पूरे जोश के साथ हामी भरी। कहा कि पार्टी जिसे भी प्रत्याशी घोषित करेगी, उसे संगठन व कार्यकर्ता मिलकर जितवाने का काम करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष राज कुमार कप्तान, जिला प्रभारी बीपी आंबेडकर, राम शंकर कुरील, महानगर अध्यक्ष राम नारायण निषाद, जिला उपाध्यक्ष मो .आमीन, महासचिव देवेंद्र कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी बब्लू, कार्यकारणी सदस्य पंकज जगत, अमित गौतम, सौरभ गौतम, मोहन मिश्रा, सुमित बाल्मीकि, संदीप भगत, अनूप, गुलशन आदि लोग मौजूद रहे।

### बारासिरोही में मिला युवक का शव

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के बारासिरोही निवासी 30 वर्षीय मजदूर मुकेश कुमार का शव बारासिरोही शराब ठेके के पास पड़ा मिला। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों के अनुसार मुकेश शराब का लती था।

### मोहर्रम को लेकर ताजियेदारों के साथ बैठक

**कानपुर।** मोहर्रम के सभी जुलूसों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए डीसीपी पूर्वी ने ताजिएदारों के साथ बैठक की। ताजिया कमेटी के लोगों से अनुरोध किया गया कि अलम को निर्धारित लम्बाई से ऊंचे न रखें। पुलिस अराजकता फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान करते हुए कार्रवाई करे।

### मृत युवक के परिजन को मुआवजा दें

**कानपुर।** ग्वालटोली में मोहर्रम जुलूस के दौरान हाईटेंशन लाइन में अलम छू जाने से एक युवक का मौत हो गई जबकि तीन अन्य युवक झुलस गए। आल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल के महामंत्री हाजी मोहम्मद सलीस का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण ही ये हादसा हुआ है, ऐसे में बिजली विभाग मृत युवकों के परिजनों को पांच लाख रुपये मुआवजा दे। झुलसे हुए युवाओं को भी एक एक लाख रुपये इलाज के लिए दिए जाएं।

**वृक्ष हैं धरा का भूषण** — 1.4 करोड़ से अधिक पौधे रोपेगा वन विभाग, जिलों में शुरू हुईं तैयारियां

# 20 को अभियान, मंडल में लगेंगे 2 .96 करोड़ पौधे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिलों में 65.2 लाख पौधों के लक्ष्य के साथ इटावा सबसे आगे

**अमृत विचार।** शासन की मंशा है कि जितनी आबादी उतने पेड़ तो कम से कम जरूर लगने चाहिए। इसे देखते हुए कानपुर मंडल में 2.96 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर हरियाली को सहेजने का फैसला हुआ है। 20 जुलाई को पौधरोपण अभियान चलेगा। जिलों में इस संबंध में तैयारी शुरू हो गई है। 65.2 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर इटावा सबसे आगे है। इस मंडलीय पौधरोपण अभियान में सबसे बड़ी भागीदारी वन विभाग की है। मुख्य वनसरंक्षक कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि वन विभाग की ओर से 1 करोड़ 45 लाख 59 हजार 518 पौधे लगाए जाएंगे। इटावा में 40.67 लाख, कानपुर देहात में 29.86 लाख, औरैया में 26,05 लाख, फर्रूखाबाद में 16 लाख, कन्नौज में 18.69 तथा कानपुर में 14.30 लाख पौधों को रोपण किया जाएगा।

**कहां कितना पौधरोपण**

| | |
|---|---|
| इटावा | 65 लाख 25 हजार 715 |
| कानपुर देहात | 61 लाख 90 हजार 645 |
| औरैया | 46 लाख 82 हजार 501 |
| कानपुर शहर | 44 लाख 69 हजार 508 |
| कन्नौज | 39 लाख 69 हजार 159 |
| फर्रुखाबाद | 38 लाख 23 हजार 547 |

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने लगाए पौधे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच कानपुर प्रांत के सह संयोजक अशफाक सिद्दीकी के नेतृत्व में विनायकपुरी योगा पार्क में पौधरोपण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सदस्य स्वामी मुरारी दास थे। कार्यक्रम का आयोजन नगर संयोजक अली अकबर ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से निखत सिद्दीकी, गूंजा, सूफियान आलम, शोएब खान, अखिलेश यादव, सत्यम पांडे, रितेश कुमार, आदि उपस्थित थे। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने कानपुर प्रांत में अलग अलग स्थानों पर 500 पौधे लगाने का संकल्प लिया।



विनायक पुरी पार्क में पौधरोपण करते स्वामी मुरारी दास। अमृत विचार

# तेजस के कोच में धुआं भरा

**कानपुर।** दिल्ली से लखनऊ आ रही 82502 तेजस एक्सप्रेस के इंजन से सटे कोच में धुआं भरने से हड़कंप मच गया। यात्री समझे कि ट्रेन में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। कई यात्रियों ने रेल मंत्री को ट्वीट किया। गाड़ी को खुर्जा के पास रोक दिया गया। 15 मिनट चेकिंग करने के बाद पता चला की ट्रेन में यात्री लोड अधिक है। इस कारण ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन के बजाय पावर यान के डीजल चालित इंजन से सप्लाई कराई गई। आगे डीजल का धुआं उड़ रहा था तो पीछे के डिब्बों में धुआं भर गया था। 15 मिनट बाद चेक करके पता चला कि आगे का पावर यान चालू होने से डीजल के धुएं से कोचों में धुआं भर रहा है। इस कारण गार्ड से सटे पावर यान का डीजल चालित सिस्टम चालू कराया गया। ट्रेन रात 10 बजे लखनऊ स्टेशन पहुंची।

## एक नजर

### आटो-लोडर वालों की समस्याएं दूर कराएंगे

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश ऑटो लोडर संयुक्त कल्याण समिति का प्रदेश कार्यालय एक्सप्रेस वे मार्ग पर खोला गया है, इसका उद्देश्य आटो लोडर संचालन में आ रही समस्याओं को दुरुस्त कराने के साथ ही चालकों के हित के लिए भी कार्य करना है। रविवार को उक्त समिति के प्रदेश कार्यालय के साथ ही एलएमएल चौराहा साइट तीन पनकी में ब्रांच ऑफिस का उदघाटन प्रदेश अध्यक्ष विक्की जयसवाल, प्रदेश महामंत्री मोनू यादव ने किया। ये जानकारी प्रचार मंत्री राजेश गुप्ता ने दी।

### सड़क ऊबड़-खाबड़

**कानपुर।** जेके मंदिर और सीटीआई चौराहे पर खुदाई के बाद किए गए पैचवर्क से सड़क ऊबड़-खाबड़ हो गई है। जिससे गुजरने पर वाहनों को जोर का झटका लगता है।

# आईआईटी से प्रशिक्षित 5 शिक्षक बनेंगे मास्टर ट्रेनर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जीआईसी के इन शिक्षकों को मिलेगा स्तर सुधारने का काम

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से आईआईटी गांधी नगर गए 5 शिक्षकों को शिक्षा विभाग मास्टर ट्रेनर बनाने जा रहा है। मास्टर ट्रेनर बनने के बाद यह शिक्षक राजकीय इंटर कॉलेजां के शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। इस प्रशिक्षण में वे वहां से सीखकर आए खेल-खेल में विज्ञान और गणित विषय के डर को बच्चों के मन से हटाना सिखाएंगे।

माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से जून में 5 शिक्षक आईआईटी गांधी नगर प्रशिक्षण के लिए गए थे। यह शिक्षक जीआईसी विजय नगर व नरवल डायट से चयनित किए गए थे। अब यह शिक्षक राजकीय इंटर कॉलेज के प्रमुख विषयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण के लिए कॉलेजों के शिक्षकों के नामों का चयन विभाग की ओर से किया जा रहा है। अगस्त के दूसरे सप्ताह से विभाग की ओर से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। पूरे मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि आईआईटी से प्रशिक्षण लेकर आए शिक्षकों के ज्ञान का लाभ अन्य शिक्षकों को दिलाया जाएगा।

# 18 साल से झकरकटी बस अड्डे पर सुविधाओं का इंतजार

पीपीपी मॉडल से विकास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



झकरकटी बस अड्डा जगह-जगह धंस रहा है। अमृत विचार

- जगह-जगह धंस रही है इंटरलाकिंग, जलभराव और बसों की अव्यवस्था से जोखिम में बनी रहती यहां यात्रियों की जान
- 9 मंजिला बिल्डिंग, ऑन लाइन टिकट बुकिंग, एसी वेटिंग रुम, यात्री निवास, शापिंग माल का कब पूरा होगा सपना, पता नहीं

> बस अड्डे का पीपीपी माडल के तहत आधुनिकीकरण होना है, मुख्यालय स्तर पर ही इतने बड़े फैसले लिये जाते हैं। कांस्ट्रक्शन की टीम आ जाएगी, तभी सही जानकारी हो पाएगी।
>
> –महेश कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी झकरकटी बस अड्डा

**अमृत विचार।** शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा बीते 18 साल से आधुनिक सुविधाओं का इंतजार कर रहा है। वर्ष 2006 में इस बस अड्डे का पीपीपी माडल के तहत कायकल्प करने की योजना बनी थी। लेकिन फाइल ठंडे बस्ते में चली गई। कुछ समय पहले योगी सरकार ने पीपीपी माडल के तहत झकरकटी को मॉडल बस अड्डा बनाने का फैसला लिया था। हालांकि इसके लिए कई बार टेंडर खोले जाने के बाद भी कोई प्रस्ताव परवान नहीं चढ़ा। अब एक बार फिर 28 जून को टेंडर खोले गए हैं। योजना के मुताबिक बस अड्डे पर 9 मंजिला भवन बनाकर सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बसों के लिए प्लेटफार्म और समयसारिणी तय होगी, यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था होगी।

झकरकटी बस अड्डे पर आधुनिक 9 मंजिला बिल्डिंग बनाने की तैयारी है। इस बिल्डिंग में ऑन लाइन टिकट बुकिंग, एसी/नान एसी वेटिंग रुम, यात्री निवास, सफर के दौरान काम आने वाले जरूरी सामान की दुकानें, शापिंग माल, खाने पीने की दुकानें और सैलून आदि होगा। इस बीच झकरकटी बस अड्डा धीरे धीरे धंस रहा है, लेकिन इसे ठीक नहीं कराया जा रहा है। अधिकारियों को उम्मीद थी कि आज नहीं तो कल, ये बस अड्डा पीपीपी माडल के तहत आधुनिक स्वरूप लेगा। वर्तमान में बस अड्डा जलभराव का शिकार है, तमाम दिक्कतें हैं। बसों के अव्यवस्थित होने के कारण यात्रियों और कर्मियों की जान तक जा चुकी है। झकरकटी बस अड्डा काफी बड़ा था, लेकिन मेट्रो स्टेशन के लिए आधे से ज्यादा भूमि चली गई है। ऐसे में बस अड्डे को आधुनिक स्वरूप देने में जगह की कमी पड़ सकती है।

# हजरत कासिम की मेंहदी में उल्टे पांव चले हजारों लोग

## चमनगंज से 93 साल पुराना हाजी शेरा का अलम जुलूस उठा, ऊंटों पर बैठे बच्चों ने किया लंगर हुसैन, ताजिया भी साथ रही






चमनगंज से शान-ओ-शौकत के साथ निकला 93 साल पुराना हाजी शेरा का अलम जुलूस। जुलूस में तिरंगा झंडा भी लहराया गया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** करबला के मैदान में एक दिन के दूल्हा हजरत कासिम की मेंहदी में हजारों पैकियों ने उल्टे पांव सफर तय किया। इस दौरान पैकियों ने हाथों में कलावा और कमर मे बद्धी तो बांध रखी थी लेकिन हाथ में कोई हथियार नहीं था। बड़ी संख्या में बच्चे भी इस बार पैकी बने हैं।

रविवार को देर शाम नई सड़क, बाबूपुरवा समेत विभिन्न स्थानों से हजरत कासिम की मेंहदी उठाई गई जिसमें पैकियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। चमनगंज मोहम्मद अली पार्क के पास से हाजी शेरा का 93 साल पुराना जुलूस कर्बला के 72 शहीदों और शहीदे आजम हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में बड़े अदब और एहतराम के साथ निकाला गया। जुलूस उठने से पहले शफियाबाद मस्जिद के पेश इमाम कारी मोहम्मद कासिम हबीबी ने फातिहा की और मुल्क के साथ अपने शहर में अमन-ओ-अमान की दुआ भी की। पेशइमाम ने हरी झंडी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। जुलूस में ऊंटों पर बैठे बच्चे लंगरे हुसैन कर रहे थे। जुलूस का नेतृत्व हाजी शेरा के बेटे मोहम्मद खान, मोहम्मद जहांगीर खान, मोहम्मद सलीम खान, नूर मोहम्मद खान व शेर मोहम्मद खान कर रहे थे। यह जुलूस हाजी शेरा के चौराहे से हाजी सम्पत के चौराहे की तरफ बढ़ा और वहां से चमनगंज, पेशकार रोड, मोहम्मद अली पार्क, शफियाबाद, नाला रोड, रूपम चौराहा, बेकनगंज, नाजिरबाग, दलेलपुरवा, इफ्तिखाराबाद, रजबी रोड, नई सड़क, पेचबाग, दादामियां चौराहा से अमीनगंज होता हुआ तलाक महल पहुंचा। देर रात गुलाब घोसी की मस्जिद होते हुए वापस मोहम्मद अली पार्क पहुंच कर जुलूस समाप्त हुआ। इस्लामी परचमों के साथ नौजवानों के जत्थे चल रहे थे जो कह रहे थे कि अली का दामन नहीं छोड़ेगे। हसन का दामन नहीं छोड़ेंगे, हुसैन का दामन नहीं छोड़ेंगे। मछरिया, बेगमपुरवा, बाबूपुरवा, जाजमऊ, केडीए कालोनी, रोशन नगर, रावतपुर गांव, गदिदयाना समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजन हुए।



जुलूस में पैकी बनकर चले बच्चे। अमृत विचार

### पटकापुर में मौलाना बशीर हैदर ने मजलिस पढ़ी

पटकापुर इमाम बारगाह हैदर रजा की मजलिस को मौलाना बशीर हैदर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अल्लाह ताआला ने मजहबे इस्लाम भेजा रसूले अकरम हज़रत मोहम्मद (स0अ0) ने इस दीन को फैलाया और जब यह दीन यजीद जैसे इस्लाम विरोधी शैतानी ताकत के शिकंजे में फंस गया तो नबी के नवासे हज़रत इमाम हसैन ने अपनी और अपने 72 साथियों की अजीम कुर्बानी पेश करके इंसानियत और इस्लाम के झण्डे को ऊंचा किया। संचालन नकी हैदर ने किया। मजलिसों में हाजी अख्तर हुसैन, डॉ जुल्फिकार अली रिजवी, हसनैन अकबर (ऐमन), आसिफ अली रिजवी , इसरार हुसैन ज़ैदी, कबीर जैदी, यूसुफ जाफरी, ईशान हैदर,आरिफ रिजवी, आदिल रिजवी, आमिर रिजवी, असकरी रिजवी असर कानपुरी, अनवार सज्जादी, नजरे आलम, रानू नकवी, युनूस रजा ,कुमैल नमाजी, जवाज हैदर, अयाज हैदर, फुरकान हैदर और नजीर हैदर मौजूद रहे।

### इस आखिरी उम्मत के निगहबान हैं हुसैन

**कानपुर।** तन्जीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत के जेरे एहतिमाम चमनगंज में जिक्रे शोहदाए कर्बला मनाया गया जिसमें मौलाना हस्सान कादरी ने कहा कि ईमान वालों ने कभी इतने आंसू किसी के लिये नहीं बहाए जितने आका हुसैन के लिये बहाए हैं। उन्होंने कलाम पढ़ा कि इस आखिरी उम्मत के निगहबान हैं हुसैन। रविवार को हाशमी तिराहा चमनगंज में हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की याद में शहादतनामे का आयोजन हुआ जिसमें मौलाना ने करबला में हजरत इमाम हुसैन व उनके साथियों पर हुए जुल्म की दास्तान सुनाई तो लोग अपने आंसू नहीं रोक पाये। अध्यक्षता हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल अजहरी ने की। कारी फुजैल रजवी ने कुरआन की तिलावत की। हाफिज़ जुबैर कादरी, हाफिज आमिर अजहरी ने नात व मनकबद पेश की। सलात-ओ-सलाम के बाद फातिहाख्वानी हुई और फिर लंगरे हुसैन किया गया। हाफिज इरफान सकादरी, रिजवान हुसैन, बिलाल रजा, मोहम्मद जाबिर,मोहम्मद मोईन जाफरी आदि मौजूद रहे।

# लद्दाख में छह दिन व सात रातें बिताने का मौका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआरसीटीसी ने लांच किया हवाई टूर पैकेज

**अमृत विचार।** आईआरसीटीसी ने लद्दाख में छह दिन व सात रातें बिताने का प्लान दिया है। हवाई टूर पैकेज के साथ एसी होटल में रहने, खाने और लोकल ट्रांसपोर्ट की भी व्यवस्था होगी।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की ओर से गर्मी से राहत के लिए यह टूर प्लान हुआ है। इस टूर में लखनऊ से लद्दाख वाया नई दिल्ली का हवाई पैकेज है। टूर पैकेज में खान-पान, एसी होटल में ठहराव व लोकल ट्रांसपोर्ट की भी व्यवस्था है। एक व्यक्ति का पैकेज मूल्य 60100 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर 55100 रुपये प्रति व्यक्ति व तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर 54600 रुपये प्रति व्यक्ति है। माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज 53300 रुपये बेड सहित और बिना बेड 48400 रुपये है। यात्रा के दौरान लेह में होटल स्टे के साथ स्तूप व मठ दर्शन, लेह पैलेस, शांतिस्तूप, गुरुद्वारा, नुब्रा वैली में कैंप में रात्रि विश्राम, हुंडर, तुर्तुक गांव और स्थानीय स्थल की सैर होगी। इसके साथ ही प्रसिद्ध पैंगांग झील का भ्रमण कराया जाएगा।

### यहां से कराएं बुकिंग

मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि यात्रा की बुकिंग गोमती नगर, लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय या आईआरसीटीसी की बेवसाइटwww. irctctourism.com पर ऑनलाइन की जा सकती है। इसके अलावा कानपुर के 8287930927, 8287930930 व लखनऊ के इन नंबरों पर 8287930911, 8287930902 पर संपर्क कर सकते हैं।

### धोखाधड़ी व फर्जी दस्तावेज से एडमिशन का आरोप

**कानपुर।** कोतवाली थानाक्षेत्र में आठवीं तक मान्य प्राप्त एकेडमी में धोखाधड़ी और कूटचरित दस्तावेज से छात्रों का एडमिशन लेने का आरोप लगा है। छात्रों का भविष्य अंधकार में डालने का आरोप लगाते हुए युवक ने एकेडमी चलाने वाले दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। हरबंश मोहाल निवासी रोहन जायसवाल ने पुलिस को बताया कि सिविल लाइंस में सिडलिंग्स एकेडमी आठवीं तक का मान्यता प्राप्त स्कूल है। इसके संचालक फैजी इकबाल और शोएब रिजवी हैं। आरोप लगाया कि दोनों फर्जी और जाली दस्तावेज तैयार कर छात्रों का एडमिशन नवी और दसवीं में कर रहे हैं। इसके साक्ष्य के लिए सिडलिंग्स एकेडमी का एडमिशन फार्म नंबर 380 जो कि एक छात्र का भरवारा गया और उसमें 16 मई 2024 को 8,000 रुपये फीस का भुगतान भी लिया गया। इस संबंध में कोतवाली इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर दोनों आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटचरित दस्तावेज से छेड़छाड़ करने के मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।



सुधांशु जी महाराज के प्रवचन को सुनते भक्त। अमृत विचार

# फर्जी बाबाओं से बचें और अध्यात्म से जुड़ें-सुधांशु

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सुधांशु महाराज। अमृत विचार

- ऐसे बाबा ताली बजाकर आग जला देते हैं
- भ्रष्टाचार की कमाई घर में कतई न लाएं

**अमृत विचार।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सुधांशु महाराज ने कहा कि मौजूदा समय में कई बाबाओं के प्रभाव में न आएं। ये बाबा ताली बजाकर आग जला देते हैं। हाथ घुमाकर रुपयों की बौछार करते हैं। जीवन में धर्म का महत्व है, इसलिए प्रतिदिन अध्यात्म से जुड़ें।

बैकुंठपुर बिठूर स्थित सिद्धधाम आश्रम में रविवार को सुधांशु महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भजन संध्या हुई और दिल्ली से आई भजन मंडली ने गुरु महिमा का बखान किया। इसके बाद सुधांशु महाराज ने गुरु महिमा पर भक्तों को ज्ञान दिया। महाराज ने कहा कि रोज की जिंदगी में धर्म का महत्व सबसे अधिक है, इसलिए प्रतिदिन अध्यात्म से जुड़ें, धर्म के साथ कुछ समय व्यतीत करें। महाराज ने मौजूदा समय के प्रचलित कई बाबाओं के बारे में बताते हुए भक्तों को चेतावनी भी दी कि ऐसे लोगों के प्रभाव में न आएं। जो ताली बजाकर आग जला देते हैं और हाथ घुमाते ही रुपयों की बौछार करने लगते हैं। इसमें कोई सत्यता नहीं है, केवल हाथ की सफाई होती है। भक्तों को समझाया कि अपने घर में कभी भ्रष्ट कमाई न लाएं, क्योंकि ऐसी कमाई जिस रूप में आती है, उसी तरह कई रूपों में निकल जाती है। महाराज ने इसका उदाहरण भी दिया। सुबह सत्र में महाराज ने कई भक्तों को गुरु दीक्षा दी। शाम के सत्र का समापन मिशन के प्रधान आरपी सिंह ने गुरुपूजन से किया। इस मौके पर मिशन के आचार्य रजनीश, मनोज शास्त्री, रामनाथ अग्रवाल, अरविंद मिश्रा, शिवहरे, प्रदीप कटियार, महिला मंडल में चांदनी, मंजू गुप्ता, रमा कटियार, शुभी अग्रवाल रहीं।

# मुसलमानों को एकजुट करेंगे

**कानपुर।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत ने देशभर के मुसलमानों को एकजुट करके आने वाली परेशानियों का संवैधानिक तरीके से मुकाबला करने का फैसला लिया है। रविवार को केशवपुरम में मुशावरत की मीटिंग हुई जिसकी अध्यक्षता मुशावरत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान ने की। इस मीटिंग में मुशावरत के सुबाई संयोजक अरशद आजमी भी लखनऊ से कानपुर पहुंचे। तय हुआ कि संगठन को मजबूत करने के लिए मुस्लिम संगठनों को एक प्लेटफार्म पर लाया जाएगा। सवर्सम्मति से फैसला लिया गया कि जल्द ही प्रदेश स्तर का एक सम्मेलन कानपुर या लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। मोहम्मद खालिद, डाक्टर कौसर उसमान, मौलाना शहाबुद्दीन सलफी रहे।

# एबीसी आईडी अपडेट नहीं होने पर अटका रिजल्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परीक्षा नियंत्रक ने कहा,समस्या जल्द ही दूर की जाएगी

**अमृत विचार।** एबीसी आईडी जनरेटेड नहीं होने पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के छात्रों का रिजल्ट फंसा है। छात्रों ने अपनी समस्या कालेजों को बताई है।

एकेडमिक बैंक क्रेडिट (एबीसी) आईडी अपडेट नहीं होने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के तमाम छात्रों का रिजल्ट फंस गया है। परीक्षा फार्म भरने के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन ने निर्देश जारी किया था कि सभी छात्रों को अपनी एबीसी आईडी बनानी है। आईडी बनाने के दौरान छात्रों के आधार कार्ड से लिंक वाले मोबाइल नंबर पर ही ओटीपी आना था। कुछ छात्र ऐसे थे, जिनका आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंवर बदल गए या बंद हो गया था, ऐसे में ओटीपी न आने से इन छात्रों की एबीसी आईडी नहीं बन पाई थी। इसके अलावा कुछ छात्रों के आधार कार्ड में नाम, जन्म तिथि और अन्य दस्तावेजों में नाम, जन्म तिथि में अंतर था। विवि ने इसे सुधारने का 3 महीने का समय दिया था। छात्रों ने इस संबंध में कॉलेजों में शिकायत भी की है। छात्रों का कहना है कि रिजल्ट रुकने के कारण अगली कक्षा में प्रवेश लेने में भी समस्या आ रही है। परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार ने कहा है कि जिन भी छात्रों के रिजल्ट में समस्या है, वह अपने कॉलेज में लिखित शिकायत करें। कॉलेज के प्रतिनिधि ही छात्रों की समस्या लेकर आएं।

# कृष्णा के उपन्यासों पर नाट्य मंचन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कला क्षेत्र से जुड़े लोगों ने कृष्णा सोबती को याद किया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** साहित्यकार कृष्णा सोबती की जयंती पर उनकी साहित्य यात्रा को साहित्य एवं कला क्षेत्र के मनीषियों ने याद किया। प्रसिद्ध लेखिका कृष्णा सोबती की अगले वर्ष जन्मशती मनाई जाएगी। इस मौके पर उनके उपन्यासों पर नाट्य मंचन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए उनके साहित्य और जीवन पर देश भर में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की कड़ी में रोमी अड्डा पत्रकारपुरम में रविवार को संगोष्ठी हुई। इसमें कृष्ण सोबती के जीवन उनकी रचनाओं और लेखन पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम संयोजक राजेश अरोड़ा ने कृष्णा सोबती के स्त्री पात्रों को याद करते हुए खास तौर पर मित्रो मरजानी का जिक्र किया। जिसकी नायिका अपनी शारीरिक जरूरतों के लिए भी संकोची नही है और उनके बारे में बात करने से हिचकती नही है। मौली सेठ ने कहा की कृष्णा जी ने जब लेखन शुरू किया था तब बहुत कम लेखिकाएं थी जो खुलकर इस तरह से हर बात लिख रही थीं। उनके स्त्री पात्र जबरन नारीवाद थोपे हुए नहीं लगते हैं। जनवादी लेखक संघ की सचिव अनीता मिश्रा ने कहा की कृष्णा जी की भाषा बहुत जीवंत है। उनकी कहानियों के पात्र दबंग, साहसी और चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तैयार रहते हैं। उनकी रचनाओं का कई भारतीय और विदेशी भाषाओं में अनुवाद किया गया। साहित्य में योगदान के लिए कई पुरस्कारों व सम्मानों से नवाजा गया है। कार्यक्रम में कवयित्री भावना मिश्रा ,प्रिय श्रीवास्तव, प्रवीण अरोड़ा , रूपानी मिश्रा, मीत कमल, महेंद्र धुरिया, श्वेता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

हमारी मांगें पूरी करो

गोल चौराहा पर धरना देने के साथ ही केंद्र सरकार के नाम देंगे ज्ञापन, ऑनलाइन अटेंडेंस पर शिक्षकों के आंदोलन को भी समर्थन देने की घोषणा की

# पुरानी पेंशन पर 16 को होगा प्रदर्शन, कर्मचारियों ने किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 16 जुलाई को कर्मचारी गोल चौराहा पर धरना देकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन देंगे। कर्मचारियों ने रविवार को बैठक कर प्रदर्शन का ऐलान किया। शास्त्री नगर स्थित कर्मचारी बीमा औषधालय में हुई बैठक में कर्मचारी नेताओं ने सरकार से हर हाल में पुरानी पेंशन को लागू करने की मांग की।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लगातार मांग की जा रही है। इसके बाद भी सरकार उनकी मांगों पर अनदेखी कर रही है।

बैठक में शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की ओर से ऑनलाइन अटेंडेंस व 7 सूत्रीय मांगों को लेकर 15 जुलाई को आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को भी समर्थन दिया गया। कहा गया कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संगठन 16 जुलाई को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा गोल चौराहा निकट मेडिकल कालेज पर 4 बजे से धरना देगा। इस दौरान प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, मंडल अध्यक्ष देवेश द्विवेदी, मंडल मंत्री संतोष तिवारी, इंजीनियर राजपाल सिंह, मेवालाल कनौजिया, उदयराज सिंह, रतिकांत पाल ,बीएल गुलाबिया, सुरेन्द्र कुमार, दीपक श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

## आंदोलनरत शिक्षकों को पाण्डेय गुट का समर्थन

- ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक

**कानपुर।** ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ 'पाण्डेय' गुट ने समर्थन दिया है। संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने पत्र जारी कर ऐलान किया है। अब शिक्षक नेता इस मुद्दे को विभिन्न मंचों पर उठाएंगे। उधर शिक्षकों ने सोमवार को भी विरोध जताने का ऐलान किया है।

ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे शिक्षकों को समर्थन करते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पाण्डेय गुट की ओर से प्रदेश संयोजक शैलेंद्र द्विवेदी व जिला महामंत्री राहुल कमार मिश्रा ने ऐलान किया कि वे बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों के मुद्दे पर उनके साथ हैं। शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की ओर से सोमवार को शिक्षकों ने प्रदर्शन की घोषना की है। जूनियर हाई शिक्षक महासभा के संयोजक अनुग्रह त्रिपाठी ने बताया कि इस प्रदर्शन में शिक्षक संगठन से जुड़े 12 संघ एक साथ प्रदर्शन करेंगे। सबसे पहले शिक्षक बेसिक शिक्षा कार्यालय के निकट मेजर अविनाश सिंह भदौरिया पार्क में एकत्रित होंगे। इसके बाद वे जुलूस की शक्ल में कार्यालय तक पहुंचेंगे।

# दोस्तों के साथ बांध पर नहाने गया किशोर डूबा

## मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को ढूंढ़ने में लगाया, देर शाम तक पता नहीं चला

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार।** बिधनू और गजनेर थाना क्षेत्र की सीमा पर अरखैया गांव के पास रिंद के बांध में रविवार सुबह एक किशोर नहाते समय डूब गया। साथ में नहा रहे आधा दर्जन दोस्तों ने उसे तलाशने के प्रयास किया, लेकिन उसका कोई पता न चलने पर पुलिस व परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ग्रामीणों व गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश कर रही है।

कानपुर देहात गजनेर ररुआ गांव निवासी 16 वर्षीय शिवश्याम रविवार दोपहर आधा दर्जन दोस्तों के साथ बिधनू सीमा पर स्थित अरखैया गांव के पास रिंद नदी के बांध में नहाने आया था। नहाते समय तेज बहाव में शिवश्याम नदी में बहकर डूब गया। दोस्तों ने उसे नदी में तलाशने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। जिसपर दोस्तों ने स्वजन समेत कंट्रोल रूम में पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल पर गजनेर व बिधनू थाने की पुलिस पहुंची। पहले पुलिस ग्रामीणों की मदद से किशोर को काफी देर नदी में तलाशती रही। इसके बाद गोताखोरों को बुलाकर तलाश जारी की। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद भी किशोर नहीं मिल सका। मां सुशीला ने बताया कि रविवार सुबह शिव श्याम घर पर स्थित परचून की दुकान पर बैठा था। कुछ देर में आने की बात कहकर घर से निकला था। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गोताखोरों की मदद से किशोर की नदी में तलाश की जा रही है।



किशोर के डूबने की खबर पर बांध पर काफी भीड़ लग गई। अमृत विचार



लोगों को जानकारी देतीं उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा। अमृत विचार

### गंगा किनारे बसे ग्रामीणों को बाढ़ के प्रति किया सचेत

**बिल्हौर।** गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन सतर्क है। रविवार को बिल्हौर उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बिल्हौर तहसील के अरौल, आंकिन, बहरामपुर समेत नानामऊ, अकबरपुर सेंग, संजती बादशाहपुर, समेत कई गांव मे जाकर जन जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही येलो एलर्ट के बारे में जानकारी देते हुए लोगो को गंगा के बीच न जाने की अपील की। बता दें कि पहाड़ पर लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है और नरौरा बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। जिसके चलते लोगो को पहले से ही सतर्क किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि तहसील प्रशासन बाढ़ को लेकर पहले से ही सतर्क है और अपनी तैयारियों मे जुटा है।

# पत्नी की मौत के बाद बच्चे की मौत, पिता पर हत्या का आरोप

संवाददाता, बिल्हौर

- सुबह अचानक बेटे की हालत बिगड़ गई

**अमृत विचार।** ककवन थाना क्षेत्र के सकरंवा गांव निवासी जितेंद्र रिक्शा चालक है। वह कल्याणपुर के कश्यप नगर में अपने पत्नी-बच्चों के साथ रहता था। 12 जुलाई को पत्नी विनीता देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में सीढ़ी से गिरकर मौत हो गई। इसके बाद विनीता देवी के पिता व मायके पक्ष के लोगों ने पति जितेंद्र पर हत्या का आरोप लगाया था लेकिन मामला थाना कल्याणपुर में पहुंचने से पहले ही समझौता हो गया था। शनिवार की शाम जितेंद्र अपनी 4 वर्षीय पुत्री प्रीती व पुत्र शिवाअंकित के साथ पैतृक गांव सकरावां आया। जहां सुबह अचानक बेटे शिवाअंकित की हालत बिगड़ गई।

जितेंद्र ने तत्काल शिवली के निजी क्लीनिक में दिखाया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया। इस बीच 4 वर्षीय पुत्री प्रीति की भी हालत बिगड़ गई। दोनों को लेकर पिता कानपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचा। जहां पुत्र शिवाअंकित की मौत हो गई। जबकि 4 वर्षीय प्रीति की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद विनीता देवी के परिजनो ने युवक पर पुत्र को मारने का आरोप लगाया और थाने में हंगामा करने लगे। मामला थाना ककवन से संबंधित होने पर थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि जब तक चीज स्पष्ट नहीं हो जाती तब तक कुछ कहना मुश्किल है हालांकि मृतक विनीता देवी के पोस्टमार्टम में भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था।

# ट्रैक्टर-ट्राली से भिड़ा सवारियों से भरा ऑटो, 6 घायल

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** पतारा चौकी के अंतर्गत चीनी मिल मोड़ के पास एक सवारी से भरा ऑटो ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ंत हो गई। हादसे में आधा दर्जन सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सीएचसी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने कानपुर रेफर किया है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत घाटमपुर चीनी मिल मोड़ के पास एक तेज रफ़्तार सवारियो से भरा ऑटो ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसा। ऑटो में बैठी सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहां से गुजर रहे राहगीरों के ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी घाटमपुर लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया है।

घायलों में उर्मिला देवी, कौशलेंद्र निवासी शास्त्री नगर कानपुर, फूल्लन निवासी बमुराहा, इमरान निवासी बरी पाल, लकी निवासी बुमपुरा हैं। वहीं सनी निवासी इटरा की गंभीर हालत होने पर उसे कानपुर रेफर किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ऑटो को कब्जे में लेकर कार्रवाई कर रही है।



टेंपो के परखच्चे उड़े।



कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।। अमृत विचार

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से ऑटो पर जा रहे 5 लोग गंभीर घायल

**बिल्हौर।** बिल्हौर से शिवराजपुर की तरफ जा रही एक ऑटो में पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक सहित पांच लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। रविवार दोपहर बिल्हौर कस्बे से सवारी भरकर शिवराजपुर की तरफ जा रही एक ऑटो में कानपुर-अलीगढ़ हाईवे पर मल्लापुर गांव के सामने ओवरब्रिज पर पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक करने के प्रयास में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक रसूलपुर गांव मनीष और आटो में सवार मूडनपुर बिठूर निवासी नीलम पाल व उनकी पुत्री नैन्सी व गढ़ी सिरवाली उन्नाव निवासी गुड्डी और वंदना घायल हो गईं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने सभी का प्राथमिक उपचार कर उन्हें घर भेज दिया। पुलिस ने दोनो वाहनों को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू की।

# बाइक से टकराकर ट्रैक्टर पलटा, चालक घायल

संवाददाता, घाटमपुर

- पुलिस ने घायल चालक को सीएचसी पहुंचाया

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के गंभीरपुर और पानी पुरवा गांव के बीच भीतरगांव साढ़ मुख्यमार्ग में तेज रफ्तार ट्रैक्टर खड़ी बाइक से टकराकर पलट गया। जिससे चालक घायल हो गया। भीतरगांव रोड पर गंभीरपुर गांव के सामने एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर बाइक से जा टकराया जिससे ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक रामप्रकाश को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भीतरगांव पहुंचाया। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



मौके पर पलटी पड़ीं ट्रैक्टर-ट्राली व बाइक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मीटर रीडर से बदसलूकी करने का आरोप

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के कश्यप नगर निवासी अजीत सिंह व आदित्य यादव कल्याणपुर विद्युत वितरण खंड में मीटर रीडर का काम करते हैं। अजीत के अनुसार रविवार को वह कल्याणपुर खुर्द निवासी रामसेवक के घर मीटर रीडिंग लेने के लिए पहुंचे, जहां ज्यादा बिल निकालने का आरोप लगा रामसेवक उनके साथ बदसलूकी करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर रामसेवक व उनके पारिवारिक जनों ने धक्का-मुक्की कर हुए अजीत के मोबाइल को छीनकर उसे तोड़ दिया। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### युवक को बचाने गई पुलिस से मारपीट, सिपाही घायल



**रूरा।** क्षेत्र के चलाहा गांव में एक कॉलर की सूचना पर पहुंची डायल-112 गांव पहुंची तो ग्रामीणों ने पीआरवी 2685 का घेराव करते हुए कहा कि सूचना फर्जी है। पुलिस के सामने ही कालर पर हमला कर दिया। बचाव करते हुए वो अपने चाचा राजू के घर में घुस गया। बवाल बढ़ता देख पीआरवी ने थाना रूरा में सूचना दी, सूचना पर पहुंचे सिपाही रवि शंकर व अजय यादव मोनू को थाने लाने के लिए घर से बाहर निकाला। इसी दौरान ग्रामीणों ने मोनू पर पुनः हमला बोल दिया। इस दौरान मोनू को बचाने में सिपाही रवि शंकर को चोटें आईं और मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद पीआरबी और पवन को मोबाइल के सिपाही सीएचसी रूरा लेकर आए। मोनू का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं मोनू ने बताया की गांव के रविन्द्र उर्फ अरविंद, महेंद्र सिंह, रिंकू, जितेंद्र, आदि लोगो ने उसके पिता को मारपीट कर घायल कर दिया है और गांव के किनारे मरणासन्न हालत में छोड़ दिया है। वही घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी तनु उपाध्याय मौके पर पहुंची। उन्होंने जांच के बाद कहा कि दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ है। घायल की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

# नाले में मिला युवक का शव नशे में डूबने की आशंका

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** रविवार को कस्बे से 1 किलोमीटर की दूरी पर बैरी रेलवे क्रॉसिंग के पास से गुजर रहे नाले में एक युवक का शव उतराता मिला वहां से गुजर रहे लोगों ने जब देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर शिनाख्त कराई। ग्रामीणों ने उसकी शिनाख्त देव नारायण उम्र 35 वर्ष पुत्र शिवराम निवासी ग्राम बंसी नेवादा के रूप में की। पुलिस ने घर वालों को सूचना देने के साथ ही मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घर वालों ने बताया कि देवनारायण सुबह घर से निकले था। वहीं घटनास्थल के आसपास के लोगों ने बताया कि यह नशे की हालत में नाले की पुलिया के ऊपर बैठा था। हो सकता है कि नशे की हालत में नाले में गिर गया हो। जिससे पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई।

### पेड़ पर फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**बिधनू।** सेन पश्चिमपारा पिपरगवां गांव में रविवार दोपहर पांडु नदी किनारे नीम के पेड़ से रस्सी के फंदे पर युवक का शव लटका मिला। खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने शव लटका देख स्वजन व पुलिस को जानकारी दी। युवक की चार माह पहले शादी हुई थी। पुलिस ने शव फंदे से नीचे उतारकर पड़ताल शुरू की है। पिपरगवां निवासी रवींद्र सविता का 22 वर्षीय बेटा दुर्गेश मजदूरी करता था। रविवार दोपहर गांव के बाहर पांडु नदी किनारे नीम के पेड़ से दुर्गेश का रस्सी के फंदे पर शव लटका मिला। पिता ने बताया कि दुर्गेश की बीते अप्रैल माह में बांदा की शिवभोला से शादी हुई थी। रविवार दोपहर को वह बिना कुछ बताए घर से निकला था। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने घर पहुंच कर घटना की जानकारी दी। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता सके। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# छेड़छाड़ का आरोपी भेजा गया जेल

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के मधई नेवादा गांव निवासी छेड़छाड़ के आरोपी जितेंद्र राजपूत पुत्र राजाराम को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया। उसके ऊपर छेड़छाड़ पास्को एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। रविवार सुबह बर्राजपुर रेलवे स्टेशन के पास से उसे गिरफ्तार किया गया।

बीते दिनों नवयुवती को अकेले घर में पाकर आरोपी युवक उसके घर पहुंच गया व जबरन छेड़खानी करने लगा। पीड़िता ने जब विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देने लगा। परिजनों के आने पर पीड़िता ने सारी घटना उन्हें बताई। घटना के बाद पीड़िता के परिजन आरोपित युवक के घर शिकायत करने पहुंचे।

जहां आरोपित के परिजन पीड़िता के परिजनों से भिड़ गए व मारपीट की। तब पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस उसकी तलाश में लगी थी।

# मकनपुर के पास हाईवे पर गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा, गो तस्कर भागे

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** मकनपुर के निकट लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर तस्करी कर ले जाए जा रहे गोवंश से भरा एक ट्रक अचानक खराब हो गया। उसमें सवार गो तस्कर मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर उसमें मौजूद गोवंश को गौशाला भिजवाया.

अरौल थाना क्षेत्र में मकनपुर के निकट लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर रविवार को आगरा की तरफ से आ रहा एक ट्रक अचानक खराब हो गया. तमाम प्रयासों के बाद भी ट्रक के स्टार्ट न होने पर उसमें सवार लोग उसकी मरम्मत का प्रयास कर रहे थे। तभी ट्रक खड़ा देख मौके पर आती हाईवे पुलिस को देख गोतस्कर मौके से भाग गए। हाईवे पुलिस ने ट्रक पर किसी को न पाकर और उसमें लदे गोवंश देख स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ट्रक में लगे तिरपाल को खुलवाया तो उसमें तीन मृत गोवंश सहित 16 गोवंश मौजूद थे। सभी गोवंश को पुलिस ने क्षेत्र के काजीगंज हसौली गांव स्थित गौशाला में भिजवाया और कंटेनर को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू की। एसीपी अजय त्रिवेदी के अनुसार ट्रक से 16 गोवंश बरामद हुए हैं। उन्हें गौशाला भिजवाया गया है। मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।



पकड़े गए ट्रक की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

# पति फंदे से लटका तो पत्नी ने किया जान देने का प्रयास

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में पति ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। पति की फांसी की सूचना पत्नी को मिली तो पत्नी ने चाकू से गला रेत कर आत्म हत्या करने का प्रयास किया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पत्नी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।



जितेंद्र कुमार।

रसूलपुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार यादव (25) का घर में पत्नी से विवाद हो गया था। इसके बाद पति जितेंद्र ने घर से लगभग 50 मीटर दूर एक चक्की के बगल में बने कमरे में रस्सी से लटक कर आत्महत्या कर ली। जब यह बात उसकी पत्नी को पता चली तो घर में सब्जी काटने वाली चाकू से उसने अपना गला रेत कर जान देने की कोशिश की। परिजनो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल भेजा। जहां महिला की हालत गंभीर बताई गई है। थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

वारदात | पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को देखा, युवती की पहचान के लिए हो रहा प्रयास

# ज्वैलर्स की दुकान से युवती ले उड़ी जेवरों का डिब्बा

संवाददाता, घाटमपुर

- युवती ने अपने चेहरे पर मास्क लगा रखा था
- सीसीटीवी में चोरी की पूरी घटना कैद हुई

**अमृत विचार।** पतारा कस्बा में ज्वैलर्स की दुकान में जेवरात खरीदने आई एक युवती ने लाखों रुपए का जेवरात भरा डिब्बा पार कर दिया। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। दुकानदार ने चोरी की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

पतारा कस्बा में साढ़ थाना क्षेत्र के कुमाहूपुर गांव निवासी प्रहलाद की पतारा कस्बे में ज्वैलर्स की दुकान है। प्रहलाद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि रविवार दोपहर एक युवती दुकान पर आई। युवती ने चेहरे पर मास्क लगा रखा था। जिसके बाद उसने ज्वैलर्स से लॉकेट दिखाने को कहा तो दुकानदार ने उसे लॉकेट दिखाए। तभी दुकान में बैठी दूसरी महिला तोड़िया मांगने लगी। दुकानदार ने लॉकेट के डिब्बे को बगल के सीट पर रखकर महिला को तोडिया दिखाने लगा।

तभी कानपुर सागर हाइवे पर एक महिला गिर गई। इस दौरान दुकान में बैठे सभी लोग हाइवे की ओर देखने लगे। तभी दुकान में बैठी युवती ने मौके का फायदा उठाया और लॉकेट से भरा डिब्बा लेकर दुकान से बाहर निकल कर घाटमपुर की ओर चली गई। डिब्बा गायब होने पर दुकानदार ने शोर मचाया तो आसपास के दुकानदार पहुंचे।

दुकानदारों ने युवती को चौराहे पर काफी ढूंढा पर कुछ पता नही चला। जिसके बाद दुकानदार ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो चोरी की घटना कैद हुई है। दुकानदार ने चौकी पहुंचकर मामले की शिकायत पुलिस से की है। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज से युवती की पहचान हो रही है।



चोरी के बाद पहुंची पुलिस जांच में जुटी। अमृत विचार

# देशी शराब ठेका से नकदी समेत शराब ले गए चोर

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने देशी शराब की दुकान में शनिवार की रात सेंध लगाकर 45 हजार रुपये व शराब की पेटियां पार कर दी। सुबह ग्रामीणों ने दीवार टूटी देखी तो शराब ठेका संचालक को सूचना दी। शराब ठेका के सेल्समैन श्याम सिंह निवासी अराजेश्वरपुर बिल्हौर ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि रोज की तरह शनिवार रात वह दुकान में ताला बंद करके चला गया था। सुबह देखा तो 3 दिन की बिक्री के रखे 45 हजार रुपए वह 25 पेटी देशी शराब की गायब थी। जांच करने पर पता चला पीछे की दीवार तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए का माल पार कर दिया है घटना की जानकारी होने पर डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई।



चोरों ने पीछे की दीवार पर सेंध लगाई।

## एक नजर

### भोगनीपुर चौराहे पर अधेड़ का मिला शव

**पुखरायां।** भोगनीपुर चौराहे पर एक अधेड़ का शव पड़े होने की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान आधार कार्ड से कर सूचना परिजनों को दी। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के भोगनीपुर चौराहे पर रविवार को एक अधेड़ का शव पड़े होने की सूचना स्थानीय लोगों ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक अवनीश वर्मा ने मौके पर जांच की। जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान औरैया जनपद के बेला बस्ती निवासी रामप्रकाश (60) के रूप में की गई। जिसके बाद पुलिस ने जानकारी मृतक के परिजनों को दी। एसआई अवनीश वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला गया जुलूस

**कुदरकोट।** रविवार को मोहर्रम के पर्व पर कुदरकोट में कड़ी सुरक्षा के बीच मुस्लिम समाज के लोगों ने अलम जुलूस निकाला। जिसमें कुदरकोट थाना अध्यक्ष पूजा सोलंकी पुलिस बल के साथ मौजूद रहीं। असलम मास्टर, भोले, डाबर खान, नसीब, उस्मान, दिलशाद, आमिर, कमालुद्दीन, रियाजुद्दीन, सलीम, एहसान खान एकाम खान आदि मौजूद रहे।

# जिले के 7 जर्जर नहर पुलों में तीन पर आवागमन प्रतिबंधित

## जर्जर चार पुलों से हल्के व दुपहिया वाहनों का आवागमन जारी रहने का आदेश

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में जर्जर पुलों से आवागमन किसी खतरे से कम नहीं है। जिले में नहर पर बने सात पुल जर्जर घोषित हैं। इनमे से तीन पुलों से आवागमन बंद करने की तैयारी है। जबकि चार पुलों से हल्के वाहनों का आवागमन जारी रहेगा।

बता दें कि जनपद के दो नगर निकाय व करीब 80 से अधिक गांवों की करीब पौने तीन लाख आबादी रूट डायवर्जन के चलते आवागमन से प्रभावित है। अभी तक केवल रूरा क्षेत्र के सिठमरा में नया पुल बनकर तैयार हो सका है। जबकि पिछले दिनों शासन से जिले के जर्जर पुलों का ब्योरा मांगा गया था। जिसके बाद जनपद में नहरों पर बने सात पुल जर्जर हालत में पाए गए थे। बारिश के मौसम में इन पुलों से आवागमन में खतरे की आशंका जताई गई है। जिसके चलते तीन पुलों से आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है।

जबकि चार पुलों से हल्के व दुपहिया वाहनों को आवागमन पर छूट दी गई है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार यह जर्जर नहर पुल करीब डेढ़ सौ साल पुराने हैं। इनकी उम्र समाप्त हो चुकी है।



सिठमरा के नए पुल से आवागमन करते वाहन सवार। अमृत विचार

> सात जर्जर पुलों से विभाग की सड़क निकली है। इन पुलों के रखरखाव की जिम्मेदारी विभाग को मिली है। नए पुल निर्माण के लिए शासन से मंजूरी लेनी है। प्रस्ताव मंजूरी के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।
>
> **सुरेंद्र कौशल, नोडल एक्सईएन सिंचाई विभाग**

### जिले में जर्जर पुल

- डिलवल खानपुर झींझक रेलवे स्टेशन मार्ग पर किमी चार पर बना नहर पुल
- रूरा-बनीपारा मिंडाकुआं मार्ग पर किमी दो पर गुटैहा में खारजा नहर पुल
- झींझक नगर पालिका में नगर के बीच बना पुल
- रसूलाबाद के कठारा में सियारी नाले पर बना पुल
- दुआरी मार्ग पर घाटमपुर रजबहा पर बना पुल
- मनेथू-खनपना मार्ग पर घाटमपुर रजबहा का पुल
- अहिरनपुरवा-श्यामपुरवा में नहर पर बना जर्जर पुल शामिल है।



सांसद जितेंद्र दोहरे को लड्डू खिलाते कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश कटियार।

## उपचुनाव में जीत पर कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई

**कानपुर देहात।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सात राज्यों के 13 विधानसभा उपचुनाव में दस सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत पर उत्साहित कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष नरेश कटियार की अगुवाई में अकबरपुर अंडरपास के नीचे राहगीरों को मिष्ठान वितरण कर खुशी का इज़हार किया गया। इसके बाद ब्लाक कांग्रेस कार्यालय पर सपा सांसद जितेंद्र दोहरे ने लड्डू खिलाकर जीत की बधाई दी। सपा जिलाध्यक्ष अरुण यादव, समीम कुरैशी, रोहित कटियार, सगीर अहमद, डीपी राठौर, महावीर यादव, उपेंद्र शुक्ला, सुरेंद्र कटियार, रामसिंह राजपूत, रामजी लाल राजपूत, राजेंद्र सचान, तारिक निजामी आदि रहे।

# अस्पताल में ही संचारी रोग नियंत्रण के दावे फेल

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- रैन बसेरे के सामने नालियां चोक, मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोग परेशान

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण माह में ही अफसरों के दावे हवाहवाई साबित हो रहे हैं। हालत यह है कि लोगों को साफ-सफाई की नसीहत देने वाले जिला अस्पताल के रैन बसेरे के सामने ही नालियां गंदगी से चोक हैं। इससे गंदा पानी भरा हुआ है और मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है।

संक्रामक रोगों से बचाव के लिए एक जुलाई को जिलाधिकारी आलोक सिंह ने अकबरपुर सीएचसी से संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की शुरूआत की थी। इसके तहत लोगों को बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई समेत अन्य जानकारी देने की कार्ययोजना बनाई गई है। वहीं बीमारियों से पीड़ितों के अस्पताल जाने पर चिकित्सक भी उन्हें जागरूक करते हैं, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते मेडिकल कालेज के अधीन जिला अस्पताल अकबरपुर में ही गंदगी व जलभराव की समस्या बनी हुई है। परिसर में नगर पंचायत के संचालित रैन बसेरे में ठीक सामने बनी नाली गंदगी से चोक होकर रह गई है। जिससे गंदा पाली काला पड़ गया है और उसमे मच्छरों की भरमार है। लोगों का कहना है कि मेडिकल कालेज भवन निर्माण के लिए मजदूरों को परिसर में ही ठहराया गया है, जो गंदगी को नालियों में फेंक देते हैं। जबकि सीएमएस डॉ. खालिद रिजवान कई बार निरीक्षण कर चुके हैं। इसके बावजूद समस्या नहीं खत्म हुई।



जिला अस्पताल के रैन बसेरे में सामने चोक नाली व गंदगी से काला हुआ पानी।

# शिक्षकों की उपस्थिति में सुधार नहीं

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- अफसरों की कोशिशों के बावजूद ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगा रहे शिक्षक

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा है। अफसरों की लाख कोशिशों के बावजूद शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने को तैयार नहीं हो रहे हैं।

परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को प्रेरणा एप पर ऑनलाइन उपस्थिति देना अनिवार्य किया गया है। इसका शिक्षक विरोध कर रहे हैं। शासन के आदेश के अंतर्गत ऑनलाइन उपस्थिति लगाने के लिए शिक्षकों को मनाने के लिए अधिकारी स्कूल-स्कूल घूम रहे हैं। वे शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दिए जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसके बावजूद उपस्थिति में सुधार होता नहीं दिख रहा है। शनिवार को 0.44 प्रतिशत शिक्षकों ने ही ऑनलाइन उपस्थिति दी है। यह एआरपी और एसआरजी की संख्या के बराबर है। अधिकारियों के लाख प्रयास के बावजूद ऑनलाइन उपस्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। जबकि सभी शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति लगाएं। इसके लिए उनको प्रेरित करने की जिम्मेदारी शासन ने विभागीय अधिकारियों को दी है। इसके बाद भी ऑनलाइन उपस्थिति में सुधार होता नहीं दिख रहा है। डिजिटिलाइजेशन के विरुद्ध लड़ाई जो 8 जुलाई को शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक संयुक्त मोर्चा ने शुरू की थी। उसका खुला समर्थन मिलने से सरकार पर दबाव बनना शुरू हो गया है।

15 जुलाई को शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। जब तक शिक्षकों की मांग पूर्ण कर संशोधित शासनादेश जारी नहीं किया जाएगा। तब तक शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश को स्वीकार नहीं करेंगे।

### कर्मचारी संयुक्त मोर्चा आज करेगा धरना प्रदर्शन

**कानपुर देहात।** शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का गठन सभी शिक्षक संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति किया गया। इस संयुक्त मोर्चा में जूनियर शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, अटेवा पेंशन बचाओ मंच, विशिष्ट बीटीसी संघ, महिला शिक्षक संघ, शिक्षामित्र संघ, अनुदेशक संघ, यूटा संघ, टीएससीटी संघ एवं अन्य शैक्षणिक संघों के सभी पदधिकारी एवं सदस्य शामिल हैं। संयुक्त मोर्चा का संयोजक सर्वसम्मति से अशोक सिंह राजावत को चुना गया। उनका कहना है कि वर्तमान में डिजिटल पंजिका और ऑनलाइन उपस्थिति का अव्यवहारिक आदेश जारी किया गया है। ऐसे में संयुक्त मोर्चा की मांग है कि उनकी मांगों को जल्द पूरा कर डिजिटलाइजेशन लागू किया जाए। विरोध स्वरूप सोमवार को संयुक्त मोर्चा जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देगा।

# 30 दिन गैरहाजिर रहे तो स्कूल से बाहर होंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- वार्षिक परीक्षा में भी 35 प्रतिशत से कम अंक पर आउट ऑफ स्कूल माने जाएंगे बच्चे

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा के परिषदीय स्कूलो में लगातार 30 दिन तक अनुपस्थित रहने वाले और किसी भी परीक्षा में 35 प्रतिशत से कम अंक लाने वाले छात्रों को अब आउट ऑफ स्कूल की श्रेणी में रखा जाएगा। यह निर्देश शासन से जारी किए गए हैं।

प्रदेश शासन ने आउट ऑफ स्कूल की परिभाषा बदलते हुए स्कूलों में बच्चों के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। बेसिक शिक्षा के प्रमुख सचिव डॉ. एमकेएस सुंदरम के निर्देशानुसार यदि 6 से 14 साल का कोई बच्चा नामांकित नहीं है, तो वह बिना विद्यालय का माना जाएगा।

यदि वह नामांकन के एक साल में लगातार 30 दिन तक अनुपस्थित रहता है तो उसे आउट ऑफ स्कूल माना जाएगा। इसके अलावा अगर वार्षिक मूल्यांकन में उसे 35 प्रतिशत से कम नंबर मिलते हैं तो भी ऐसे बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार लाने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं चलाई जाएंगी।

वहीं हर तिमाही में होने वाली पीटीएम बैठक में ऐसे बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग कराकर पठन-पाठन में सुधार लाया जाएगा। प्रमुख सचिव के भेजे गए पत्र में कहा गया है कि यदि बच्चा लगातार तीन दिनों तक बिना कारण अनुपस्थित रहता है तो शिक्षक उनके अभिभावकों से संपर्क कर कारण जानने की कोशिश करेंगे। इस बावत बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने कहा कि शासन से दिए गए निर्देशों का हरहाल में पालन कराया जाएगा।

# इंटरमीडिएट के मेधावियों को उच्च शिक्षा के लिए मिलेगी छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इंस्पायर अवार्ड योजना से देंगे छात्रवृत्ति

**अमृत विचार।** इंटर में उत्तीर्ण विज्ञान के मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी। छात्रवृत्ति विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत मिलेगी।

केंद्र सरकार द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अनुसंधान और नवाचार में रुचि रखने वाले छात्रों को इंस्पायर स्कालरशिप योजना के तहत यह छात्रवृत्ति दी जाती है। योजना में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (यूपी बोर्ड), केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) से 12वीं पास छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते है। विज्ञान वर्ग से इंटरमीडिएट पास करने वाले मेधावी ही इस योजना के लिए पात्र हैं। चयनित छात्रों को अगले पांच वर्ष तक हर साल 80 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। इंजीनियरिंग, मेडिकल के साथ स्नातक, परास्नातक की पढ़ाई के लिए यह मददगार होगी। छात्रवृत्ति में आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। इसके लिए छात्र वेबसाइट पर भी आवेदन कर सकते हैं। डीआईओएसकार्यालय से इस संबंध में सभी स्कूलों को छात्रों के आवेदन के संबंध में निर्देश दिए जा चुके हैं।




### आवेदन के लिए यह प्रपत्र होना बहुत जरूरी

- डीआईओएस बृजभूषण ने बताया कि आवेदक की आयु 17 से 22 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साथ ही पासपोर्ट साइज फोटो, केंद्रीय या राज्य बोर्ड से इंटरमीडिएट का प्रमाण पत्र, जन्मतिथि के प्रमाण पत्र के लिए हाईस्कूल का सर्टिफिकेट एवं मार्कशीट, एससीएसटी, ओबीसी आवेदकों के लिए जाति प्रमाण पत्र, एसबीआई बैंक का खाता व बारहवीं पास करने के एक वर्ष के अंदर बीएससी, एमएससी कोर्स, इंजीनियरिंग, मडिकल आदि में प्रवेश जरूरी है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी के चयन होने पर उसे पांच साल तक इंस्पायर स्कालरशिप का लाभ दिया जाता है। इस इंस्पायर स्कालरशिप के लिए प्रति वर्ष आवेदकों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

# पार्किंग न होने से नगर में लोग जाम से परेशान

संवाददाता मूसानगर

**अमृत विचार।** नगर पंचायत की सड़कों पर डग्गामार वाहनों के आड़ा-तिरछा खड़े होने से आए दिन जाम की समस्या रहती है। जबकि पार्किंग के लिए चिन्हित जगह पर अभी तक निर्माण पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मूसानगर कस्बा के मुख्य तिराहे पर डग्गामार वाहनों के आड़ा-तिरछा खड़े करने से यातायात बाधित हो जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुगल रोड से गजनेर को जाने वाले तिराहे पर भीड़भाड़ अधिक रहती है। वहीं कस्बे का मुख्य तिराहा होने से घाटमपुर, भोगनीपुर, गजनेर के लिए जाने वाले मार्गों में डग्गामार वाहन, ई-रिक्शा, आटो आदि सड़क पर खड़े होकर सवारियां भरते व उतारते है। इससे जाम लग जाता है। इन डग्गामार वाहनों पर प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है। जबकि नगर पंचायत द्वारा वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग स्थल बनाए जाने को लेकर जगह भी चिन्हित की गई थी, लेकिन अभी तक निर्माण नहीं हो सका। जिससे समस्या बनी हुई है। इस बावत अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर संजय कुमार पटेल ने बताया कि पार्किंग स्थल के लिए जगह चिंहित कर प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है।



जाम में फंसे वाहन।

# पुल के नीचे मिला महिला का शव

संवाददाता मंगलपुर

**अमृत विचार।** जुरिया गांव के पास नहर में एक महिला का नग्नावस्था में सड़ा हुआ शव उतराता हुआ मिला। शव झींझक की तरफ से नहर से बहता हुआ आया था। प्रथम दुष्टया अनुमान लगाया जा रहा कि महिला के साथ दुष्कर्म के बाद शव को फेंका गया। मृतका का दाहिना पैर भी टूटा हुआ था। पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के जुरिया गांव स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया पीजी महाविद्यालय के सामने नहर पुल के नीचे नग्नावस्था में करीब तीस वर्षीय अज्ञात महिला का शव उतराता पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी डायल 112 पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। जिसपर डेरापुर सीओ शिव ठाकुर, प्रभारी निरीक्षक मंगलपुर संजय कुमार गुप्ता व चौकी इंचार्ज झींझक अनुज अवस्थी मौके पर पहुंचे। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। नहर में महिला का नग्नावस्था में शव मिलने पर लोग दुष्कर्म के बाद हत्या कर फेंके जाने की आशंका जाहिर करते रहे। महिला का दाहिना पैर भी टूटा हुआ था और शव काफी सड़ चुका था। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शव को नहर से बाहर निकलवा कर पहचान के प्रयास किए गए हैं, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। शव करीब आठ दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। फिलहाल शव को मोर्च्युरी में रखवाकर शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।



महिला का नग्न शव मिलने पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

## संदिग्ध हालात में युवक ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**पुखरायां।** परेहरापुर गांव में एक युवक ने संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के परेहरापुर गांव निवासी संतोष ने बताया कि वह रविवार को परिजनों के साथ खेत पर गया हुआ था। घर में पुत्र अनूप (24) अकेला था। जब वह घर वापस आया तो उसने देखा कि अनूप आंगन के जाल में रस्सी के फंदे से फंदे पर लटका हुआ है और उसकी मौत हो चुकी है। उसके घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुखरायां चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह ने जांच-पड़ताल की। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अन्ना मवेशी को बचाने में पलट गई पिकअप

**रूरा।** थाना क्षेत्र के अकारु गांव में पानी की सप्लाई का काम करने वाले अनिल कुमार व अंकुश अपने गांव से रविवार की दोपहर पिकअप से पानी के डिलिवरी करने जा रहे थे। तभी रूरा-डेरापुर मार्ग पर किशुनपुर कोल्ड स्टोरेज के पास अचानक सड़क पर अन्ना मवेशी आ गया। जिसको बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर खंती में जा गिरी। जिससे दोनों लोग बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से उन्हें उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां डॉ अर्चना दोहरे ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



खड्ड में पलटी पिकअप। अमृत विचार

**कार्यालय ग्राम पंचायत रसूलपुर गोगूमऊ, विकास खण्ड सरवनखेडा कानपुर देहात**

पत्राकः मेमो / ग्रा0प0/निर्माण/निविदा/पत्रा0 2024–25 दिनांकः– 14.07.2024

ग्राम पंचायत के पन्द्रहवा वित्त आयोग / पंचम वित्त आयोग/मनरेगा/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान /स्वच्छ भारत मिशन/अमृत सरोवर का निर्माण एंव अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना / पूरक कार्ययोजना वित्तीय वर्ष 2023–24 में दर्ज एवं अन्य आवश्यक कार्य कराये जाने वाले विभिन्न प्रकार के सिविल / इलेक्ट्रिक कार्यो तथा नाली. खडन्जा, शौचालय, इन्टरलाकिंग, पंचायत भवन, अन्तेयष्टि स्थल, जनसेवा केन्द्र / सोलर विद्युत एव अन्य सभी प्रकार के कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति / कार्य का निर्माण फर्मो (जो समस्त प्रकार की औपचारिक्ताओं से पूर्ण हो) द्वारा निर्माण स्थल पर आपूर्ति / कार्य के निर्माण हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक 13.07.2024 से दिनांक 18.07.2024 तक एवं दिनांक 19.07.2024 अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित है सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक होगी निविदा ग्राम पंचायत में वर्ष 2024–25 में कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रभावी होगी निविदा दाता वार्षिक कार्ययोजना / पूरक कार्ययोजना में कराये जाने वाले कार्यो के कार्य स्थल को किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत में आकर अवलोकित कर सकते हैं। सामग्री समय से आपूर्ति / कार्य का निर्माण पूर्ण न करने पर समिति द्वारा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

सोहन कुमार
प्रधान
ग्राम पं0 रसूलपुर गोगूमऊ
वि0ख0–सरवनखेडा, जनपद–कानपुर देहात

अर्जुन सिंह
सचिव
ग्राम पं0 रसूलपुर गोगूमऊ
वि0ख0–सरवनखेडा, जनपद–कानपुर देहात

**कार्यालय ग्राम पंचायत लोदीपुर, विकास खण्ड सरवनखेडा कानपुर देहात**

पत्राकः मेमो / ग्रा0प0/निर्माण/निविदा/पत्रा0 2024–25 दिनांकः– 14.07.2024

ग्राम पंचायत के पन्द्रहवा वित्त आयोग / पंचम वित्त आयोग/मनरेगा/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान /स्वच्छ भारत मिशन/अमृत सरोवर का निर्माण एंव अन्य मदों से प्राप्त होने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना / पूरक कार्ययोजना वित्तीय वर्ष 2023–24 में दर्ज एवं अन्य आवश्यक कार्य कराये जाने वाले विभिन्न प्रकार के सिविल / इलेक्ट्रिक कार्यो तथा नाली. खडन्जा, शौचालय, इन्टरलाकिंग, पंचायत भवन, अन्तेयष्टि स्थल, जनसेवा केन्द्र / सोलर विद्युत एव अन्य सभी प्रकार के कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति / कार्य का निर्माण फर्मो (जो समस्त प्रकार की औपचारिक्ताओं से पूर्ण हो) द्वारा निर्माण स्थल पर आपूर्ति / कार्य के निर्माण हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक 13.07.2024 से दिनांक 18.07. 2024 तक एवं दिनांक 19.07.2024 अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित है सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक–पृथक होगी निविदा ग्राम पंचायत में वर्ष 2024–25 में कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रभावी होगी निविदा दाता वार्षिक कार्ययोजना / पूरक कार्ययोजना में कराये जाने वाले कार्यो के कार्य स्थल को किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत में आकर अवलोकित कर सकते हैं। सामग्री समय से आपूर्ति / कार्य का निर्माण पूर्ण न करने पर समिति द्वारा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

भागवती
प्रधान
ग्राम पं0 लोदीपुर
वि0ख0–सरवनखेडा, जनपद–कानपुर देहात

अर्जुन सिंह
सचिव
ग्राम पं0 लोदीपुर
वि0ख0–सरवनखेडा, जनपद–कानपुर देहात

**शासनादेश** प्रमुख सचिव के निर्देश पर सीएमओ ने चिकित्साधिकारियों को दिए निर्देश

# 2 घंटे से अधिक ईयर फोन का न करें प्रयोग

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** ईयर फोन के प्रयोग से लोगों के कानों में चोट पहुंच रही है। बड़ी संख्या में लोग कान की बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। प्रमुख सचिव के निर्देश पर ईयर फोन की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को जागरूकता की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमे कहा गया है कि लोग दो घंटे से अधिक ईयर फोन का प्रयोग न करें।

बता दें कि घर हो या ऑफिस इन दिनों हर जगह लोग अपने कान में ईयर फोन लगाए दिखाई देते हैं। कभी कोई फिल्म देखते हुए, तो कभी सफर के दौरान गाने सुनते समय ईयरफोन का इस्तेमाल पहले से काफी ज्यादा बढ़ चुका है।, लेकिन लोगों को पता नहीं कि घंटों ईयर फोन लगाने से कानों को नुकसान हो सकता है। ज्यादा देर तक ईयर फोन लगाए रखने से सिर दर्द, कान में दर्द और कान सुन्न होने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ईयर फोन लगाने से होने वाली परेशानियों को सहने से बेहतर है कि हम इसके नुकसानों के बारे में जान लें।

प्रदेश के प्रमुख सचिव पार्थ सरथी सेन शर्मा के निर्देश पर सीएमओ ने सभी चिकित्साधीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को ईयर फोन का कम से कम प्रयोग करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। जिला अस्पताल के ईएनटी विभाग में प्रतिदिन 20 से 30 मरीज पहुंच रहे हैं। ईएनटी सर्जन डॉ. रामकुमार चौबे का कहना है कि इनमें मोबाइल की दिक्कत के 50 प्रतिशत मरीज होते हैं। ऐसे में सावधानी बरतना बहुत जरूरी है।

### ईयरफोन के इस्तेमाल से यह नुकसान



ज्यादा तेज आवाज वाले ईयर फोन मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकते हैं और कानों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इनके ज्यादा इस्तेमाल से सुनने की क्षमता भी कम हो सकती है। लंबे समय तक हेड फोन पहनने से कान के अंदर के ब्लड फ्लो में बदलाव हो सकता है। इससे कानों को नुकसान हो सकता है। खासकर ज्यादा तेज आवाज में हेडफोन इस्तेमाल करने से कानों में इंफेक्शन का खतरा बढ़ाते हैं। अगर हेडफोन की पैडिंग या डिजाइन सही नहीं है और कान में वह सही बैठ नहीं रहे हैं। तो लंबे समय तक इन्हें इस्तेमाल करने से कान में दर्द और सूजन हो सकती है। वहीं ज्यादा आवाज आने के कारण सुनने की क्षमता प्रभावित हो सकती है और समय के साथ कानों की नसों को नुकसान हो सकता है। कान में घंटों ईयर फोन लगाने और तेज गाने सुनने से सिर में दर्द जैसी परेशानी हो सकती है।



प्रोजेक्ट नई किरण में सुनवाई करती महिला पुलिस कर्मी व सदस्य। अमृत विचार

# प्रोजेक्ट नई किरण में आठ मामलों में आपसी समझौता

**कानपुर देहात।** रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए कुल 40 मामले आए। जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद आठ परिवारों में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता करा दिया गया। जिसके बाद पति-पत्नी खुशी-खुशी फिर एक साथ रहने को तैयार हो गए। जबकि शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गई है।

इस मौके पर महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंह, महिला थानाध्यक्ष सुमन दीक्षित, कांस्टेबल प्रियंका, इन्दू, रामा देवी, शालू, रागिनी, नई किरण सदस्य डॉ. पूनम गुप्ता, कंचन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# बारिश की आड़ में लोन नदी में बहाया जा रहा फैक्ट्रियों का जहर

## उद्यमी व सीइटीपी स्टाफ मिलकर कर रहे मनमानी, प्रदूषण विभाग के जिम्मेदार मौन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** लोन नदी का प्रदूषित पानी भूगर्भ में जहर भरने के साथ साथ असपास के खेतों को बंजर कर रहा है। प्रदूषण की मुख्य वजह फैक्ट्रियों व औद्योगिक क्षेत्रों के नालों से इसमें मिलने वाला प्रदूषित पानी है। इसका नतीजा है कि लोन नदी का शुद्ध पानी अब गंदा व जहरीला हो चुका है। कामन इन्फ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीइटीपी) के जिम्मेदार अपनी खामियां छिपाने के लिए जेसीबी से नदी पर जमी जहरीले पानी की पर्त को आगे बढ़वा देते हैं। जिससे हाईवे से निकलने वाले आमजन व अफसरों को यह दिखाई न दे।

जिले के दही औद्योगिक क्षेत्र की साइड-1 व 2 में छोटी-बड़ी सैकड़ों फैक्ट्रियां संचालित हैं। यह फैक्ट्रिया ऐसी हैं जिनमें किसी न किसी रूप में रोजाना हजारों लीटर पानी का इस्तेमाल और उत्प्रवाह किया जाता है। इन फैक्ट्रियों से निकलने वाले पानी को शुद्ध करने के लिए दही क्षेत्र में ही सीइटीपी भी लगा है। लेकिन, सिर्फ कुछ ही टेनरियां व फैक्ट्रियां इससे जुड़ी हैं। अन्य फैक्ट्रियों व स्लाटर हाउसों के संचालकों के अनुसार, उनके यहां खुद के इंफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (इटीपी) लगे हैं। हालांकि, बड़ी मात्रा में उनका प्रदूषित पानी भी नालों के जरिए लोन नदी में गिराया जाता है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि यह फैक्ट्रियां दिन में तो कुछ समय इटीपी चलाने का काम करती हैं लेकिन, अन्य पानी को स्टोर पर रात में लोन नदी में ही टैंकरों से पहुंचा दिया जाता है। इसी क्रम में बीती शनिवार शाम एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। जिसमें हाईवे किनारे लोन नदी में फैक्ट्रियों, स्लाटर हाउसों व सीइटीपी द्वारा बहाया गया केमिकलयुक्त पानी की एक मोटी परत जम गई। अब इसे कोई अधिकारी या आमजन न देख ले इसके लिये जेसीबी से नदी में जमी परत को आगे की ओर बहाया जा रहा था। जब अमृत विचार के संवाददाता ने जेसीबी चालक से इस बारे में पूछा तो उसने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सीइटीपी अधिकारियों के निर्देश पर नदी में जमी केमिकलयुक्त पानी की परत को आगे बढ़ाया जा रहा है।


फैक्ट्रियों से निकले जहरीले व केमिकलयुक्त पानी को आगे बढ़ाती जेसीबी।

- लोन नदी का शुद्ध पानी भी हुआ गंदा व जहरीला

### बोले जिम्मेदार

सीइटीपी में तैनात कंसल्टेंट आशुतोष टंडन ने कहा कि प्लांट से ये सब कहां निकलता है। जेसीबी से नाले की सफाई करवाई जा रही होगी। अगर आपके पास कोई फोटो हो तो हमें दें। हम इसे दिखवाएंगे।

# भतीजे से विवाद के बाद बिगड़ी वृद्ध की हालत, मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र के उदशाह गांव में 72 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। बहू ने पारिवारिक भतीजे पर विवाद के दौरान गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदय गति रुकने से मौत होने की पुष्टि हुई। एहतियात के तौर पर जांच के लिए पेट संबंधी छह बिसरा सुरक्षित किए गए हैं।

उदशाह गांव निवासी रामचरण (72 खेती करता था। जमीनी विवाद के चलते उसका पारिवारिक भतीजा पिंटू पुत्र काली अक्सर उससे विवाद करता था। तीन साल पहले रामचरण के बेटे बबलू ने गांव की युवती शशि से शादी की थी। पिंटू इसका भी विरोध करता था। बबलू रेलवे कोच बनने वाली फैक्ट्री में नौकरी करने से बाहर रहता है। बहु शशि के मुताबिक पिंटू शनिवार रात नशे में उसके घर आया। इसके बाद उसके ससुर रामचरण से फिर विवाद शुरू हो गया। भतीजे से विवाद के दौरान वृद्ध की हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। बहू शशि के मुताबिक वह कई बार मारपीट भी कर चुका है। वहीं पोस्टमार्टम में उसकी मौत हृदय गति रुकने सामने आई है। एतिहात के तौर पर विसरा सुरक्षित किया गया है। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि बहू ने आरोप लगाए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत नगर पंचायत नवाबगंज निवासी राकेश सिंह का 25 वर्षीय बेटा उदय प्रताप कानपुर में बहन के यहां रहता था। चार दिन पूर्व वह घर आया था। शनिवार शाम वह खाना खाकर दुकान में सोने चला गया था। सुबह कुसुम्भी रेलवे स्टेशन पर क्रासिंग पार करते समय कानपुर से लखनऊ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शाम को खाना खाकर दुकान में सोने गया था। वह कुसुम्भी क्यों गया इस बारे में कुछ पता नहीं।


उदय प्रताप सिंह।

## सार-संक्षेप


अलग -अलग रह रहे जोड़ों की काउंसिलिंग करते परामर्शदाता। अमृत विचार

### 18 जोड़ों ने फिर से थामा एक-दूसरे का हाथ

**उन्नाव।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर पुलिस लाइन व विभिन्न थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्प डेस्क में रविवार को पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। जहां परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा काउंसिलिंग कर उनके विवाद खत्म कराते हुए सभी को खुशी-खुशी विदा किया गया। इस दौरान महिला थाना से 7, परिवार परामर्श केंद्र से 6, थाना सोहरामऊ व बांगरमऊ से 2-2, फतेहपुर चौरासी से 1 जोड़े को पुन: साथ साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस कार्य में डॉ. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, डा. एसके पांडेय, अबरार हुसैन, संजय चौरसिया, डा. अवसार अली, डा. सगीर अहमद व सहयोगी शिवेंद्र सिंह चौहान, अंकित सिंह, स्वास्तिक मिश्रा व पुलिस टीम से निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, महिला एसओ अर्चना, महिला दरोगा भागीरथी, महिला कान्स्टेबल पूजा शर्मा, अंशू रानी, साधना, सेविका, आरती गौतम, ज्योति कुमारी का विशेष योगदान रहा।


प्रतीक चिह्न के साथ मौजूद शिक्षक व शिक्षिका । अमृत विचार

### अखिल भारतीय शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत हुए प्रदीप व प्रीति

**उन्नाव।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी सहारनपुर द्वारा अखिल भारतीय शिक्षक सम्मेलन में जिले के दो शिक्षकों को जिसमें हसनगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवलगंज की शिक्षिका प्रीति भारती व उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा औरास के शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा को शिक्षा रत्न-2024 से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान लेखक डा. प्रदीप कुमार वर्मा की पुस्तक रिश्तों की परख-एक अनोखा अहसास का विमोचन भी किया गया। भारत के श्रेष्ठतम प्रकाशक मंडल अनहर्ड कंसाइंस द्वारा प्रकाशित किया गया है। रिश्तों के प्रति जिम्मेदारी और उन भावनाओं को बयां करती पुस्तक रिश्तों की परख अद्भुत काव्य संग्रह मानवीय संवेदनाओं से पूर्ण है। यह बातें ग्लोकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. पंकज मिश्र ने अखिल भारतीय शिक्षा सम्मेलन में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरान कहीं। योगगुरु डॉ. भारत भूषण ने पुस्तक पर बारीक नजर डालते हुए कहा कि इस कठिन जीवन यात्रा में बहुत से उतार चढ़ाव व जटिलताएं आती हैं। किंतु मां हो या पिता, पत्नी हो या बहन जीवन के हर मोड़ में अपना किरदार निभाने से नहीं चूकते। इन्हीं अनोखे एहसासों को लेखक ने सबके सामने इस पुस्तक के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया है।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई का हुआ पुनर्गठन

**बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के स्टेशन रोड स्थित गल्ला समिति सरस्वती शिशु एवं बाल मंदिर विद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में लवकुश नगर जिला संयोजक योगेश तिवारी ने बताया कि 76 वर्षों की इस यात्रा में विद्यार्थी परिषद का एक-एक कार्यकर्ता अपने हृदय में ज्ञान शील व एकता के मूल मंत्र को आत्मसात कर देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य कर रहा है। अंत में अभिषेक गुप्ता इकाई का नगर अध्यक्ष, रविशंकर, देवव्रत, रेखा, दुर्गेश व प्रत्यूष को उपाध्यक्ष घोषित किया गया। इसके अलावा शुभम वर्मा को नगर मंत्री तथा प्राची, हर्ष शर्मा, अविनाश, हर्ष गुप्ता व शुभम रस्तोगी को सहमंत्री तथा सत्यम व आशुतोष को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया। निर्वाचन अधिकारी का दायित्व पूर्व जिला प्रमुख विजय गुप्ता और जिला प्रमुख विजय शंकर ने निभाया।

### इंडिया गठबंधन की जीत पर कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार को 7 राज्यों में हुए विधानसभा उप चुनाव नतीजों में इंडिया गठबंधन को अधिक सीटें मिलने पर कांग्रेसी खुशी से झूम उठे। जिसके बाद रविवार को आने जाने वाले लोगों को लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। शनिवार को 7 राज्यों में 13 विधानसभा सीटों का चुनाव परिणाम घोषित हुआ। जिसमें एनडीए की करारी हार हुई। वहीं इंडिया गठबंधन के घटक दलों को 10 सीट मिलने पर नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे और रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां खुशी का इजहार करते हुये लड्डू बांटे। इस अवसर पर पुत्तीलाल वर्मा, रविशंकर गुप्ता, जयपाल साहू, मुन्ना सोनी, बाबूलाल, राजेश, कमलेश आदि लोग मौजूद रहे।

# 100 फीट ऊंचे पोल पर नहीं लहरा रहा है भारतीय तिरंगा

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर सरकार व प्रशासन जहां हर घर तिरंगा फहराने की मुहिम चलाते हुए आमजन को तिरंगा मुहैया करवा रही थी। वहीं तत्कालीन सीडीओ दिव्यांशु पटेल के निर्देश पर सफीपुर विकासखंड परिसर में शहीद स्मारक के बगल में लाखों रुपये की लागत से 100 फीट ऊंचे पोल पर तिरंगा फहराया गया था। जो कस्बे के चारों कोनों से ही नजर आता था। परंतु बीते 5 माह से पोल से तिरंगा गायब है।

पोल से तिरंगा गायब हुए लंबा समय बीत गया परंतु इस खाली पोल पर प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया है। बीते गणतंत्र दिवस पर 100 फीट ऊंचे पोल पर तिरंगा फहराया गया था। इसके बाद लंबे समय से पोल बिना तिरंगे के खड़ा है। ब्लॉक परिसर में अक्सर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का आवागमन होता रहता है। लेकिन शायद किसी की नजर इस 100 फीट ऊंचे लगे खाली पोल पर नहीं पड़ी। इस बारे में बीडीओ सफीपुर श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज पुराना होकर क्षतिग्रस्त हो गया था। उसे सम्मान पूर्वक रखवा दिया गया है। जल्द ही नया राष्ट्रीय ध्वज लगवा दिया जाएगा।


विकासखंड परिसर में बिना तिरंगे के लगा पोल।

# सपा नेता के भाई की मौत, हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के दरोगा बाग मोहल्ला निवासी सपा नेता के भाई की संदिग्ध परिस्थितियों में उसके परिचित के घर में मौत हो गई। सपा नेता ने भाई की मौत पर संदेह जताते हुए पुलिस को जानकारी दी। पोस्टमार्टम में उसकी मौत सिर पर आई चोटों (हेड इंजरी) से होने की बात सामने से आई है। चोटें कैसे आईं इसकी तहकीकात करने में पुलिस जुटी है।


देवेंद्र।

दरोगाबाग सिविल लाइन निवासी सपा नेता व व्यापारी शैलेंद्र का छोटा भाई देवेंद्र (50) कल्याणी मोहल्ला निवासी एक टायल कारोबारी के यहां काम करता था। शैलेंद्र ने बताया कि शनिवार रात नौ बजे शहर के उसके दोस्त आवास विकास कालानी निवासी प्रापर्टी डीलर राजन श्रीवास्तव का वाहन चालक सुधीर का बेटा देवेंद्र को लेकर गया था। रात तक घर न लौटने पर उसकी पत्नी गीता ने फोन मिलाया तो देवेंद्र ने आवास विकास में होने की बात बताई और थोड़ी देर में घर लौटने को कहा। लेकिन, बाद में उसका फोन बंद हो गया। इसके बाद करीब 1:40 बजे निराला उद्यान सिविल लाइन निवासी राजन का भांजा अभिषेक व भांजी ने उसे करंट लगने से देवेंद्र की मौत और शव अस्पताल में रखा होने की जानकारी दी। उन्हें गर्दन व सिर पर चोट के निशान देख उसकी हत्या किये जाने का संदेह हुआ। भाई की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम कराया। इसमें उसकी मौत हेड इंजरी से होने की बात सामने आई है। सिर पर चोट के निशान मिले हैं जो हत्या किए जाने की ओर इशारा कर रहे हैं।

देवेंद्र के पिता पुलिस विभाग में व मां कल्पना सिंह सभासद रही हैं। जिनकी मौत हो चुकी है। एसएचओ प्रमोद मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। जिन लोगों ने अस्पताल पहुंचाया था उन्हें उन्हीं के घर पर बुलाया गया है।


गमगीन खड़े परिजन। अमृत विचार

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर चोट की जानकारी मिली

# या हुसैन या हुसैन की गूंजीं सदायें

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- हजरत कासिम की शहादत की याद में जुलूस निकाला गया
- जूलूस में हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर शिरकत की

**अमृत विचार।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम की सात तारीख को नगर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा स्थित बड़े इमाम बाड़े से हजरत इमाम हुसैन के भतीजे 13 वर्षीय हजरत कासिम की शहादत की याद में तख्त, अलम, जुलजना का जुलूस या हुसैन या हुसैन या अली मौला हैदर मौला की सदाओं के बीच गमगीन माहौला में नगर के परंपरागत विभिन्न विभिन्न मार्गो से निकाला गया। जुलूस में सभी वर्ग के लोगों ने शिरकत करके इमाम को श्रदांजलि आर्पित की। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा।

रविवार शाम करीब तीन बजे इमाम बाड़े से जूलूस का आगाज हुआ। जो नगर के किला बाजार, मीर बाजर, मियां बाजार, चालाक टोला होता हुआ हाता बाजार राहतगंज बाजार से होता पूरी रात गश्त करता हुआ सोमवार सुबह समाप्त होगा। इमाम बाड़ों व इमाम चौकों पर अंजुमन इमामिया के सदस्य सीनाजनी करते हुए नौहाख्वानी करेंगे। जुलूस में महिलाओं की भी अच्छी खासी भीड़ रही।


हजरत कासिम का जुलूस उठाते अंजुमन इमामिया के सदस्य। अमृत विचार

# किराना दुकानदार ने फांसी लगाकर दी जान

**सफीपुर उन्नाव।** किराना दुकान संचालक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के क़स्बा के मोहल्ला ब्राह्मण टोला निवासी मिथिलेश उर्फ बउआ राठौर (45) पुत्र रमेश चंद्र घर के बाहर किराने की दुकान चलाता था। शनिवार शाम तक लोगों ने उसे वहां देखा। इसके बाद वह घर चला गया। सुबह देर तक जब वह बाहर नहीं निकला तो पड़ोसियों व परिजनों को चिंता हुई। जब उन लोगों ने वहां जाकर देखा तो फंदे से उसका शव लटक रहा था। एक सप्ताह पूर्व मायके गई पत्नी संजू देवी सूचना पर घर पहुंची ओर बताया कि लंबे समय से पेट की बीमारी से परेशान थे। दुकान में इतनी आमदनी नहीं थी कि घर का खर्च व इलाज करा पाते।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में पहुंचे 63 मरीज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- सभी को दी गईं निःशुल्क दवाइयां

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां भी दीं।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और मरीजों को दवा बांटी । इसके अलावा डॉ. रश्मि वर्मा, डा. शिप्रा झा, विमल किशोर ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया।

स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 63 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा, अमित कुशवाहा, राजीव द्विवेदी समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी रहे।

**तैयारी** आंदोलन के तहत कोई न कोई इवेंट जारी रखना चाहते हैं परिषदीय शिक्षक

# एआरपी व एसआरजी भी दें सकते हैं इस्तीफा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- लगभग 800 संकुल शिक्षक पहले ही दे चुके हैं इस्तीफा

**अमृत विचार।** अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए परिषदीय शिक्षक जारी आंदोलन के तहत कोई न कोई नया इवेंट जारी रखना चाहते हैं। सोमवार को बाकी बचे संकुल शिक्षकों के साथ एआरपी व एसआरजी से भी सामूहिक इस्तीफे दिलाए जा सकते हैं। इसके लिए रविवारीय अवकाश के बावजूद उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला स्तरीय बैठक कर रणनीति बनाई। इससे पहले भी संगठन पदाधिकारी संबंधित लोगों से शिक्षक एकता बनाए रखते हुए इस्तीफे की आवश्यकता जताते रहे हैं।

संकुल शिक्षक सहित एआरपी व एसआरजी वास्तव में शिक्षक पद पर ही कार्यरत हैं। हालांकि शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों व योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कराने के लिए शासन ने उन्हें संबंधित पदों से नवाज रखा है। वह मूल तैनाती वाले विद्यालयों में शिक्षण कार्य कराने के बजाए तय कार्यक्षेत्र के विद्यालयों में गतिविधियों का संचालन कराते हैं। पिछले दो दिन आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए संकुल शिक्षकों ने अपने पदों से सामूहिक इस्तीफे दिए हैं। अधिकांश ब्लाक क्षेत्र के संकुल शिक्षकों के इस्तीफे होने के बाद अब बाकी बचे लोगों द्वारा सोमवार को सामूहिक इस्तीफे दिलाए जा सकते हैं। अध्यक्ष ब्रजेश पांडेय व गजेंद्र वर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने रविवार को एक्स पर चलाए गए अभियान के बीच बैठक कर आगे की रणनीति तय की। इस दौरान इस्तीफों की कड़ी को आगे बढ़ाने पर विचार किया गया।

# भाजपा विधायक ने शिक्षकों के विरोध का किया समर्थन

- सीएम योगी आदित्यनाथ को ऑनलाइन हाजिरी आदेश स्थगित करने को लिखा पत्र

**उन्नाव।** लंबित मांगे पूरी न होने तक ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे जिले के शिक्षकों ने अब जनप्रतिनिधियों से सीएम का आंदोलन के समर्थन में पत्र लिखवाने का सिलसिला शुरू किया है। भाजपा से विधायक पंकज गुप्ता से कराई गई है। विधायक ने ऑनलाइन हाजिरी का आदेश स्थगित करनेका पत्र लिखा है।

परिषदीय शिक्षक डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा के आदेश के बावजूद ऑनलाइन हाजिरी दर्ज नहीं करा रहे हैं। हालांकि वह रोज विद्यालय पहुंचकर उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर करते हुए शिक्षण कार्य व अन्य दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। विपक्षी सांसदों सहित कई एमएलसी शिक्षकों के समर्थन में पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख चुके हैं। अब जिले के शिक्षकों ने भाजपा विधायकों से भी यह आदेश स्थगित कराने को पत्र लिखाना शुरू किया है। इसकी शुरुआत सदर विधानसभा से भाजपा विधायक से की गई है। सदर विधायक ने संघ के पदाधिकारियों के आग्रह पर मुख्यमंत्री का पत्र लिखकर ऑनलाइन हाजिरी आदेश स्थगित करने की सिफारिश की है। शिक्षक नेताओं ने सदर विधायक द्वारा लिखे गए समर्थन पत्र को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# चार युवकों पर बच्चे से कुकर्म करने का आरोप

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** चार युवक रेलवे स्टेशन के पास खेल रहे एक 10 वर्षीय बालक की आखों में पट्टी बांध कर एकांत में ले गए और उससे कुकर्म किया। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी मां ने बांगरमऊ कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती शनिवार शाम उसका 10 वर्षीय बेटा रेलवे स्टेशन के पास खेल रहा था। तभी मोहल्ला निवासी चार युवकों ने उसे पकड़ लिया और आखों में पट्टी बांधकर उसे एकांत में ले गए। फिर चारों ने बारी-बारी उससे कुकर्म किया। बाद में जान से मार डालने की धमकी देते हुए वीडियो भी बनाया। मां की शिकायत पर चारों युवक उसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। कोतवाल राजकुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना में दो युवकों के नाम प्रकाश में आए हैं। रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सफाई कर्मी की लापरवाही से जाम हुई नालियां, लोग परेशान

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** एक ओर जहां सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अभियान चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सफाई कर्मियों की लापरवाही से नालियों की सफाई न होने से बारिश का गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। जिससे तरह-तरह की संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं।

बता दें कि इद दिनों सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत गावों को स्वच्छ रखने का जो सपना देख रही है उस सपने पर क्षेत्र के सफाई कर्मी पलीता लगाने का काम कर रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण नवाबगंज विकासखंड के गांव जैतीपुर में देखने को मिल रहा है। जहां बीते कई माह से सफाई कर्मी गांव में देखने तक नहीं आया। जिसका परिणाम यह है कि गांव की नालियां जाम हो गई हैं और उनका गंदा पानी लोगों के घरों में भर रहा है। जिससे ग्रामीणों में तरह-तरह की संक्रामक बीमारियां फैलना शुरू हो गई हैं। लेकिन फिर भी जिला प्रशासन इस ओर लापरवाह बना हुआ है।

जैतीपुर निवासी माधुरी तिवारी, छोटू, राधेश्याम, विनय, पंकज आदि के घरों में पानी भर रहा है। उनका कहना है कि संदर्भ में कई बार खंड विकास कार्यालय जाकर खंड विकास अधिकारी को भी अवगत कराया। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। उनका कहना है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे इसकी शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर करेंगे।


घरों के बाहर तक पहुंचा नाली का गंदा पानी। अमृत विचार

- गंदे पानी की वजह से संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा

# चेतावनी बिंदु के और करीब पहुंचा गंगा का जलस्तर

## चेतावनी बिंदु से मात्र 28 सेमी दूर बचा है पानी, निचले इलाकों के मकानों के आसपास भरा पानी, ग्रामीण हो रहे परेशान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


जलस्तर बढ़ने से डूबा केन्द्रीय जल आयोग का मीटरगेज। अमृत विचार


जलस्तर बढ़ने से पानी से लबालब हुआ पर्यावरण घाट। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगा का जलस्तर तेजी से चेतावनी बिंदु के करीब पहुंच रहा है, जिससे अब तटवर्ती इलाकों के अलावा ग्रामीण इलाकों के मैदानी क्षेत्रों में तेजी से बाढ़ का पानी बढ़ने लगा है। जलस्तर बढ़ने से कटरी के खेतों में पानी पहुंच गया है।

केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि शनिवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 111.660 मीटर दर्ज किया गया था। जो रविवार सुबह 11 बजे तक स्थिर रहा। इसके बाद जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई और दोपहर 12 बजे 111.680 मीटर दर्ज किया गया। जो एक बजे 111.700 मीटर पहुंच गया। जिसके बाद शाम पांच बजे गंगा के जलस्तर में दो सेंटीमीटर और बढ़ोतरी दर्ज की गई और जलस्तर 111.720 मीटर मापा गया। जो चेतावनी बिंदु 112 से महज 28 सेंटीमीटर दूर है। गंगा के बढ़े जलस्तर के कारण गोताखोर, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड, कर्बला, शाही नगर, तेजी पुरवा, गगनी खेड़ा आदि इलाकों में बने मकानों के आस पास बाढ़ का पानी भर गया। जिससे वहां पर रहने वाले लोगों को आवागमन में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं अब ग्रामीण क्षेत्रों की ओर बाढ़ का पानी रूख कर गया है। कटरी से लगे गांवों में भी गंगा का पानी भर गया। खेतों में पानी भरने के कारण सब्जी की फसलें बर्बाद होने का खतरा अब किसानों सताने लगा है।

### 2 लाख 56 हजार 2 सौ 39 क्यूसेक पानी छोड़ा गया

बैराज बांध के पोस्ट रीडर गेज उत्तम पाल ने बताया कि रविवार को बैराज बांध से 2 लाख 56 हजार 2 सौ 39 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके अलावा नरौरा बांध से 30 हजार 9 सौ 86 क्यूसेक और हरिद्वार बांध से 35 हजार 39 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिससे एक दो दिन के भीतर शुक्लागंज की ओर गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु पार कर सकता है।

# परियर में बढ़ा बाढ़ का खतरा, ग्रामीणों के माथे पर पड़े बल

संवाददाता परियर उन्नाव

- लगातार हो रही बारिश से एक दर्जन गावों के पास पहुंचा पानी

**अमृत विचार।** लगातार हो रही बारिश व पानी छोड़े जाने से गंगा नदी का जलस्तर कई दिनों से लगातार बढ़ रहा है। जिससे अब पानी क्षेत्र के एक दर्जन गावों के पास पहुंच गया है। ऐसे में आसपास के गावों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बाढ़ से फसल भी बर्बाद होने की चिंता ग्रामीणों को सताने लगी है। एसडीएम सफीपुर नवीन चंद्र ने सदर तहसील के पनपथा गांव पहुंचकर बाढ़ का निरीक्षण किया व मौजूद लेखपाल दीपचंद को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

सदर तहसील क्षेत्र के परियर कटरी क्षेत्र में गंगा का जलस्तर बढ़ने से अब पानी माना बंगला, देवी पुरवा, बंदन पुरवा, लाल्टू पुरवा, बाबू बंगला, टपरा, महानंदपुरवा, बेनिपुरवा, कोलवा, अतरी, पनपथा सहित एक दर्जन गावों के पास तक पहुंच गया है। लोग बाढ़ की आशंका को लेकर चिंतित हैं। राजकुमार, विपिन, संजय, कमलेश, विनोद, निवाजी, सुंदर, रमेश, गुड्डू, पप्पू, रामकिशन, भानु तिवारी, पुतु आदि ने बताया यदि अगर बाढ़ आ गई तो खेतो में तैयार लौकी, कद्दू, तरोई, टिंडा, सेमी, करेला आदि की फसल बर्बाद हो जाएगी। क्षेत्रीय लखपालों ने नाविक व गोताखोरों की सूची बनाना शुरू कर दिया है।


बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण करते एडीएम नरेंद्र सिंह। अमृत विचार

# लगातार बढ़ रहे जलस्तर से बढ़ी चिंता, एडीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता फतेहपुर चौरासी

- किसानों की कई बीघे फसल जलमग्न होने से हुई बर्बाद किसानों को हुआ नुकसान

**अमृत विचार।** गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि जारी है। जिससे कटरी क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। किसानों की कई बीघे फसल जलमग्न हो गई है।

रविवार को एडीएम नरेंद्र सिंह ने बांगरमऊ तहसीलदार रामाश्रय के साथ बाढ़ संभावित गावों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने हिंदूपुर व दबौली में निरीक्षण के बाद ग्रामीणों से बात की और सभी से गंगा के जलस्तर का हाल जाना। इसके बाद कटरी गदनपुर आहर गांव पहुंचे। जहां उन्होंने कटान वाले क्षेत्र को देखकर संबंधित अधिकारियों को उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए। किसानों में सोहन, मनीराम वअनीस आदि ने बताया कि यदि जलस्तर में और वृद्धि हुई तो बची फसलें भी जलमग्न हो जाएंगी। जिससे भारी नुकसान झेलना पड़ेगा।


श्री जगन्नाथ जी की आरती करते पदाधिकारी। अमृत विचार


छठी में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

# श्री जगन्नाथ जी की छठी में उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

**अमृत विचार।** रविवार को राजधानी मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में श्री जगन्नाथ जी की छठी का आयोजन हुआ। जिसमें समिति के लोगों ने श्री जगन्नाथ जी की आरती उतारकर उन्हें भोग लगाया। जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। तमाम श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद चखा।

श्री जगन्नाथ सेवा समिति की ओर से शुक्लागंज में जगन्नाथ यात्रा निकाली गई थी। जिसके बाद रविवार को भगवान की धूमधाम से छठी मनाई गई। जहां राजधानी मार्ग स्थित रूद्र नगर स्थित आवा कान्टीनेंटल में भगवान की विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद उन्हें भोग लगाया गया। जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जहां आने जाने वालों के अलावा अन्य लोगों ने प्रसाद चखा। समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने बताया कि सनातन धर्म के अनुसार जगन्नाथपुरी में आज के दिन ही प्रभु अपने मूल निवास पर लाए जाते हैं।

जिसके उपरांत उनकी छठी का आयोजन किया जाता है। पूजन का कार्यक्रम आचार्य दीपक कृष्ण शास्त्री व संतोष शास्त्री ने कराया। इस मौके पर कमल वर्मा, श्रीकांत पांडे, अंकुर शुक्ला, केडी त्रिवेदी, रामजी गुप्ता, प्रमोद त्रिवेदी, आशुतोष शुक्ला, सूर्य कुमार बाजपेई, संदीप पांडे, अनूप साहू, सोनी शुक्ला, जीतेन्द्र साहू, अवनीश शुक्ला, उदयराज यादव, रामप्रकाश शुक्ला, अनूप साहू, संदीप शुक्ला, प्रदीप शुक्ला समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# बारिश न होने से धान रोपाई करने वाले किसान परेशान

**शुक्लागंज उन्नाव।** जुलाई माह का दूसरा सप्ताह बीत गया है। बीच में कई बार झमाझम बारिश हुई। जिसके बाद मानसून की बेरूखी साफ देखी जा सकती है। जिस कारण किसान परेशान हैं और उनके माथे पर चिंता की लकीरे देखने को मिल रही है।

जून के आखिरी सप्ताह से लेकर जुलाई के पहले और दूसरे सप्ताह के बीच धान की रोपाई शुरू होने के बाद खत्म होने को होती है। इस बार मौसम वैज्ञानिकों ने सामान्य से भी अधिक की भविष्यवाणी की थी। जिस पर जुलाई के शुरूआती दिनों तक झमाझम बारिश हुई। जिससे किसानों के चेहरे में खुशी देखने को मिली। कटहा दलनरायणपुर, घोंघी, महदिनवां, कर्मी बिझलामऊ, फत्तेपुर, सरैयां, नरबीजपुर, मुरलीपुर आदि गांवों में किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं।

# बायकाट अटेंडेंस 1.2 मिलियन ट्वीट के साथ नंबर एक पर रहा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- ट्रंप पर हुए हमले के ट्वीट को पीछे छोड़ने का किया दावा

**अमृत विचार।** परिषदीय शिक्षकों ने रविवारीय अवकाश के दिन प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर सोशल मीडिया पर बायकाट डिजिटल अटेंडेंस अभियान चलाया। एक्स पर चलाया गया शिक्षकों का यह अभियान खूब ट्रेंड हुआ और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर हुए हमले को लेकर होने वाले ट्वीट को पीछे छोड़ गया। नेताओं ने 1.2 मिलियन ट्वीट के साथ भारत में नंबर-एक पर ट्रेंड होने का दावा किया है।

परिषदीय शिक्षक पिछले कई दिन से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर संगठन के बायकाट अभियान को ट्रेंड कराने की तैयारी कर रहे थे। शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष डा. दिनेश शर्मा द्वारा एक्स पर अभियान चलाने की अपील की गई थी, जिसे वायरल करते हुए शिक्षक नेता अभियान की सफलता में जुटे थे। रविवार को दो बजे से अभियान चलाया जाना था, लेकिन सुबह से शिक्षकों ने ट्वीट करने की शुरुआत की दी। इस बीच शिक्षकों का बायकाट संबंधी ट्वीट ट्रंप को लेकर होने वाले ट्वीट को पीछे छोड़ते हुए 1.11 एम पोस्ट के साथ नंबर-एक पर ट्रेंड करने लगा। देर शाम शिक्षक नेताओं ब्रजेश कुमार पांडेय, मदन आदि अभियान चलाया।

# सड़क हादसों में अधिवक्ता समेत तीन की मौत, कई घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


सौरभ तिवारी।


अनिल।

**अमृत विचार।** औरास थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के फकीरे खेड़ा गांव के पास एक अधिवक्ता की तेज रफ्तार कार पीछे से अज्ञात वाहन में घुस गई। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इटावा जिला के थाना इकदिल अंतर्गत पक्का बाग आवास विकास कालोनी निवासी सौरभ (35) पुत्र दिनेश चंद्र तिवारी अधिवक्ता थे। वह लखनऊ में सिडबी बैंक में कानूनी सलाहकार के पद पर थे और गोमती नगर मोहल्ला में किराए के मकान में परिवार के साथ रहते थे। शनिवार को वह बैंक के काम से आगरा की लोक अदालत गए थे। जहां से रात में लौटते समय थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर फकीर खेड़ा गांव के पास उनकी कार आगे चल रहे अज्ञात वाहन में पीछे से जा घुसी। यूपीडा कर्मियों ने उसे सीएचसी औरास पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**औरास।** थानाक्षेत्र के गांव लोधई के मजरा पंचमखेड़ा निवासी अनिल (30) गुरुवार सुबह गांव के गंगा प्रसाद के खेत में धान लगाने के लिए रोटावेटर से जोत रहा था। तभी ट्रैक्टर खेत में फंस गया। फावड़े से मिट्टी हटाते समय अचानक ट्रैक्टर उसके ऊपर पलट गया। उसे दबा देख शोर मचाने पर अपने खेतों में काम करे ग्रामीणों ने उसे कि बाहर निकाला। परिजन उसे पास के एक निजी अस्पताल लाए थे। जहां से उसे रेफर किया गया। परिजनों ने लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां रविवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के सांईपुर सगौड़ा गांव निवासी विश्नू (35) पुत्र स्व. पप्पू शनिवार शाम ट्रैक्टर में रोटावेटर बांधकर खेत की जुताई कर रहा था। तभी अचानक वह उछलकर चलते ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और रोटावेटर में फंसकर उसका बायां हाथ कट गया था। लहूलुहान हालत में उसे सीएचसी लाया गया था। जहां से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया। देररात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**बांगरमऊ।** फर्रुखाबाद जिला निवासी अतिंदर सिंह पुत्र नरेंद्र पाल अपने साथी प्रवेश पुत्र भईया लाल के साथ बाइक से रविवार को लखनऊ से घर लौट रहे थे। तभी बेहटा मुजावर थानांतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर जोगीकोट गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सुरक्षा जाली से टकरा गई। इसमें दोनों घायल हो गए। वहीं हरदोई जिला के गयारी (40)रविवार शाम करीब साढ़े 3 बजे सुल्तानपुर निवासी अफसाना पत्नी इकबाल को ई-रिक्शा पर बैठाकर बांगरमऊ आ रहा था। तभी संडीला मार्ग के काजीपुर मोड़ के पास किसी वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया। इसमें चालक व महिला गंभीर घायल हो गई।

**आक्रोश** 21 घंटे बिजली न आने से गर्मी से बेहाल हुये क्षेत्रीय लोग


# ट्रांसफार्मर फुंकने से लोगों ने सबस्टेशन पर काटा हंगामा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- फीडर एक पश्चिमी गंगाघाट और शक्ति नगर फीडर की बिजली गुल रही

**अमृत विचार।** शनिवार शाम अंबिकापुरम मोहल्ले में रखा ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिस कारण देर रात क्षेत्रीय लोग सब स्टेशन पहुंचे और घेराव कर जमकर हंगामा काटा। जिस पर विभाग ने नया ट्रांसफार्मर लगाया। जो चालू होते ही दोबारा फुंक गया। इस दौरान मोहल्ले की करीब 21 घंटे तक बिजली गुल रही। वहीं मध्य रात्रि 33 केवीए लाइन ब्रेक होने से भोर पहर तक फीडर एक, पश्चिमी गंगाघाट और शक्ति नगर की आपूर्ति बंद रही।

शनिवार शाम करीब चार बजे अंबिकापुरम में लगा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को दी। देर रात तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। जिस पर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे क्षेत्रीय लोग सब स्टेशन पहुंचे और घेराव करते हुये हंगामा करना शुरू कर दिया। जिसकी जानकारी जेई को दी गई। जेई ने दूसरा ट्रांसफार्मर लगवाया और रात करीब एक बजे आपूर्ति चालू की गई। कुछ देर बाद वह भी फुंक गया। जिसके बाद शनिवार दोपहर करीब एक बजे नया ट्रांसफार्मर लगाकर क्षेत्र की आपूर्ति बहाल की गई। 21 घंटे तक बिजली न आने पर गर्मी में लोग बेहाल हो गये। वहीं रात करीब एक बजे त्रिभुवन खेड़ा के पास 33 केवीए लाइन ब्रेक होने के कारण त्रिभुवन खेड़ा सबस्टेशन और फीडर एक की सप्लाई भी बंद हो गई। दोनों जगह हुई फाल्ट भोर पहर साढ़े पांच बजे ठीक हो सकी। जिस कारण फीडर एक, पश्चिमी गंगाघाट और शक्ति नगर फीडर की बिजली गुल रही।


सब स्टेशन में हंगामा काटते क्षेत्रीय लोग।


रात में बदला जाता अंबिकापुरम का खराब ट्रांसफार्मर।

### श्यामा प्रसाद स्टेडियम पर एक लाख का बिजली बिल बकाया होने पर काटा कनेक्शन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव अमृत विचार। जिलाधिकारी के निर्देश पर सरैयां स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराया गया था। वहीं स्टेडियम में रोशनी के लिये बिजली विभाग की ओर से ट्रांसफार्मर लगाने के साथ ही लाइन डाली गई थी लेकिन जिम्मेदारों ने बिजली का बिल नहीं जमा किया। एक लाख से अधिक का बकाया होने पर विभाग ने स्टेडियम की बिजली काट दी। बिजली विभाग की ओर से इन दिनों बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, जहां दस हजार से अधिक बकाया होने पर बिजली कर्मी उनसे बिजली का बिल जमा करा रहे हैं, यदि कोई बिल जमा करने में आनाकानी कर रहा है तो उसका कनेक्शन काट रहे हैं। उसी अभियान को लेकर सरैयां स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का भी बिजली का बिल एक लाख से अधिक हो गया था। जिस पर चलाये गये अभियान के दौरान बिजली विभाग ने स्टेडियम की लाइट काट दी है। लाइट कटने के कारण शाम होते ही स्टेडियम में अंधेरा पसर जाता है। जिस कारण स्टेडियम में खेलने-कूदने वाले बच्चों के अलावा अभ्यास करने वाले बच्चे अपना अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। इस बावत जेई विष्णु शुक्ला ने बताया कि एक लाख से अधिक बिल का बकाया होने पर बिजली काटी गई है। बिल जमा होने पर दोबारा कनेक्शन जोड़ा जायेगा।

# घर आए भांजे व उसके दोस्त को मामा ने पीटा

**औरास उन्नाव।** भांजा अपने मामा के यहां दोस्त के साथ गाड़ी से घूमने आया था। लेकिन, मामा व उसके बेटे ने भांजे व उसके दोस्त को मारकर लहूलुहान कर दिया और गाड़ी, मोबाइल व पैसे छीन लिए। पीड़ित भांजे ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बिल्हौर के अरौल थानांतर्गत बकोठी गांव निवासी अभिषेक पुत्र राधेलाल अपने दोस्त के साथ अपने मामा के यहां औरास थानाक्षेत्र के अल्दौ गांव आया था। वह घर में बैठा ही था कि मामा व उसका बेटा सूरज, अमित उर्फ बब्लू व रमेश आदि ने अभिषेक व उसके दोस्त पर हमला बोल दिया। जिसमें वे गंभीर घायल हो गए। लोगों ने एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी औरास में भर्ती कराया। जहां से परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मारपीट के बाद गाड़ी, मोबाइल व पैसा भी छीन लिया गया है।

## सार-संक्षेप


सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ प्रजापति समाज के पदाधिकारी।

### प्रजापति समाज के मेधावियों को किया गया सम्मानित

**उन्नाव।** प्रजापति सभा समाज की जिला इकाई ने कार्यक्रम आयोजित कर एक दर्जन से अधिक सजातीय मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। वक्ताओं ने सभी मेधावियों को पुरस्कृत करते हुए आगे भी इसी तरह लगन व परिश्रम से शिक्षा ग्रहण करते हुए समाज को गौरवांवित करते रहने की अपील की। संगठन की ओर से चयनित कुसुम्भी गांव निवासी प्रिया प्रजापति पुत्री राधेलाल प्रजापति को हाईस्कूल परीक्षा 95 .5 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए उत्तीर्ण करने के लिए सम्मानित किया गया। इसी तरह आर्तिका पुत्री अमित कुमार को सीबीएससी बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा में 92 .6 फीसदी अंक प्राप्त करने, शालिनी प्रजापति पुत्री दिलीप कुमार को 89 .2 के अलावा आदर्श प्रजापति, अनामिका प्रजापति, अंश प्रजापति, अश्मित कुमार, मनीषा प्रजापति, निशा प्रजापति, आशीष कुमार, राहुल प्रजापति, शोभित प्रजापति व शुभम प्रजापति को भी सम्मानित किया। सभी मेधावियों को संस्था द्वारा माल्यार्पण करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। अंत में सभा के अध्यक्ष गायत्री प्रसाद प्रजापति ने बताया कि नवंबर माह में दहेज रहित सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें नौ कन्याओं का विवाह कराया जाना तय है। इस दौरान रामलाल प्रजापति, कन्हैयालाल प्रजापति, डा. महाबीर प्रजापति, जगन्नाथ प्रजापति, प्रेम प्रजापति, विशाल प्रजापति, रामनरेश प्रजापति, अश्वनी प्रजापति व राजनरायन प्रजापति सहित संगठन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

### दामाद समेत तीन पर दहेज हत्या का केस दर्ज

**सोहरामऊ।** थानाक्षेत्र के गांव दतौली निवासी अतुल सिंह की 25 वर्षीय पत्नी सुधा का शव बीते शुक्रवार फांसी पर लटकता मिला था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा था। जिस पर मृतका के पिता राजकिशोर सिंह निवासी गांव महमदपुर मजरा हुलासखेड़ा थाना मोहनलालगंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका दामाद अतुल व उसकी दो बहनें रुबी और बेबी अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। जिसके न मिलने पर बेटी को मार डाला। एसओ सोहरामऊ सुनील सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

### पुलिस पर हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार, चौथा फरार

**सोहरामऊ उन्नाव।** प्रेम विवाह कर रहे ज्ञान सिंह पुत्र दयाराम यादव निवासी गांव दाईपुर कन्नौज सोहरामऊ थानांतर्गत शिवदर्शन खेड़ा निवासी शिल्पी पुत्री अशोक यादव की बारात सोहरामऊ कस्बे में बने एक गेस्ट हाउस में आई थी। तभी अचानक चार युवक वहां पहुंचे और युवती के पिता से मारपीट करने लगे। किसी ने सोहरामऊ पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे एसएसआई से भी युवकों ने अभद्रता व मारपीट कर दी। इसके बाद एसएसआई ने फोर्स बुलाकर तीनों को गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश किया। जिसमें चौथा आरोपी फरार हो गया। बता दें कि सोहरामऊ थानांतर्गत गांव शिवदर्शन खेड़ा निवासी अशोक यादव की बेटी शिल्पी का प्रेम विवाह ज्ञान सिंह पुत्र दयाराम यादव निवासी गांव दाइपुर कन्नौज के साथ होना था। बीती रात सोहरामऊ कस्बे के एक गेस्ट हाउस में बरात आई थी। दोनों के प्रेम विवाह से नाराज शिल्पी का भाई अंशू यादव गेस्ट हाउस में आकर पिता अशोक से मारपीट करने लगा और हो रही शादी का विरोध करने लगा। इसकी सूचना पुलिस को परिजनों ने दी। सूचना पर पहुंचे सोहरामऊ थाने के एसएसआई कृष्णकुमार यादव विवाद को सुलझाकर शादी की रश्मों को पूरा करवाने लगे। इसी बीच अंशू पुत्र अशोक यादव, गोलू व छोटू पुत्र रामू यादव व अनुपम वहां आकर एसएसआई से मारपीट व गालीगलौज करने लगे। एसएसआई ने सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत मारपीट व गालीगलौज की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसओ सुनील सिंह ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया गया है। जहां से उन्हें जेल भेजा गया। चौथा आरोपी अनुपम अभी फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है।

### घायल पड़े सारस को युवक ने पहुंचाया अस्पताल

**फतेहपुर चौरासी।** फतेहपुर चौरासी-ढकिया संपर्क मार्ग पर रविवार शाम एक सारस अज्ञात कारणों से घायल अवस्था में पड़ा मिला। जानकारी होने पर ढकिया गांव निवासी नेकराम ने एंबुलेंस से सारस को पशु अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने सारस का उपचार किया। वहीं सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम उपचार के बाद सारस की स्थिति में सुधार होने पर उसको कब्जे में लेकर सुरक्षित स्थान पर ले गई है। ग्रामीण द्वारा वन्य जीव के लिए दिखाए गए दयाभाव की लोगों ने प्रशंसा की है।

### स्वतंत्रता दिवस पर शौर्य यात्रा निकालने की बनी रणनीति

**उन्नाव।** स्वतंत्रता दिवस पर पिछले वर्षों की तरह इस बार भी शहर में विशाल शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। शौर्य यात्रा समिति की कालेज रोड स्थित गायत्री शक्ति पीठ मंदिर परिसर में हुई बैठक में इसकी योजना तय की गई। समिति के संरक्षक चंद्र प्रकाश गुप्ता ने बताया कि दोपहर एक बजे गायत्री शक्ति पीठ से ही शौर्य यात्रा की शुरुआत दोपहर एक बजे होगी, जिसमें बैंड पार्टियों सहित डीजे पर राष्ट्रीय गीत बजाए जाएंगे। इसके पीछे घोड़ो पर रानी लक्ष्मीबाई, अवंतीबाई, राणाप्रताप व शिवाजी की सजीव झांकियां व बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन सवार युवा शक्ति शामिल होगी, जो वंदे मातरम व भारत माता का जयघोष करते हुए गंतव्य की ओर बढ़ेंगे। इसके अलावा रथ पर भारत माता व दुर्गा माता की झांकियां होंगी। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की झांकियां भी शामिल रहेंगी। बैठक में सुरेश मिश्रा, विनोद शर्मा, श्याम वर्मा, राम प्रकाश कुशवाहा, नरेश कुशवाहा, श्रीकांत शुक्ला, बाबूलाल यादव, कमलेश शुक्ला, जगदीप निगम, रेखा शुक्ला, रामा शर्मा, राकेश राजपूत, गिरिजा शंकर अवस्थी, देवेंद्र वाजपेयी, सुखश्याम वर्मा, शंकर पासी, प्यारे कुरील व श्यामलाल आदि रहे।


विशाल शौर्य यात्रा समिति की बैठक में शामिल पदाधिकारी व सदस्य।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अकार्यकरणाद् भीत: कार्याणान्च विवर्जनात्।
अकाले मन्त्रभेदाच्च येन माद्येन्न तत् पिबेत्॥

व्यक्ति को नशीला पेय नहीं पीना चाहिए ,आयोग्य कार्य नहीं करना चाहिए। योग्य कार्य करने में आलस्य नहीं करना चाहिए तथा कार्य सिद्ध होने से पहले उद्घाटित करने से बचना चाहिए।

## संपादकीय

# लोकतंत्र के लिए खतरा

अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को पेंसिल्वेनिया के बटलर फार्म शो की रैली में कई गोलियां दागी गईं। एक गोली पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के दाहिने कान को भेदती निकल गई। पूर्व राष्ट्रपति पर हमले की इस घटना से पूरा विश्व हैरान है। हमले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो चुका है। दुनिया भर के नेताओं ने डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की निंदा की है। अमेरिकन सीक्रेट सर्विस ने एक बयान में कहा कि रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप पर हमला करने वाला मारा गया। दूसरे व्यक्ति की फायरिंग में मौत हो गई, दो अन्य दर्शक घायल हो गए। हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रुक्स पेंसिल्वेनिया का ही था, जिसकी उम्र 20 साल थी। एफबीआई उसका विवरण और हमले का मकसद पता कर रही है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि हमें सभ्य तरीके से व्यवहार बनाए रखना चाहिए। हिंसा का कोई स्थान नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है।

वास्तव में ऐसी हिंसक घटनाएं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। राजनीतिक हिंसा कभी भी स्वीकार्य नहीं है। जर्मन विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक ने कहा कि यह अमेरिकी लोकतंत्र के लिए काला दिन है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हिंसा और बढ़ने का डर जताया है। किसी भी तरह की राजनीतिक हिंसा का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। लोकतंत्र को चुनौती देने वाली किसी भी तरह की हिंसा के खिलाफ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। ज्यादातर नेताओं ने कहा-चुनावी रंजिश में नफरत इतनी ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले से पहले अमेरिका में राष्ट्रपतियों, पूर्व राष्ट्रपतियों और प्रमुख दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को निशाना बनाने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। हमले के बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस पर भी सवाल उठ रहे हैं। विशेषज्ञ इसे सुरक्षा में बड़ी चूक मान रहे हैं। सुरक्षा अधिकारियों की मौजूदगी में एक कड़ी सुरक्षा वाले क्षेत्र में यह हमलावर एक ऐसी बंदूक लेकर गया जिसे छिपाया नहीं जा सकता और फिर भी सीक्रेट सर्विस हमले को न रोक पाई। नवंबर में अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इन चुनावों में बाइडेन की फिटनेस पर लगातार उठते सवालों के बीच ट्रंप को बढ़त मिलने की उम्मीद है। क्या ट्रंप पर हुआ यह हमला उन्हें और भी ज्यादा मजबूत स्थिति में पहुंचा देता है। आने वाले दिनों में इस घटना का अमेरिका के चुनाव में क्या प्रभाव पड़ेगा देखने वाली बात होगी।

# जाति व्यवस्था का औपचारिक-अनौपचारिक विमर्श



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

औद्योगिक क्रांति के बाद दास से भूदास बने गांवों के किसान भरभरा कर शहरों की ओर भागे और वहां कारखानों में मजदूरी करने लगे। मार्क्सवाद में उन्हें सर्वहारा कहा गया, क्योंकि उनके पास शरीर के सिवा कुछ भी नहीं था और जीवित रहने की न्यूनतम सुविधाओं के मूल्य (वेतन) पर उसे पूंजीपतियों को बेचने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं था।

जाति व्यवस्था को लेकर औपचारिक-अनौपचारिक विमर्श निरंतर जारी है। इस समय जातीय जनगणना हवा में कुलांचें भर रही है। चुनावों के समय, खासकर उत्तर भारत में, सामान्यजन में अस्मिता बोध और पीड़ित मानसिकता जगाने का यह एक बना-बनाया और बार-बार आजमाया गया औजार है। इस बोध और मानसिकता का येन केन प्रकारेण दोहन करने की प्रवृत्ति आम है, जो हिंदू समाज के विद्वेषपूर्ण विखंडन को बल देती है।

लिहाजा, मौजूदा परिदृश्य में हिंदू समाज के इस कलंक को समाप्त करने में खांटी रुचि किसी की नहीं दिखती। इसके विपरीत इसे समाप्त करने के विरुद्ध निहित स्वार्थ अधिक सक्रिय नजर आते हैं। जाति व्यवस्था के राजनीतिक विमर्श में कोई पक्ष लेने के बजाय, इसकी उत्पत्ति, स्वरूप और परिणति का यथासंभव तटस्थ ऐतिहासिक और अकादमिक लेखा-जोखा प्रस्तुत करने की प्रासंगिकता अभी निःशेष नहीं हुई है। यह एक चौंकाने वाला किंतु कटु सत्य है कि प्रायः सभी उन्नत सभ्यताएं समाज के एक बड़े वर्ग के शोषण पर फल-फूलकर ही उन्नत हुई थीं। सभ्यता और संस्कृति की ऊंचाइयां छूने के लिए उस वर्ग को इतिहास में अनाम और अदृश्य रहकर चुपचाप अपने को होम कर देना पड़ा था। वर्तमान औद्योगिक सभ्यता में भी इस तत्व के अवशेष देखे जा सकते हैं। उपनिवेशवाद के बिना औद्योगिक क्रांति की संभावना बहुत न्यून थी और उपनिवेशवाद उपनिवेशों के शोषण का एक सुदृढ़ संस्थागत स्वरूप था। उपनिवेशों और उपनिवेशक देशों के भीतर चले आ रहे पारंपरिक शोषण के समांतर।

यूनानी सभ्यता में दासों की स्थिति पर कोई चिंतन नहीं मिलता, क्योंकि वे नगर राज्यों के नागरिकों में शामिल ही नहीं थे, जिन्हें प्लेटो ने शासक, सैनिक और उत्पादक की तीन श्रेणियों में बांटा है। मुख्यतः दासों के श्रम की बदौलत ही बौद्धिक वर्ग को जीविकोपार्जन की चिंताओं से मुक्त, चिंतन-मनन के लिए वह बहुमूल्य चीज मिलती थी, जिसे प्राचीन यूनान में 'अवकाश' कहा जाता था और जिसे एक चिंतनशील, सार्थक नागरिक जीवन जीने के लिए अनिवार्य बताया गया था। प्लेटो ने तो दासों पर कोई विचार ही नहीं किया और अरस्तू ने उन्हें जीवित औजार कहकर टाल दिया। रोमन साम्राज्य के युग में दासों की संख्या में विपुल विस्तार हुआ। रोमन भी यूनानियों की तरह विदेशियों को (भारतीयों के 'म्लेच्छ' की तर्ज पर) बर्बर समझते थे। साम्राज्य निर्माण और विस्तार की प्रक्रिया में युद्ध में विजित सेना के बंदी सैनिकों को दास बनाने की प्रथा आम थी। कभी-कभी तो विजित प्रदेश के सारे निवासियों को दास बना लिया जाता था। यही दास मनोरंजन के लिए स्टेडियम में ग्लेटियेटर के रूप में, दो में से एक की मौत तक, आपस में लड़ाए जाते थे, जिसकी क्रूरता का आख्यान हॉवर्ड फास्ट के प्रसिद्ध उपन्यास स्पार्टकस में वर्णित है। एक विडंबना के तौर पर, साम्राज्य विस्तार के साथ रोमन सेना में 'बर्बर' सैनिकों की वृद्धि ही रोमन साम्राज्य के पतन का प्रमुख कारण बनी, इन सैनिकों में रोमन सम्राट के प्रति स्वामिभक्ति के अभाव के चलते जर्मन, गोथ, बंडल एवं हूण कबीलों के भीषण आक्रमण के सामने रोमन साम्राज्य ताश के पत्ते की तरह ढह गया। दास प्रथा यूरोप के मध्ययुग से होते हुए आधुनिक युग की प्रारंभिक शताब्दियों तक निर्बाध चलती रही। दास प्रथा के खात्मे के बाद यही दास भूदासों में अंतरित हो गए, जो सामंतों की जायदाद में बंधुआ मजदूर की तरह काम करते थे और एक सामंत की जायदाद छोड़कर दूसरे के यहां नहीं जा सकते थे। आए दिन कोड़े खाना उनकी सामान्य नियति थी। अफ्रीका के स्वतंत्र लोगों को हठात घेरकर उन्हें पकड़ने और जबरन दास बनाकर, जहाजों में ठूंसकर, अन्य महाद्वीपों में ले जाकर उन्हें पशुवत बेच देने की प्रथा अमेरिकी गृहयुद्ध (1861-1865) तक चलती रही जब उत्तर के उद्योग प्रधान राज्यों के संयुक्त मोर्चे ने कृषि प्रधान दक्षिणी राज्यों के संघ को पराजित कर दास प्रथा के उन्मूलन का मार्ग प्रशस्त किया। इसका मूल्य इस अभियान के नायक राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को अपने जीवन का बलिदान देकर चुकाना पड़ा।

दास प्रथा यूरोप के मध्ययुग से होते हुए आधुनिक युग की प्रारंभिक शताब्दियों तक निर्बाध चलती रही। दास प्रथा के खात्मे के बाद यही दास भूदासों में अंतरित हो गए, जो सामंतों की जायदाद में बंधुआ मजदूर की तरह काम करते थे और एक सामंत की जायदाद छोड़कर दूसरे के यहां नहीं जा सकते थे। आए दिन कोड़े खाना उनकी सामान्य नियति थी। अफ्रीका के स्वतंत्र लोगों को हठात घेरकर उन्हें पकड़ने और जबरन दास बनाकर, जहाजों में ठूंसकर, अन्य महाद्वीपों में ले जाकर उन्हें पशुवत बेच देने की प्रथा अमेरिकी गृहयुद्ध (1861-1865) तक चलती रही जब उत्तर के उद्योग प्रधान राज्यों के संयुक्त मोर्चे ने कृषि प्रधान दक्षिणी राज्यों के संघ को पराजित कर दास प्रथा के उन्मूलन का मार्ग प्रशस्त किया।

औद्योगिक क्रांति के बाद दास से भूदास बने गांवों के किसान भरभरा कर शहरों की ओर भागे और वहां कारखानों में मजदूरी करने लगे। मार्क्सवाद में उन्हें सर्वहारा कहा गया, क्योंकि उनके पास शरीर के सिवा कुछ भी नहीं था और जीवित रहने की न्यूनतम सुविधाओं के मूल्य (वेतन) पर उसे पूंजीपतियों को बेचने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं था। पूंजीपति उन्हें उतना ही देता था, जितने से वे काम करने लायक बने रहें और अपने परिवार को बनाए रखें ताकि अगली पीढ़ी को भी मजदूर मिलते रहें। लंदन में ये टेम्स के किनारे झुग्गियों में रहते थे, जहां दुर्गंध भरे कचरे की भरमार होती थी। फिर भी ये सर्वहारा भूदासों से बेहतर स्थिति में थे, क्योंकि ये अपने वेतन को जैसे चाहें खर्च करने के लिए स्वतंत्र थे और एक पूंजीपति को छोड़कर दूसरे के कारखाने में काम करने जा सकते थे। यही कारण है कि इस दौर में गांवों से शहरों की ओर पलायन इतनी तेजी से हुआ कि औद्योगिक क्रांति में अग्रणी इंग्लैंड जैसे देशों के कई निर्वाचन क्षेत्रों में बहुत थोड़े मतदाता रह गए, जिनका मत खरीदकर कोई भी साधन संपन्न व्यक्ति संसद सदस्य बन सकता था, इसीलिए इन क्षेत्रों को पॉकेटबरो या रॉटेनबरो कहा गया। यह इस बात का प्रमाण है कि सर्वहारा की स्थिति कितनी भी दयनीय रही हो, वह भूदासों से बेहतर थी। उसी तरह भूदासों की स्थिति दासों से बेहतर थी। इससे यूरोप में दासों की क्या स्थिति थी, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। श्रम-कल्याण के कानूनों से धीरे-धीरे मजदूरों की दशा में सुधार हुआ, किंतु सामंतयुग के अवशेष सामान्यजन और भद्रपुरुष के बीच की ठोस दीवार बहुत बाद तक कायम रही। उपनिवेशों सहित सभी जगह प्रशासनिक अधिकारी और सेना के कमीशन प्राप्त अधिकारी भद्रवर्ग के (पूर्व सामंती खानदान के कुलीन) लोग ही होते रहे। भारत का औद्योगीकरण मजदूरों की हालत में काफी सुधार हो चुकने के बाद शुरू हुआ। इसलिए यहां न ही कभी 'औद्योगिक क्रांति' हुई, न सर्वहारा का उदय। भारत में पश्चिम की तरह की दास प्रथा भी नहीं रही, न भूदासों पर निर्भर वहां की तरह का लॉर्ड और वासल के पिरामिड वाला सामंतवाद। खेती के साथ उन्नत हस्तशिल्प के सहारे (जिसके उच्च कोटि के उत्पाद की विश्वबाजार में जबरदस्त मांग थी) लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी होती रहीं। जैसा कि फाहियान (327-422 ई.) और ह्वेनसांग (602-664 ई.) के निष्पक्ष वर्णनों से पता चलता है, प्राचीन भारत में सामान्य जनता अमूमन खुशहाल रही। डॉ. आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'हू वर द शुद्र' (1946) में वर्ण व्यवस्था की उत्पत्ति की विवेचना ऋग्वेद के पुरुष सूक्त की इस ऋचा से शुरू की है-ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः। ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रोऽजायत।। (10.90.12) अर्थात् ब्राह्मण उसका मुख था, बांहों से क्षत्रिय की रचना की गई, वैश्य उसकी जंघा थी, शूद्र उसके पैरों से उत्पन्न हुआ।

पुरुष सूक्त की सोलह ऋचाएं सृष्टि का काव्यात्मक रूपक खड़ा करती है, जिसमें यज्ञ पुरुष (या विराट पुरुष) के भिन्न-भिन्न अंगों से सृष्टि के भिन्न-भिन्न उपादानों की रचना का आख्यान है, किंतु ऋग्वेद की ही क ऋचाएं हैं, जो मनुष्य मात्र की उत्पत्ति मनु से प्रतिपादित करती हैं। मनु के आदिपुरुष होने की यह धारणा इतनी मूलभूत है कि पुराण, स्मृति तथा धर्मसूत्र बार-बार इसका उल्लेख करते हैं। अंतर्विरोध स्पष्ट है। या तो मानव मात्र के पूर्वज एक ही (मनु) थे या वे यज्ञ पुरुष के चार भिन्न अंगों से उद्भूत चार भिन्न पुरुष थे। ऋग्वेद की एक ऋचा (9.112.3) का ऋषि घोषित करता है कि मैं बढ़ई हूं, मेरे पिता वैद्य हैं और मेरी मां उपले बनाती हैं (कारुरहं ततो भिषक् उपलपृक्षिणी नना)। पुरुष सूक्त को छोड़कर ऋग्वेद में अन्यत्र कहीं चार वर्णों का उल्लेख नहीं मिलता।

## प्रसंगवश

# जल अपराध

जल जीवन है। जीवन के लिए अपरिहार्य है। अब यह भारत के लोकमानस की पद्धति है कि उसने जल को देवता के रूप में स्वीकार कर लिया और पवित्रता के भाव से जोड़ लिया। उसे तीर्थ माना गया। जलाशय के पास जूते पहनकर नहीं जाना, वहां कोई जूठी चीज नहीं छोड़नी, वहां थूकना मत, वहां कुल्ला मत करना आदि आदि पाप की श्रेणी में मान लिए गए। कितने ही लोग थे, जो पवित्र भाव से घाटों की सफाई करते थे, लेकिन समय बदला। वर्जनाएं टूटी।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सामाजिक दृष्टि धीरे-धीरे व्यक्ति लाभ में परिवर्तित होने लगी। तर्क निकला पाप क्या होता है? लोकदृष्टि की अवमानना हुई, लोग बेवकूफ हैं, अपढ़ हैं, अंधविश्वासी हैं। हम पढ़े लिखे हैं, तर्कशील हैं। तर्क की ओट में व्यक्ति स्वार्थ को छिपने की जगह मिल गई थी। गंगा-यमुना के घाट कुंआ-तालाब, कुंड-सरोवर, पोखर, जो अब तक सार्वजनिक पवित्रता के केन्द्र थे। निजी संपत्ति में तब्दील हुए। (निजीकरण के समर्थक इस तथ्य को ध्यान से समझें) उद्योगों का जाल बिछा, जरूरी था, किंतु लाभ की तात्कालिक दृष्टि ने समष्टिभाव को आहत किया। छिन्न-विच्छिन्न किया। उद्योगों का प्रदूषण धरती पर बिखरा और बिखरता गया, हवा में गया और बिना परवाह के जाता ही रहा, उद्योगों का प्रदूषण जल स्रोतों में गया और बेखटके जाता रहा। जनता के बीच आवाजें उठीं, किन्तु व्यक्ति स्वार्थ ने, जो भ्रष्टाचार के साथ एकाकार हो चुका था, उस आवाज को कुचल दिया। प्रत्येक शहर के साथ यह हुआ और आज भी हो रहा है।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पानीपत के तीन उद्योगों पर छापा मारा ,देखा कि उनका कैमिकल वाला पानी भूजल को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रदूषित कर रहा है। अब जो भी कुछ होगा, वह सामने आएगा, किंतु यह कोई नई बात तो है नहीं, अनेक उद्योग इस प्रकार के पानी को बोरिंग करके भूगर्भ में डालते रहे हैं। कई साल पहले जब पानीपत में पीलिया फैल गया था, ऐसी केंद्रीय टीम आई थी। कुछ दिनों धर-पकड़ हुई फिर ढाक के तीन पात। मूल बात है भ्रष्टाचार। व्यक्ति स्वार्थ।

# समस्याओं पर ध्यान लगा व्यापक सुधार लाएं

25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा कर विरोधी दल के नेताओं, कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों को गिरफ्तार करा दिया था तथा खबरों पर सेंसरशिप लगा दी थी। उस दिन को याद करने हेतु 12 जुलाई को केंद्रीय सरकार ने घोषित किया है कि अब प्रत्येक 25 जून को "संविधान हत्या दिवस" मनाया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि तत्कालीन सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया, लोगों पर ज्यादती और अत्याचार किए गए। गृह मंत्री ने एक्स पर लिखा कि इस दिन इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोट दिया था। लाखों लोगों को जेल में डाल दिया गया एवं मीडिया की आवाज दबा दी गई।

इसमें कोई शक नहीं कि आपातकाल में बहुत अधिक अवैध गिरफ्तारियां हुईं और उसी का दंड जनता ने 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी को हराकर दे दिया। कांग्रेस उत्तर भारत में, खासकर हिंदी बेल्ट में हारीं थी, दक्षिण भारत में उसे पर्याप्त सीटें मिली थीं। तात्पर्य यह कि दक्षिण भारत ने आपातकाल को संविधान की हत्या नहीं मानी और रायबरेली की हार का बदला चिकमगलूर से इंदिरा गांधी को संसद भेजकर दिया। उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय ने आपातकाल की घोषणा को संविधान का हनन माना था, ऐसी कोई जानकारी मुझे नहीं है। आपातकाल का प्रावधान संविधान में है इसलिए आपातकाल की घोषणा संविधान की हत्या नहीं माना जा सकता। विरोधियों की गिरफ्तारी, मौलिक अधिकारों का निलंबन प्रजातंत्र की हत्या कहीं जा सकती है। आपातकाल लागू होने के 50 वर्ष बाद 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करने का औचित्य समझ में नहीं आया। वर्ष 1977 से 1980 तक के तीन वर्ष की जनता सरकार ने यह घोषणा नहीं की जबकि सर्वाधिक महत्वपूर्ण बंदी उस संसद में थे। बाद में भाजपा के सहयोग से कई प्रधानमंत्री बने। अटल बिहारी वाजपेई पांच वर्ष तथा मोदी जी भी लगातार 10 वर्ष से प्रधानमंत्री व अमित शाह मंत्री हैं। आज यकायक संविधान हत्या की याद कहां से आ गई? पिछले माह ही 25 जून था, तब आपात काल की भर्त्सना तो की गई, लेकिन इस दिवस की घोषणा नहीं की गई।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

इसमें कोई शक नहीं कि आपातकाल में बहुत अधिक अवैध गिरफ्तारियां हुईं और उसी का दंड जनता ने 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी की कांग्रेस पार्टी को हराकर दे दिया।

गुजरात तथा बिहार के छात्र आंदोलनों का हो रहा विस्तार, जार्ज फर्नांडिस की रेलवे तथा अन्य हड़तालों से देश में अनुशासन समाप्त हो रहा था, विद्यालय बंद थे, जेपी सेनाओं को भी विद्रोह हेतु उकसा रहे थे, चुनी हुई सरकार को भंगकर पुनः चुनाव की मांग की जा रही थी। ऐसी स्थिति में देश में आपातकाल लागू किया गया था, जिसका प्रावधान संविधान में है। आपातकाल लागू होने के बाद अधिकारियों का समय से कार्यालय आकर कार्य करना, ट्रेनों का समय से चलना, विद्यालयों में पढ़ाई होना, आंदोलनों के समाप्त होने जैसे बहुत से अच्छे कार्य भी हुए। प्रधानमंत्री के 10 सूत्री कार्यक्रम तथा संजय गांधी के चार सूत्री कार्यक्रम (बलात नसबंदी को छोड़कर) का लाभ देश को मिला। विनोबा भावे ने इसे अनुशासन पर्व कहा था। यदि जनता इसे संविधान की हत्या मानती तो इंदिरा गांधी तथा कांग्रेस पुनः सत्ता में न आती।

अगर संविधान की हत्या को देखें तो संविधान की हत्या का आरोप तो भाजपा पर भी लग रहा है। सर्वोच्च न्यायालय में बाबरी मस्जिद की रक्षा का मुख्यमंत्री द्वारा शपथपत्र दाखिल करने के बाद भी मस्जिद तोड़ी गई और वहां नियुक्त पुलिस बल मूकदर्शक बना रहा। बाबरी मस्जिद तोड़ने में प्रयासरत कारसेवकों पर फायरिंग कराने वाले तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की भर्त्सना करने के बाद पद्मविभूषण प्रदान किया गया। गुजरात में गोधरा कांड के बाद जो दंगे हुए उस समय वहां भाजपा का शासन था, मणिपुर में जो भयानक हिंसा हो रही है, वहां भाजपा है, पश्चिम बंगाल में जो हिंसा हो रही है, केंद्र में भाजपा है। इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया तो अमेरिका की धमकियों की परवाह न कर पाकिस्तान के दो टुकड़े भी किए। चीन के विरोध के बाद भी सिक्किम को भारतीय गणतंत्र में शामिल भी किया। हम शोशेबाजी को छोड़कर आज की गंभीर समस्याओं बढ़ती आबादी, गरीबी, बेरोजगारी, धार्मिक कट्टरता, नारियों का सम्मान, अच्छी शिक्षा तथा स्वास्थ्य, वैज्ञानिक उपलब्धियां आदि पर ध्यान केंद्रित कर इसमें व्यापक सुधार लाएं तो बेहतर होगा।

## सोशल फोरम

# विदेश नीति के उपकरण

निरंतर कूटनीतिक संवाद और हस्तक्षेप, ये दो विदेश नीति के महत्वपूर्ण उपकरण रहे हैं। अफसोस की बात है अब यह सब खत्म कर दिया गया है। विदेश नीति के नाम पर इवेंट होते हैं।

भारत अब एक बंद गली में रहता है। एक जमाना था विभिन्न देशों की गरीब और जुल्म से पीड़ित जनता की मदद करना हमारी विदेश नीति की अंग था। फिलिस्तीन, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान, क्यूबा, वियतनाम आदि को भारत ने जो मदद दी वह सारी दुनिया में सराही गई। यहां तक कि जाफना में तमिलों पर होने वाले जुल्मों का हमने विरोध ही नहीं किया, उनकी रक्षा के लिए सैन्य कार्रवाई की।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

सिंहली राष्ट्रवादी और लिट्टे के आतंक से जाफना को मुक्त किया और स्वायत्त शासन की स्थापना में अहम भूमिका अदा की। जाफना के पुनर्निर्माण में करोडों रुपए की सालाना मदद की। लाखों तमिल शरणार्थियों को तमिलनाडु में लंबे समय तक हर तरह की मदद की। बांग्लादेश (पहले पूर्वी पाकिस्तान) में जब पाक सेना जुल्म कर रही थी तो अवामी लीग और बांग्लादेश की जनता की सभी नियम तोड़कर मदद की, बांग्लादेश को आजाद कराया। भारत ने यह नहीं सोचा कि दुनिया क्या कहेगी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस परंपरा से उलटे काम किए हैं। एक-एक करके सब पड़ोसी देशों से संबंध बिगाड़ लिए हैं। कल्पना कीजिए सन बासठ के चीन के साथ युद्ध के बाद लगातार कूटनीतिक संवाद को महत्व देकर निरंतर वार्ताएं चलाकर चीन को व्यस्त रखा गया। चीन इसके कारण भारत की जमीन का कोई टुकड़ा अपने कब्जे में नहीं ले पाया। निरंतर कूटनीतिक संवाद और हस्तक्षेप, ये दो विदेश नीति के महत्वपूर्ण उपकरण रहे हैं। अफसोस की बात है अब यह सब खत्म कर दिया गया है। विदेश नीति के नाम पर इवेंट होते हैं। इवेंट, विदेशी नेताओं से मिलना और भाषण देना विदेश नीति नहीं है। हमने विदेश नीति का अंत करके अमेरिका की सबसे बड़ी सेवा की है।

-फेसबुक वॉल से

# संकट में उत्तराखंड की जड़ी-बूटियां

उत्तराखंड का पर्वतीय क्षेत्र अपनी अकूत वन संपदा और वनस्पतियों की विविधता के लिए जाना जाता है, लेकिन पिछले कुछ सालों में शिवालिक पर्वत शिखरों मे पाई जाने वाली जड़ी बूटियां अवैध दोहन और तस्करी के चलते तेजी से विलुप्त हो रही हैं। उत्तराखंड के हिमालय को हिमवंत औषधं भूमिनाम कहा गया है अर्थात् जहां औषधीय पौधों की भरमार है। महर्षि चरक, सुश्रुत, वाग्भट से लेकर धनवंतरि शर्मा के शोध ग्रंथ 'द्रव्य गुण विज्ञान' में पांच सौ से अधिक जड़ी बूटियों के इस क्षेत्र में पाए जाने का वर्णन मिलता है।

हिमालय क्षेत्र में पाई जाने वाली जड़ी बूटियां ही आयुर्वेद चिकित्सा के ज्ञान का आधार रही है, जिनका आयुर्वेदाचार्यों ने दिल खोलकर गुणगान किया है, परंतु प्रकृति प्रदत्त यह बेशकीमती संपदा अब छीज रही है। पहले स्थानीय लोग यहां की जड़ी बूटियों से परंपरागत रूप से लाभान्वित होते थे, लेकिन अब मोटी रकम कमाने की चाह में तस्करों ने गांव वालों के साथ मिलकर इनका बेजा दोहनकर पहाड़ को कई महत्वपूर्ण बूटियों से विहीन कर दिया है। ये दुर्लभ जड़ी बूटियां तस्करी के जरिए विदेश पहुंच रही हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार पहाड़ की दो सौ से अधिक जड़ी बूटियों की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। कई तो विलुप्त हो चुकी हैं। शोधकर्ता भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण विभाग ने इनके अस्तित्व पर संकट का कारण मनमाफिक दोहन, वनों का कटाव, वनों में हर साल लगने वाली आग तथा प्राकृतिक वन संपदा का क्षरण होना बताया है। अवैध दोहन का एक मुख्य कारण यह भी है कि यूरोपीय व अन्य देशों में आयुर्वेदिक दवाओं के प्रति आकर्षण के चलते कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण में उतर आई है। इस कारण तस्करी बढ़ी है और हमारी बहुमूल्य बूटियां चोरी-छिपे विदेशों में पहुंच रही हैं। पिछले कुछ सालों मे हमारी तीन दर्जन से अधिक वनौषधियों को विदेशों में पेटेंट भी करा लिया गया है। पहाड़ की संकटग्रस्त औषधीय पौधों की प्रजातियों में टैक्सस बकाटा, कूठ, पुनर्नवा, सर्पगंधा, हरड़, जटामांसी, कीड़ाजड़ी, शतावर, गूलर, चिरायता, सालमपंजा, कासनी, कालाबाशा, पिपली, जिंबू , आक, कौंच, वज्रदंती आदि शामिल हैं। इन जड़ी बूटियों में टैक्सस बकाटा अर्थात् टैक्साल को कैंसर की औषधी के रूप में प्रयोग किया जाता है। टैक्साल का मूल स्रोत 'टैक्सस ब्रेविफोलिया' नामक वृक्ष की छाल है। कुमाऊं में इसे थनेर नाम से जाना जाता है। एक से दो ग्राम टैक्साल की कीमत 3 लाख से अधिक होती है। कई जगह तस्कर चोरी-छिपे इस पेड़ की छाल निकालकर या पेड़ को ही काटकर ले जाते हैं। नतीजतन यह अमूल्य वनस्पति आज अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रही है। संकटग्रस्त प्रजातियों में खैर व भोज वृक्ष का बड़े स्तर पर अवैध कटान हो रहा है। खैर का उपयोग कत्था व गुटखा बनाने में होता है। इधर बाजार में नित नए गुटखे आने से खैर की मांग बहुत बढ़ गई है। मांग बढ़ने का अर्थ है तस्करी का भी बढ़ना। इसी तरह भोज वृक्षों की संख्या भी बहुत कम रह गई है। कभी हमारे ऋषि-मुनियों ने इसकी छाल पर कई ग्रंथ लिखे थे।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

जंगल में वन औषधीय पौधे अपने आप उगते हैं, पर तस्कर बड़ी बेरहमी से जड़ों सहित इन पौधों को उखाड़ कर ले जाते हैं। तस्कर कई बार सीधे-साधे गांव वालों से कम दामों में जड़ी-बूटियां खरीद लेते हैं। गांव वाले जड़ी-बूटियों के वास्तविक मूल्य से अनभिज्ञ रहते हैं।

हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों में एक नायाब जड़ी मिलती है, जिसे हमारे यहां 'कीड़ाजड़ी' तो तिब्बत व चीन में 'यारशागुंबा' कहा जाता है। चीन में इसका इस्तेमाल एथलीटों की क्षमता बढ़ाने के लिए प्राकृतिक स्टेरॉयड के रूप में प्रयोग किया जाता है। यही कारण है कि पिथौरागढ़ जनपद के धारचुला, मुनस्यारी के ऊंचे इलाकों में स्थानीय लोग बड़े पैमाने पर इसका दोहन व तस्करी कर रहे हैं, क्योंकि चीन में इसकी मुंहमांगी कीमत मिल रही है। इसके संग्रह और व्यापार से जुड़े लोगों में अक्सर खूनी संघर्ष तक देखने को मिलता है। यह जड़ी 3500 मीटर की ऊंचाई पर हिम आच्छादित क्षेत्र में पाई जाती है, जहां ट्री लाइन खत्म हो जाती हैं। सामान्य तौर पर यह एक जंगली मशरुम है, जो एक खास तरह के कीड़े के कैटरपिलर्स को मारकर उस पर पनपता है। स्थानीय लोग इसे कीड़ाजड़ी इसलिए कहते हैं, क्योंकि ये आधी कीड़ा है और आधी जड़ी। इसकी बड़े पैमाने पर तस्करी हो रही है। दुनियाभर में लोग आयुर्वेद की ओर मुड़ रहे हैं। विदेशों में जड़ी-बूटियां दुर्लभ हैं, पर भारत में इनकी प्रचुरता है। इसलिए दुनियाभर की दवा कंपनियों और तस्करों की नजरें भारत की इस संपदा पर टिकी है। वनौषधियों की विलुप्तता का एक कारण यह भी है कि महत्वपूर्ण जड़ी-बूटियों की पहचान करने वाले परंपरागत पीढ़ी के वनस्पति विशेषज्ञ अब नहीं रहे और जिन्हें इनका ज्ञान है वे जानकारियों को अपने तक ही सीमित रख नई पीढ़ी को इस ज्ञान से वंचित कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि जंगल से जड़ी बूटियों को खोज निकालना जितना मेहनत का काम है उतना ही श्रम साध्य है इन जड़ी-बूटियों को तोड़ना। जिस पौधे की जड़ दवा बनाने में काम आती है, उसे उखाड़ देने से पूरा पौधा ही मर जाता है।

जंगल में वन औषधीय पौधे अपने आप उगते हैं, पर तस्कर बड़ी बेरहमी से जड़ों सहित इन पौधों को उखाड़ कर ले जाते हैं। तस्कर कई बार सीधे-साधे गांव वालों से कम दामों में जड़ी-बूटियां खरीद लेते हैं। गांव वाले जड़ी- बूटियों के वास्तविक मूल्य से अनभिज्ञ रहते हैं और चंद रुपयों के बदले वनौषधियों को तस्करों के हाथों बेचकर खुश हो जाते हैं। बड़ी क्रूरता से किए जा रहे अवैध व अनियंत्रित दोहन से अनेक दुर्लभ वनौषधियों की प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और जो बची हैं वे भी विलुप्ति की कगार पर हैं।

# यौमे वफात

हमने तो जिक्र हर जगह तेरा सुना है आज
अब्बास तेरे गम में जो नोहा बयां है आज
हर लब पर हाय हाय की गूंजी सदा है आज
जुल्मों सितम को सहने की बस इंतेहा है आज
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।

लफ्जे वफा को तू ने अमल से वफा किया
किरदार इश्के हैदर का तू ने अदा किया
परचम बुलंद हुसैन का तू ने सदा किया
शब्बीर के हर हुक्म को तू ने अदा किया
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।
बच्चों की प्यास देखकर रंजूर हो गए
अब्बास पानी लाने को मजबूर हो गए
जख्मों से बाजू आपके फिर चूर हो गए
नहरे फुरात पर गए महसूर हो गए
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।

बाजू कटा के लड़ता रहा था वफा शनास
गमगीन थी ज़मीन फलक भी हुआ उदास
मशकीजा भर के खेमे में पहुंचाने की थी आस
सदम रहबा हुसैनी अलसदर ऐ अब्बास
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।
शब्बीर के फिदाई अलमदार जिंदाबाद
तू ने किया वफा का वो इंतजार जिंदाबाद
तुझ से मिली है मौत को भी हार जिंदाबाद
साजिद उस ही से हमको भी प्यार जिंदाबाद
अब्बास की शहादत है यौमे वफा है आज।

-साजिद अब्बासी ,बरेली।

# श्रीरामलला के दर्शन कर जादू से लहरा दिया भगवा ध्वज

## देश की दिग्गज हस्तियां अलग-अलग कला का कर रहीं प्रदर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में चल रहे अलग-अलग तरह के उत्सव में अलग-अलग विधाओं की कला का प्रदर्शन देश की दिग्गज हस्तियां कर रही हैं। इसी कड़ी में जादुई कला की दिग्गज हस्तियां रामलला के समक्ष अपनी कला के जरिए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए पहुंचीं।

भारत ही नहीं श्रीलंका, बांग्लादेश व नेपाल सहित अन्य देशों से आए सैकड़ों जादूगर रविवार को रामलला के श्रृंगार आरती में शामिल हुए। इसके उपरांत श्रीराम जन्मभूमि परिसर में ही अपनी कला का एक साथ प्रदर्शन किया और जादुई प्रदर्शन से एक साथ भगवा ध्वज लहराया। इस दौरान मुंबई से बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी मौजूद रही। भारतीय मैजिक कला ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में देश-विदेश के 300 से अधिक जादूगर पहुंचे। सभी ने रामलला के दर्शन किये।



रामलला का दर्शन करने के बाद परिसर में मौजूद जादूगर। अमृत विचार

### मन करता है यहीं बस जाऊं

जादूगर सम्राट ने कहा कि हम लोगों ने अयोध्या धाम में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। प्रभु राम की नगरी में यह कार्य करने का अवसर हम लोगों को मिला। यह एक ऐसा विश्व रिकॉर्ड था इसके बारे में कभी किसी ने नहीं सुना होगा। प्रभु राम का एक साथ झंडा प्रकट हुआ। यह अपने आप में विश्व रिकॉर्ड है। मैं चाहता हूं कि प्रभु राम का हो जाऊं और यहीं बस जाऊं। ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने कहा कि 64 कलाओं में से एक कला का दर्शन किया है।

### 300 से अधिक जादूगरों ने प्रदर्शन कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

- अयोध्या पहुंचे 300 से अधिक जादूगरों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में पहुंचे जादूगरों को मुम्बई से आई बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड आफ टीम ने हनुमान गुफा स्थित मंत्राप मण्डपम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सर्टिफिकेट प्रदान किया। इससे पहले सभी ने रामलला का दर्शन किया। श्रृंगार आरती के समय भारत ही नहीं श्रीलंका, बांग्लादेश व नेपाल सहित अन्य देशों के जादूगरों ने शीश झुकाया। इसके उपरांत श्रीराम जन्मभूमि परिसर में ही अपनी कला का एक साथ प्रदर्शन किया। एक साथ भगवा ध्वज लहराया। इस दौरान मुंबई से बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी मौजूद रही। भारतीय मैजिक कला ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में देश-विदेश के 300 से अधिक जादूगर पहुंचे। सभी ने रामलला के दर्शन किये। जादूगरों ने कहा यह हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। रामलला के दर्शन का अवसर मिला है। इस मौके पर कोलकाता के जादूगर रोहित, जोधपुर के जादूगर शलभ, इंडिया गॉट टैलेंट के विनर मनोज, दिल्ली स्कूल ऑफ मैजिक के चमन भाई ने भी तकनीक की जानकारियां दीं।

इस मौके पर कोलकाता के जादूगर रोहित, जोधपुर के जादूगर शलभ, इंडिया गॉट टैलेंट के विनर मनोज, दिल्ली स्कूल ऑफ मैजिक के चमन भाई ने भी तकनीक की जानकारियां दीं।

## फर्जीवाड़ा कर भर्ती हुए सिपाही पर रिपोर्ट

**लखनऊ।** वर्ष 2018 में हुई सिपाही भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा का और एक मामला सामने आया है। विभागीय जांच और फोरेंसिक रिपोर्ट में फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ। इसके आधार पर डिप्टी एसपी अम्बरीश सिंह भदौरिया ने आरोपी के खिलाफ हुसैनगंज जाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी सिपाही मिर्जापुर का रहने वाला है। इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता के मुताबिक, डिप्टी एसपी उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर 2018 में सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित करायी गयी थी। इसमें अभ्यर्थी मंगला प्रसाद पुत्र लवकुश प्रसाद, निवासी-सरोईबाबू, भगौरा, जनपद मिर्जापुर ने भी प्रतिभाग किया था। भर्ती प्रक्रिया की कार्यवाही होने के बाद चयन परिणाम तैयार किये गये। इसमें अभ्यर्थी मंगला प्रसाद के लिखित परीक्षा के समय लिए गये बायोमैट्रिक, फोटोग्राफ और अभिलेखों की जांच की गई थी। इसमें बायोमैट्रिक एवं फोटोग्राफ में भिन्नता मिली। इसकी जांच में पता चला कि मंगला प्रसाद ने अपने स्थान पर दूसरे व्यक्ति से परीक्षा दिलाई थी। इसके बाद विभिन्न दस्तावेज व फिंगर प्रिंट विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजे गये।

# फर्जी अकाउंट खोलकर सिंचाई कर्मी के खाते से निकाले 3.25 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सुभाषनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** सिंचाई विभाग के कर्मचारी के खाते से निजी बैंक के कर्मचारियों ने फर्जी खाता खोलकर 3.25 लाख रुपये निकाल लिए। पत्नी की शिकायत पर एसएसपी के आदेश पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुभाषनगर निवासी राधा पाठक के पति उदयवीर शर्मा सिंचाई विभाग में हैं। राधा का आरोप है कि उनके पति के मोबाइल नंबर पर 20 अप्रैल को कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को प्राइवेट बैंक कर्मचारी बताया और कहा कि उनके खाते में बैलेंस शून्य हो गया है। उदयवीर ने बताया कि उन्होंने प्राइवेट बैंक में कोई खाता ही नहीं खोला है। इसके बाद राधा ने फोन करके फर्जी खाता खोलने के बारे में पूछा तो उन्हें गालियां दी गईं। इसके बाद 23 अप्रैल को राहुल, अर्जुन और नेहा कश्यप का फोन आया। सभी ने केवाईसी कराने को कहा। 18 अप्रैल को किसी जाहिद सैफी का फोन आया। इसके बाद भी लगातार केवाईसी जमा कराने के लिए फोन आते रहे। राधा का कहना था कि जब उन्होंने खाता ही नहीं खुलवाया है तो केवाईसी क्यों जमा करवाएं। आरोप है कि 26 अप्रैल को पति उदयवीर के स्टेट बैंक के खाते से 1,56,358 रुपये धोखाधड़ी से निकाल लिए गए। इसके बाद राधा 31 मई को प्राइवेट बैंक में गईं और खाते के बारे में पूछा तो बैंक कर्मियों ने कहा कि पहले पति का पैनकार्ड, आधार कार्ड और दो फोटो जमा करो तब खाते की दस्तावेज मिलेंगे। जब इन्कार किया तो विवाद हो गया। आरोप है कि बैंक वालों ने अभद्रता की। आरोप है कि बैंक मैनेजर ईसा आंनद, एरिया मैनेजर कासिफ, जमान खान ने षडयंत्र रचकर धोखाधड़ी कर पति के एक्सिस बैंक के खाते से भी 1.69 लाख रुपये निकाल लिए। एसएसपी के आदेश पर सुभाष नगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एटीएम में कैश फंसने के बाद ले उड़े टप्पेबाज

**बरेली।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में कैश फंसने के बाद टप्पेबाज लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने थाना बारादरी में तहरीर दी है। लखनऊ के 10 अशोक मार्ग हजरतगंज निवासी मनोज दुबे ने बताया कि वह शहामतगंज स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम पर गए। वहां एटीएम कार्ड लगाकर तीन हजार रुपये निकालने का प्रयास किया, लेकिन रुपये नहीं निकले। जबकि खाते से पैसे कटने का मेसेज पहुंच गया। उन्हें लगा कि पैसे एटीएम में फंस गए हैं और वह इंतजार करने लगे। इसी दौरान एटीएम में दो लोग आए और रुपये लेकर कार से भाग गए।

### नौकरी लगवाने के बहाने लाखों की ठगी

**बरेली।** बारादरी के आजादनगर निवासी अपूर्व वर्मा ने बताया कि थाना कैंट थाना क्षेत्र के गांव महुआपुर निवासी अनुराग मिश्रा से उनकी जान पहचान है। अनुराग ने बताया कि यूपी के स्वास्थ्य मंत्री उसके करीबी हैं। अनुराग ने कहा कि वर्ष 2020 में स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती होगी, उसमें उसकी नौकरी लगवा देगा। इसके लिए उसने चार लाख रुपये मांगे। उसने दिसंबर 2019 में अनुराग को चार लाख रुपये दे दिए। वर्ष 2020 में आरोपी ने नियुक्ति का आदेश दे दिया। आदेश पत्र पर डॉ. विनय कुमार सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश के हस्ताक्षर और मोहर थी। 28 फरवरी 2020 को नियुक्ति आदेश लेकर वह सीएमओ कार्यालय पहुंचा, तब वहां बताया गया कि कोरोना से अब तक कोई ऐसा आदेश जारी नहीं किया गया।

## सफलता: युवा उद्यमी ने आम से स्कवाश को बना दिया खास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साढ़े छह लाख सालाना की नौकरी छोड़कर शुरू किया अपना स्टार्टअप

**अमृत विचार।** मलिहाबादी आम के बाद वहां के आम से बने स्कवाश, पना और आम पापड़ भी अपनी पहचान बनाने लगे हैं। राजधानी के चौक निवासी अर्मात्य ने निजी कंपनी की नौकरी छोड़कर आम पर आधारित अपना स्टार्टअप शुरू किया है। आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस से बीटेक युवा उद्यमी ने अवध शिल्प ग्राम में आयोजित आम महोत्सव में अपने बागों के आम के साथ आम से बने उत्पादों को प्रदर्शित किया। उनके स्टाल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने भी आम और आम से बने उत्पादों को देखा।

लखनऊ के चौक निवासी प्रत्यूष रत्न पांडेय और मंजरी पांडेय के 22 वर्षीय पुत्र अर्मात्य सागर ने आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से बीटेक किया। पिता महानगर के माउंटफोर्ट कॉलेज और मां हजरतगंज के कैथेड्रल स्कूल में शिक्षक हैं। बीटेक के बाद अर्मात्य ने बेंगलुरु में एक निजी कंपनी में 6 लाख 50 हजार रुपये सालाना पैकेज में नौकरी शुरू की। कुछ समय बाद ही वहां से इस्तीफा देकर घर लौटे आए और स्टार्टअप शुरू करने की तैयारी की। तीन महीने पहले आम के क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू कर दिया। अर्मात्य ने बताया कि काकोरी के गांव हलवापुर में उनके आम के बाग हैं। बचपन से बागों की देखरेख में विशेष रूचि लेते रहे। आम के बारे में बारीकी से जानकारी घर से ही मिली।आम पर आधारित स्टार्टअप शुरू करना उनका सपना था। मलिहाबाद और काकोरी क्षेत्र के आम की मांग दुनिया भर में देखकर उन्हें इसमें प्रेरणा मिली।

**बाग में नहीं करते रसायन का उपयोग :** अर्मात्य ने बताया कि पहले अपने आम के बाग पर ध्यान केंद्रित किया। बाग में रसायन और रसायनिक कीटनाशक का प्रयोग बंद कर दिया गया। प्राकृतिक तरह से आम को तैयार किए। इन्हीं आमों से पना, पापड़ और स्कवाश तैयार किए जा रहे हैं। उत्पाद बाजार में उतार दिए हैं।

# जीवन का एक भी मिनट बर्बाद नहीं करना चाहिए : महेश योगी

अयोध्या कार्यालय

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति व अमृत विचार समाचार पत्र समूह के निदेशक ने परिजनों के साथ स्वामी योगी से की मुलाकात**

**अमृत विचार।** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल और अमृत विचार समाचार पत्र समूह के निदेशक डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने रविवार को परिजनों के साथ रामलला के दर्शन किये। भव्य व दिव्य मंदिर निर्माण की प्रशंसा करते हुए बताया कि दर्शन से मन को बहुत शांति मिली। इससे पहले सभी ने कनक भवन में भी दर्शन-पूजन किया। सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी बसंतिया पट्टी के संत योगाचार्य स्वामी महेश योगी से सभी ने मुलाकात कर उनसे अध्यात्म और योग पर गहन चर्चा की। स्वामी महेश योगी ने कहा कि जीवन में सफलता का सबसे बड़ा मंत्र है कि सकारात्मक सोच के साथ कड़ी मेहनत करें। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि जीवन का एक-एक पल बहुत महत्वपूर्ण है। इसका सदुपयोग करें और एक भी मिनट बर्बाद न करें। स्वामी महेश ने यह भी बताया कि 20 जून 2024 को 13 हजार डुबकी सरयू में लगाकर व पांच जुलाई को 19 घंटे लगातार कपालभाति कर वो वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुके हैं। स्वामी ने परिवार के सभी सदस्यों को रामनामी ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। दर्शन-पूजन करने वालों में डॉ. सारिका अग्रवाल, किरन अग्रवाल,अनूप कुमार अग्रवाल, ममता अग्रवाल, किरण बाला गर्ग, अनिल अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, युक्ति, चीना गर्ग, सुगंधा अग्रवाल, उमंग अग्रवाल, मोहित गर्ग, शिल्पी मित्तल, वर्चस्व गर्ग, मनमोहन गर्ग, रजनी गुप्ता, कनुप्रिया अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, मुक्ता अग्रवाल, पारुल सिंह, मनिका सिंह, कनिका सिंह, चारू अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, विमल कुमार सिंह, वानी अग्रवाल, हृदय अग्रवाल, वियोम अग्रवाल आदि शामिल थे।



बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉक्टर अशोक अग्रवाल को सम्मानित कर वार्ता करते स्वामी महेश योगी। अमृत विचार

## पांच राजयोग लेकर आ रहा इस बार का सावन, होगा विशेष फलदायक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रीति, आयुष्मान, सर्वार्थ सिद्धि, शिववास और करण योग का बन रहा दुर्लभ संयोग

**अमृत विचार।** शिव का प्रिय महीना सावन इस बार अति मंगलकारी होने वाला है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस बार इस महीने का हर सोमवार अतिशुभकारी संयोग में पड़ रहा है। पशुपतिनाथ मंदिर के ज्योतिषाचार्य और पुजारी पं. मुकेश मिश्रा ने बताया कि 22 जुलाई से 19 अगस्त तक चलने वाले सावन में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। इसके साथ ही मंगला गौरी के चार व्रत भी पड़ रहे हैं, जो बहुत ही शुभ फलदायी हैं। इस बार सावन में पांच राजयोग व विशेष मुहूर्त बन रहे हैं। ऐसा संयोग किसी पर्व पर बनना अति शुभ और मंगलकारी होता है।

सुरेश शर्मा नगर के ज्योतिषाचार्य पं. रमाकांत दीक्षित ने बताया कि इस बार सावन का पूरा महीना बेहद दुर्लभ संयोग में पड़ रहा है। पहले सोमवार पर प्रीति योग, आयुष्मान योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, शिववास योग और करण योग बन रहा है। पांच राजयोग के साथ पांच विशेष मुहूर्त बन रहे हैं। इस अवसर पर शिव की श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना विशेष फलदायी होगी। इसके अलावा इस महीने में शुक्रादित्य योग, बुधादित्य योग, गजकेसरी योग, शश योग, कुबेर योग और नवपंचम योग का भी निर्माण हो रहा है। इस साल सावन के कृष्ण पक्ष में दो सोमवार और शुक्ल पक्ष में तीन सोमवार होंगे।

### व्रतों की तिथियों पर एक नजर

पं. रमाकांत दीक्षित के अनुसार पहला सोमवार का व्रत 22 जुलाई को रखा जाएगा। इसके अलावा पहला मंगला गौरी व्रत 23 जुलाई को होगा। कालाष्टमी, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी 27 जुलाई को और दूसरा सोमवार व्रत 29 जुलाई को होगा। दूसरा मंगला गौरी व्रत 30 जुलाई को रखा जाएगा। कामिका एकादशी 31 जुलाई को और तीसरा सोमवार व्रत 05 अगस्त को होगा। तीसरा मंगला गौरी व्रत, 06 अगस्त, विनायक चतुर्थी 08 अगस्त, नाग पंचमी 09 अगस्त, चौथा सोमवार व्रत 12 अगस्त, चौथा मंगला गौरी व्रत 13 अगस्त को होगा। इसके साथ ही 19 अगस्त को रक्षा बंधन और पांचवां सोमवार व्रत के साथ सावन विदा लेगा।

## मिल्कीपुर उप चुनाव में सांसद अवधेश के पुत्र होंगे पार्टी प्रत्याशी

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मिल्कीपुर उप चुनाव में समाजवादी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी से पहले ही प्रत्याशी घोषित कर दिया है। सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद के पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी होने की घोषणा की।यहां आयोजित बैठक में सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि फैजाबाद लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी की जीत से पूरे देश में अयोध्या का सम्मान बढ़ा है। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में मिल्कीपुर की जनता भारतीय जनता पार्टी को दोहरी चोट देगी। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की असलियत को पहचान गई है। पारसनाथ यादव ने ऐलान किया कि सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी होंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को लेकर शीर्ष नेतृत्व से वार्ता हो चुकी है। उन्होंने मौजूद कार्यकर्ताओं से अभी से उपचुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील की।

# फ्लाइट रद होने पर यात्रियों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- लखनऊ एयरपोर्ट का मामला 6 घंटे तक इंतजार करते रहे यात्री, नहीं दी गई सही सूचना

**अमृत विचार।** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर फ्लाइट रद होने से रविवार को यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। यात्रियों ने बताया कि उन्हें करीब 6 घंटे तक परेशान होना पड़ा। एयरपोर्ट प्रशासन ने उन्हें मनाकर शांत कराया।

एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई 0626 से मुंबई जाने के लिए यात्री लखनऊ एयरपोर्ट पर थे। पहले पता चला की फ्लाइट लेट है। करीब 6 घंटे के बाद फ्लाइट को कैंसिल कर दिया गया। जिसके बाद यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा। मुंबई जाने वाली यह फ्लाइट दोपहर 2:00 बजे टेक ऑफ करने वाली थी, लेकिन अंतिम क्षणों में इसे निरस्त कर दिया गया था।

लगभग छह घंटे से एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे यात्रियों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने नाराजगी जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। यात्रियों ने आरोप लगाया कि एयर इंडिया प्रशासन की ओर से उन्हें सही जानकारी नहीं दी जा रही है और न ही कोई संतोषजनक जवाब मिल रहा है। एयर इंडिया की ओर से अचानक फ्लाइट कैंसिल करने के कारण यात्री काफी परेशान हो गए। कुछ यात्री जिनकी मुंबई में महत्वपूर्ण मीटिंग्स और निजी कार्यक्रम थे, वे खासे निराश दिखे। यात्रियों ने एयरलाइन प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की और मुआवजे की भी मांग की।

## तीन दिन चढ़ेगा पारा और बढ़ेगी उमस

**लखनऊ।** लखनऊ और आसपास दिन में बादलों की आवाजाही रही, लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अभी तीन दिन यही स्थिति रहेगी। तापमान में बढ़ोतरी से उमस बढ़ेगी। गुरुवार से हल्की बारिश शुरू होगी । इसके बाद तेज बारिश होने की संभावना है। मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, रविवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा।

# दुष्कर्म के बाद युवती की ईंट से कूंचकर हत्या

संवाददाता, लखनऊ

- सरोजनीनगर के रानीपुर गांव में हुई वारदात, पानी से भरे गड्ढे में उतराता मिला शव

**अमृत विचार।** सरोजनीनगर के रानीपुर गांव में 30 वर्षीय युवती की दुष्कर्म के बाद ईंट से कूंचकर हत्या की गई। उसका शव घर से 50 मीटर की दूरी पर स्थित पानी से भरे गड्ढे में उतराता मिला। शनिवार रात को युवती संदिग्ध हालात में घर से लापता हो गई थी। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। पुलिस इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

रानीपुर निवासी किसान की 30 वर्षीय बेटी की मानसिक बीमार है। वह कई बार बिना बताए घर से चली जाती थी। अक्सर युवती कुछ देर में खुद ही घर लौट आती थी। ऐसे में परिवार वालों ने ध्यान नहीं दिया। रविवार सुबह बेटी के नहीं मिलने पर पिता उसे खोजने निकले। घर से करीब 50 मीटर दूर पहुंचने पर उन्हें बेटी का शव पानी भरे गड्ढे में पड़ा मिला। सूचना पर डीसीपी दक्षिण तेज स्वरूप, एडीसीपी शशांक सिंह और इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरि पहुंचे। डॉग और फील्ड यूनिट को बुला कर जांच कराई गई।

इस दौरान गड्ढे के पास बने कोठरीनुमा कमरे में पुलिस पहुंची। जहां से खून से सना तिरपाल और ईंट बरामद की गई। कोठरी के पास झाड़ियों से खून से सनी फंटी भी पड़ी मिली। जिसके फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए लिया है।

### पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया

देर रात घर से निकली युवती के साथ दुष्कर्म किया गया। विरोध करने पर उसकी पिटाई की। नाराज आरोपी ने उसके सिर और चेहरे को ईंट से कूंच दिया। ताकि पहचान न हो सके। यह आरोप परिवार वालों ने लगाया है। वहीं, पुलिस को भी जांच में युवती के सिर और शरीर पर कई जगह गहरे घाव मिले। अंदेशा है कि वारदात में दो से तीन लोग शामिल हो सकते हैं। पुलिस के मुताबिक कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। इसमें कोठरी का मालिक भी शामिल है।

**सख्ती** अब चालान और सीज की नही होगी कार्रवाई ,सीधे कबाड़ में कटेंगी बसें

# सड़क पर फिट नहीं मिली डग्गामार बसें तो कटने को रहें तैयार

मंगल सिंह, लखनऊ

- बिना फिटनेस, इंश्योरेंस व परमिट के नहीं दौड़ेंगी बसें
- दुर्घटनाओं को लेकर परिवहन विभाग का बड़ा फैसला

**अमृत विचार।** सवारियों को लेकर एक्सप्रेस-वे पर दौड़ रही डग्गामार बसें चेकिंग के दौरान फिट नहीं मिली तो अब कबाड़ में कटने के लिए तैयार हो जायें । बस का फिटनेस, इंश्योरेंस,परमिट अपडेट नहीं होने पर बस को ऐसे वाहन स्वामी बसों का संचालन नहीं कर पायेंगे । परिवहन विभाग ने प्रदेश में होने वाली बस दुर्घटनाओं में कमी लाने और अवैध बसों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के सख्त तेवर के बाद परिवहन विभाग में हलचल सी मच गई है।

परिवहन आयुक्त चन्द्र भूषण सिंह के नये आदेश के मुताबिक अब रोड पर बिना फिटनेस,इंश्योरेंस,परमिट के सवारियां लेकर डग्गामार बसें दौड़ती मिली तो बस को चालान व सीज की कार्रवाई करने के बजाय आरटीओ की प्रवर्तन की टीम बस को सीधे कंडम दिखाकर कबाड़ में कटवाने की कार्रवाई करेंगी। बसें बंद करने की बजाय कबाड़ में भेजी जायेंगी। उनका कहना है कि आल इंडिया,या अन्य परमिट पर बसें फुटकर सवारियां ढो रही हैं। इन बसों का तत्काल प्रभाव से परमिट कैसिंल करने के साथ बस काटने की कार्यवाही होगी । ट्रांसपोर्ट कमिश्नर का स्पष्ट कहना है कि नियम विरुद्ध चल रही डग्गामार बसों के संचालन पर पूरी तरह रोक लगाई जायेगी । तीन बार से अधिक चालान अन्य कागज सही नहीं होने पर किसी भी हाल में अवैध बसों का संचालन नहीं हो सकता है। इसके लिए प्रदेश के सभी टोल टैक्स के इंट्री पर राउंड द क्लॉक सघन चेकिंग चलाई जा रही है।

परिवहन आयुक्त ने यह भी बताया कि हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर रोड दुर्घटना की जिम्मेदारी एनएचआई की होती है।आरटीओ प्रवर्तन टीम को एक्सप्रेस-वे पर चेकिंग करने का अधिकार नहीं है। सड़क दुर्घटनाओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचआई रोड इंजीनियरिंग,ब्लाइंड स्पॉट की जिम्मेदारी तय करेगा। हाईवे पर होनी वाली सड़क दुर्घटनाओं के लिए एनएचआई की ही जवाबदेही होगी।

### प्रवर्तन अधिकारी खुद करेंगे वाहनों पर कार्यवाही

- परिवहन आयुक्त ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन) सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन) को निर्देश दिए हैं कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने,अवैध बसों के संचालन पर अंकुश के लिए एक माह तक लगातार यात्री,स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की जाये ।



"यात्रियों के सुरक्षित सफर को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह से तत्पर है। प्रदेश के सभी रूटों पर अनाधिकृत वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं। नियम विरुद्ध वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

–दया शंकर सिंह, परिवहन मंत्री

# गंगा-सतलुज एक्सप्रेस में आग की अफवाह से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चेनपुलिंग के बाद ट्रेन से जल्दबाजी में नीचे उतरने में कई यात्री हुए चोटिल
- पितांबरपुर और रसुइया स्टेशन के बीच 20 मिनट तक खड़ी रही ट्रेन

**अमृत विचार।** पितांबरपुर और रसुइया स्टेशन के बीच गंगा सतलुज एक्सप्रेस में रविवार सुबह आग लगने की अफवाह से खलबली मच गई। चेनपुलिंग के बाद कई यात्री ट्रेन से जल्दबाजी में उतरने से चोटिल हो गए। काफी देर तक ट्रेन रास्ते में रुकी रही। आरपीएफ ने लोगों को समझाकर ट्रेन में बैठाया तब ट्रेन रवाना हुई।

बरेली जंक्शन से रविवार सुबह 6 बजे फिरोजपुर से धनबाद जाने वाली 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस रवाना हुई कि तभी ट्रेन में आग लगने का शोर मच गया और पितांबरपुर स्टेशन से पहले रसुइया के पास जनरल कोच के किसी यात्री ने चेन पुलिंग कर दी। इसके बाद ट्रेन से यात्री जल्दबाजी में उतरने लगे और कई चोटिल भी हो गए। कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर आरपीएफ मौके पर पहुंची और लोगों को समझाया कि आग नहीं लगी है। इसके बाद यात्रियों को ट्रेन में वापस चढ़ाकर रवाना किया गया। इस दौरान करीब 20 मिनट ट्रेन रुकी रही।

### जलने की गंध फैलने के कारण फैली अफवाह

ट्रेन में कुछ यात्रियों को जलने की गंध महसूस हुई तो आग लगने की अफवाह उड़ गई। उन्हें लगा कि शायद वायरिंग में शॉर्ट सर्किट हुआ है। आरपीएफ के मुताबिक गार्ड ने भी जनरल कोच को चेक किया लेकिन आग जैसी कोई बात नहीं थी। कई बार ट्रेन के ब्रेक लगने पर भी ब्रेक पाइप से जलने की गंध आती है। यह बेहद सामान्य बात है। अधिकारियों के मुताबिक शाहजहांपुर में इलेक्ट्रिकल स्टाफ ने ट्रेन को चेक किया लेकिन सबकुछ सामान्य मिला।

"जलने की गंध आने से यात्रियों को गलतफहमी हुई थी। इसलिए चेनपुलिंग कर ट्रेन को रोक दिया गार्ड ने चेक किया तो आग जैसी कोई बात नहीं थी।

–विनीता कुमारी, प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ, बरेली जंक्शन

## एक नजर

### बागी विधायकों की वापसी कराने के मूड में नहीं अखिलेश

**अमृत विचार,लखनऊ :** राज्यसभा सदस्यों के चुनाव के दौरान सत्ता पक्ष भाजपा के साथ खड़े होने वाले सपा के सात बागी विधायकों के भविष्य को लेकर असमंजस खत्म नहीं हो रहा है। पार्टी सूत्र का कहना है कि इन बागी विधायकों को लेकर अखिलेश यादव कोई सिफारिश नहीं सुन रहे हैं। इसलिए घर वापसी के कोई आसार नहीं प्रतीत हो रहे हैं। मालूम हो कि सपा के बागी विधायकों में मनोज पाण्डेय, अभय सिंह, पूजा पाल, राकेश पाण्डेय, राकेश प्रताप सिंह, विनोद चतुर्वेदी व आशुतोष मौर्य ने चुनाव के वक्त, सपा के खिलाफ बगावत कर दी थी।

### सम्मानित विभूतियों ने लगाए तुलसी के पौधे

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ बंगीय नागरिक समाज द्वारा रविवार को रालोद के प्रदेश अध्यक्ष व्यापार रोहित अग्रवाल और शराब बंदी के लिए संघर्ष करने वाले समाजसेवी रोबिन्द्र नाथ ठाकुर को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके निवास महानगर में जाकर प्रदान किया गया। इस मौके पर दोनों ने अपने अपने बगीचे में माँ तुलसी का पौधा भी लगाया गया। इस मौके पर डीके पाल, आरएस निगम, एंथोनी पी सिंह और कृष्णा नंद रॉय उपस्थित थे।

### सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा देने में उप्र नंबर वन

**अमृत विचार,लखनऊ :** सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा देने के मामले में प्रदेश ने देश में पहला स्थान बनाया है। प्रदेश को नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्य के इंडिया इंडेक्स में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 100 प्रतिशत घरों में बिजली पहुंचाने समेत ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस इंडेक्स के माध्यम से नीति आयोग राष्ट्रीय व राज्यों के स्तर पर चलाई जा रही योजनाओं की सफलता का आकलन करते हुए राज्यों की रैंकिंग करता है।




कार्यसमिति बैठक के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, प्रदेश महामंत्री ( संगठन) धर्मपाल सिंह, मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, व केशव मौर्य , पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार।

# एक हाथ में संविधान तो दूसरे हाथ में समता का निशान रखेंगे कार्यकर्ता

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में रखा प्रस्ताव, जनता का पुनः विश्वास प्राप्त करने को जमीनी राजनीति करेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पार्टी नेताओं ने विपक्ष के भ्रमजाल से जनता को उबारने का किया संकल्प
- अनुसूचित जाति को जोड़ने के लिए बुद्ध परिनिर्वाण को एजेंडे में किया शामिल

**अमृत विचारः** डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय आशियाना के अंबेडकर सभागार में रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव के नतीजों, आगामी उपचुनाव और विधानसभा चुनाव पर चर्चा की गई। पारित प्रस्ताव में पार्टी ने तय किया कि हम जनता में पुनः विश्वास प्राप्त करने के लिए जमीनी राजनीति करेंगे। एक हाथ में संविधान तो दूसरे हाथ में समता का निशान लेकर उतरेंगे। शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेंगे और महात्मा फूले हमारे पथ प्रदर्शक होंगे।

इस दौरान भाजपा की ओर से एक राजनीतिक प्रस्ताव भी पेश किया गया। कार्यसमिति की बैठक में इस प्रस्ताव को प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने पेश किया तो वहीं महामंत्री और राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, प्रियंका सिंह रावत, सुभाष यदुवंशी और संजय राय ने इसका समर्थन किया।

पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत ने बैठक में जहां महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की मांग की वहीं, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने पार्टी नेताओं से कहा है कि अगर दूसरे दल में आपकी जाति का नेता है तो उनके चक्कर में नहीं पड़ना है, क्योंकि वह ना तो आपका भला कर सकते हैं और ना ही आपको आगे बढ़ाएंगे।

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लाए गए प्रस्ताव में कांग्रेस और सपा दोनों को निशाने पर लिया गया है। भाजपा ने यादव वोट बैंक को अपना बनाने के लिए मथुरा-वृन्दावन तो वहीं अनुसूचित वोटों को अपनी ओर जोड़ने के लिए बुद्ध परिनिर्वाण स्थल, कुशीनगर को एजेंडे में शामिल किया है।

### प्रस्ताव की खास बातें

- आरक्षण और संविधान को लेकर विपक्ष ने झूठा प्रचार किया।
- महिलाओं को रुपये देने के नाम पर भी जनता को ठगा गया।
- विपक्ष के इसी झूठे प्रचार के कारण चुनाव में सफलता नहीं मिली।
- भाजपा ओबीसी और एससी आरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।
- सपा ने हमेशा आरक्षण, आंबेडकर का विरोध किया है।
- भाजपा कार्यकर्ताओं को अधिक सामर्थ्य के साथ एकजुट होना होगा।
- सांस्कृतिक समृद्धता के कार्यों के लिए मोदी और योगी का आभार।
- सरकारी भर्तियों या परीक्षाओं में रुकावट नहीं आनी चाहिए।
- पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध।

### लोकसभा चुनाव का परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहाः भूपेन्द्र

**अमृत विचार :** भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि लोकसभा चुनाव का परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा लेकिन हमारे कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा दिखाते हुए अपना पूरा सहयोग दिया। जिसके कारण हमारा सौभाग्य है कि, लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी है। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा, यह समय चिन्ता करने का नहीं बल्कि चिन्तन करने का। चिन्तन को कार्यशैली में बदलने और दलित वंचित शोषित समाज के बीच जाकर उसका भ्रम दूर करने का समय है। हमें इस प्रकार कार्य करना है कि आज का विरोधी कल हमारा मतदाता बने। कल का मतदाता परसों हमारा सदस्य और परसों का सदस्य हमारा सक्रिय कार्यकर्ता बनें। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, यहां तो मेरे जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को संगठन में कार्य करते-करते पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। मै प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष और शीर्ष नेतृत्व का आभारी हूं जिन्होंने भरोसा जताते हुये अध्यक्ष के रूप में मुझे आप लोगों के साथ काम करने का अवसर दिया। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि अध्यक्ष के रूप में आपको आश्वस्त करता हूं कि कार्यकर्ता का सम्मान हमारी प्राथमिकता है जिसके साथ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। पार्टी अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। आइये हम सब मिलकर संकल्प ले कि आगामी 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में शतप्रतिशत विजय हासिल करेंगे।

### कार्यकर्ता ही विचारधारा का मूल आधारः धर्मपाल

**अमृत विचार :** कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश महामंत्री ( संगठन) धर्मपाल ने आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही विचारधारा का मूल आधार है। उससे निरंतर संपर्क, संवाद होता रहे। सप्ताह में एक बार ज़िलाध्यक्ष अनौपचारिक रूप से मंडल अध्यक्षों से जरूर मिलें। उनकी बात सुनें और समस्याओं का निदान करायें। इसी तरह मण्डल अध्यक्ष भी शक्तिकेंद्रों के पदाधिकारियों से संपर्क करें।

### झूठ और फ़रेब की उम्र लंबी नहीं होतीः ब्रजेश पाठक

**अमृत विचार :** प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि वर्ष 2024 लोस. चुनाव में भाजपा जहां पारदर्शिता के साथ काम कर रही थी, वहीं विपक्ष ने भ्रम फैलाया। झूठे वादे किए और हमें आशा के अनुरूप परिणाम नहीं मिले। उन्होंने कहा कि झूठ और फ़रेब की उम्र लंबी नहीं होती। फरेबी विपक्ष के कारनामों के बारे में हमें घर- घर जाकर जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि 2027 में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए जीतोड़ मेहनत करनी पड़ेगी।

### सपा, कांग्रेस सांपनाथ और नागनाथः केशव मौर्य

**अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा सपा और कांग्रेस रूपी सांपनाथ और नागनाथ ने झूठ और फरेब कर थोड़े समय के लिए हमें पीछे किया है, लेकिन 2027 में फिर से 300 पार लक्ष्य के साथ प्रदेश में भाजपा सरकार बनायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता का भाव हनुमान जैसा है। वह थोड़े समय के लिए सपा-कांग्रेस के झूठ और फ़रेब के कारण अपनी शक्ति को भूला है। 2027 में वह दोबारा वह अपने सामर्थ्य से विपक्षी गठजोड़ को पराजित करेगा

## निलंबित आईएएस अनिल टुटेजा आज न्यायालय में होंगे पेश

**अमृत विचार,लखनऊः** छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ के शराब घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अनिल टुटेजा को उप्र. एसटीएफ रविवार को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रायपुर से मेरठ के लिए रवाना हो गई है। टुटेजा को एसटीएफ ने नकली होलोग्राम केस में गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ मेरठ न्यायालय ने वारंट जारी किया था। वहीं इस मामले में दूसरे आरोपी नोएडा निवासी अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी को भी पेश किया जाएगा। इससे पहले एसटीएफ ने ढेबर और त्रिपाठी को 03 दिन की रिमांड पूरी होने के बाद 01 जुलाई क मेरठ न्यायालय में पेश किया था। सुनवाई के बाद न्यायालय ने दोनों को 15 जुलाई तक जेल भेजा था।

नकली होलोग्राम मामले में सोमवार यानी 15 जुलाई को यानी अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर और अरुण पति त्रिपाठी को एक साथ कोर्ट में पेश करने की तैयारी है। न्यायालय में सुनवाई के बाद निलंबित आईएएस टुटेजा को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा सकता है। वहीं एपी और अनवर की भी न्यायिक रिमांड बढ़ सकती है। बतादें कि एसटीएफ ने अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी से पूछताछ की थी। जिसमें त्रिपाठी ने कई महत्वपूर्ण खुलासे किए थे। अब एसटीएफ की टीम तीनों आरोपियों को पुलिस रिमांड में लेने का प्रयास कर रही है। तीनों आरोपियों को एक साथ बैठकर पूछताछ की जाएगी। एसटीएफ ने कारोबारी अनवर ढेबर को 12 दिन पहले 18 जून की शाम को गिरफ्तार किया था। उसी दिन ढेबर को शराब घोटाले में जमानत मिली थी।

## 2027 के चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- भाजपा की कथनी और करनी एक दूसरे के विपरीत

**अमृत विचारः** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को सबक सिखाया है, 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। जनता भाजपा के कुशासन, भेदभाव और नफरत की राजनीति से ऊब गयी है। भाजपा जनता के बीच बेनकाब हो चुकी हैं।

सपा प्रमुख ने रविवार को जारी बयान में कहा, भाजपा ने संविधान विरोधी कार्य किया है। लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर भाजपा बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती थी, पिछड़ों, दलितों का आरक्षण छीना, नौकरियों में घोटाला किया।

उन्होंने कहा, भाजपा में शीर्ष नेतृत्व से लेकर नीचे तक के लोगों में भ्रमजाल टूट चुका है। भाजपा की कथनी और करनी एक दूसरे से विपरीत है। लोकसभा चुनाव में पराजय से भाजपा में घबराहट है। इनके अपने सहयोगी और समर्थक किनारा करने लगे हैं। जनता में भाजपा की साख पूरी तरह खत्म हो चुकी है।

## वर्चुअल मूल्यांकन से मिलेगा एनक्वास प्रमाणपत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्चुअल मूल्यांकन से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में तेजी से हो सकेगा सुधार
- एनक्वास पाने वाली सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर मिलेगा अंतरराष्ट्रीय मानकयुक्त इलाज

**अमृत विचारः** प्रदेश में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाणित करने के लिए मूल्यांकन वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। वर्चुअल मूल्यांकन से, एनक्वास की टीम को नहीं जाना पड़ेगा और कम समय में अधिक से अधिक आरोग्य मंदिरों का प्रमाणीकरण हो सकेगा। इसके लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने सभी जिलाधिकारियों, अपर निदेशक व सीएमओ को पत्र जारी किया है।

एनएचएम की मिशन निदेशक ने रविवार को निर्देश की जानकारी देते हुए बताया कि हर जिले में हर महीने 10 से 20 चिकित्सा इकाइयों का वर्चुअल मूल्यांकन कराया जाए।

प्रदेश की 50 फीसदी स्वास्थ्य इकाईयों को साल 2025 तक और साल 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास प्रमाणित कराने का लक्ष्य पूरा करना है। वर्चुअल विजिट से दूर दराज स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का भी मूल्यांकन हो सकेगा।

### 275 एनक्वास प्रमाण पत्र मिल चुके हैं

एनएचएम के महाप्रबंधक डॉ. निशांत कुमार जायसवाल ने बताया कि केंद्र सरकार केवल उन्हीं स्वास्थ्य इकाइयों को यह प्रमाण-पत्र प्रदान करती है जो मानक के अनुसार मरीजों को इलाज व देखभाल करती हैं। अभी तक राज्य की 275 चिकित्सा इकाइयां एनक्वास सर्टिफिकेशन प्राप्त कर चुकी हैं, जिसमें 56 जिला स्तरीय, 42 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 24 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सम्मिलित हैं एवं अगले तीन माह में इतनी ही और इकाइयों का प्रमाणीकरण कराने का लक्ष्य है।

### संविधान संशोधन कर देश को मजबूत किया

**अमृत विचार,लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान संशोधन कर देश को मजबूत किया था। उन्होंने कहा कि आरएसएस व भाजपा शुरू से ही संविधान विरोधी रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में भी संविधान को बदलने की कोशिश की गई थी। वह रविवार को प्रदेश मुख्यालय में साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में संविधान के मूल्यों की हत्या हो रही है, इसलिए भाजपा के मुंह से संविधान की बातें हास्यास्पद लगती हैं।

## हड़ताल में निलंबित अवर अभियंता शीघ्र बहाल हों

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत ऊर्जा निगमों में हड़ताल के दौरान निलंबित अवर अभियंताओं को शीघ्र बहाल किया जाय। इसके साथ ही, निगमों में संवाद के जरिए बेहतर वातावरण बनाने की जरूरत है। रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह मांग उठी।

संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष जीवी पटेल ने भीषण गर्मी के दौरान प्रदेश में रिकॉर्ड 30 हजार मेगावाट से अधिक की बिजली आपूर्ति किये जाने व नई उत्पादन परियोजनाओं के क्षमता विस्तार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि इस कीर्तिमान में जूनियर इंजीनियर व प्रोन्नत अभियंताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि मार्च 2023 में हुए ध्यानाकर्षण आंदोलन के कारण की गई उत्पीड़नात्मक कार्रवाई को ऊर्जा मंत्री के आश्वासन के अनुरूप अविलंब समाप्त कराया जाए। बैठक में केंद्रीय प्रचार सचिव कैलाश सिंह, एससी दीक्षित, संरक्षक राम जनम, अजय, सतवीर, एके सिंह, आशीष, रामाशीष आदि शामिल हुए।




केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- जूनियर इंजीनियर संगठन की बैठक में उठी मांग

**उपलब्ध कराई जाए न्यूनतम सामग्री**

संगठन के संरक्षक सतनाम सिंह ने कहा कि अवर अभियंताओं को न्यूनतम आवश्यक सामग्री, मैनपावर और शट डाउन का समय उपलब्ध कराया जाय। हर स्तर पर कार्मिकों से नियमित बैठकें अवश्य हों, जिससे कार्य में आने वाली समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो सके।

## सितंबर से लगने शुरू हो जाएंगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर

**अमृत विचार,लखनऊः** प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर सितंबर तक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। वितरण निगम उपभोक्ताओं के सर्वे के कार्य पूरा करने में जुटे हैं। फिलहाल अभी उपकेंद्रों के फीडरों पर मीटर लगाये जा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार तय कार्यक्रम के तहत तीन करोड़ 40 लाख उपभोक्ताओं के आवासों पर मीटर लगाने की योजना है। सरकारी आवासों समेत प्रदेश के बाकी उपभोक्ताओं के नाम-पते जुटाने के को निर्देश दिये गये हैं।


## वर्ग पहेली-131

**बाएं से दाएं**

3. शुभ अवसरों पर ख़ासकर औरतों द्वारा पैर में लगाया जाने वाला महावर जैसा लाल रंग।
5. 1. जिसका अपमान हुआ हो, निरादृत 2. तिरस्कृत, ज़लील, (इनसल्टेड)।
7. 1. निकट, पास, समीप, नज़दीक 2. लगभग, प्रायः।
9. 1. दो चीज़ों के योग या मिश्रण से बनने वाली नई चीज़ 2. दो जातियों का मिश्रण, (हाइब्रिड) 3. दोगला।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ढीलने की क्रिया या भाव, बंधन को ढीला करने की स्थिति 2. शिथिलता, ढिलाई 3. उत्साहहीनता, सुस्ती 4. व्यवहार संबंधी छूट या स्वतंत्रता 5. व्यर्थ का विलंब या देरी 6. माफ़ीदार
2. अरबी-फ़ारसी लिखावट 'इ'
3. न्यायालय द्वारा प्रस्तुत किया गया वह पत्र जिसमें किसी पर लगाए हुए आरोपों का विवरण होता है।
4. 1. एक प्रकार की दाल, खेसारी 2. दुबिया मटर 3. कोमल पतला पौधा।
6. 1. झुंड, समूह 2. ढेर, राशि 3. कोश,निधि।
8. 1. चमकदार चटक पीला रंग 2. पीला कपड़ा।



### वर्ग पहेली -130 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 था | ह | रा | ■ | ■ | 2 के |
| ■ | ■ | ■ | 3 म | झो | ला |
| ■ | 4 खां | डि | क | ■ | स |
| 5 ही | ■ | ■ | तू | ■ | ■ |
| ही | ■ | 6 पा | ल | तू | ■ |
| ■ | ■ | ख़ा | ■ | ■ | ■ |
| 7 सू | ख | ना | ■ | 8 टा | प |

## सुडोकू -44

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | 9 | 1 | | |
| 2 | | 5 | | | | | 4 | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | | 7 |
| | | | | 1 | | 9 | | 3 |
| | 8 | | 4 | | 5 | | 7 | |
| 5 | | 1 | | 2 | | | | |
| 4 | | | 8 | | | 7 | | 5 |
| | 1 | | | | | 8 | | 6 |
| | | 3 | 7 | 6 | | | 1 | |

### सुडोकू -43 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 8 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 4 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 8 | 6 | 7 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 3 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 |
| 1 | 4 | 9 | 8 | 2 | 5 | 6 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 19 .19 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष:** आज सगे संबंधियों के द्वारा सहयोग प्राप्त होगा। समाज में नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी। राजनीतिक क्षेत्र में लोगों को कोई महत्वपूर्ण पद मिल सकता है। नौकरी में उच्च अधिकारियों से निकटता का लाभ मिलेगा।

**वृष:** आज व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने से लाभ के योग बनेंगे। संयम पूर्वक विपरीत परिस्थितियों का सामना करें। दूसरे लोगों का अपने जीवन में अनावश्यक हस्तक्षेप न होने दें।

**मिथुन:** आज नौकरी में पदोन्नति के साथ मनचाहे स्थान पर तैनाती मिल सकती है। उद्योग जगत से जुड़े लोगों को कोई बेहद शुभ समाचार मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग की अध्ययन में अभिरुचि रहेगी। सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे।

**कर्क:** आज व्यापार में नए अनुबंध होंगे। भवन निर्माण के कार्य में लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। किसी सरकारी योजना में सहभागी बनने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में किसी अधूरे कार्य के संपन्न होने से आपके मनोबल में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज कोई अधूरा कार्य पूरा हो सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से आपके प्रभाव में वृद्धि होगी। कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। भवन निर्माण के कार्य में लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

**कन्या:** आज घर में कोई मांगलिक कार्य जैसे शादी या संतान के योग बन रहे हैं। मित्रों से सहयोग तथा बिगड़े हुए कार्य बनने के योग हैं। मन की एकाग्रता बनी रहेगी। सामाजिक कार्यों में आपकी सक्रिय भूमिका रहेगी।

**तुला:** आज दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार के साथ होगी। नवीन उद्योग धंधे को लेकर अधिक व्यस्तता रहेगी। शासन सत्ता में बैठे व्यक्ति से निकटता बढ़ेगी। व्यापार में आई बाधा दूर होगी। विद्यार्थी वर्ग की अध्ययन में अभिरुचि रहेगी।

**वृश्चिक:** आज आपकी कोई पुरानी इच्छा पूर्ण होगी। विरोधियों से सावधान रहें। विद्यार्थी वर्ग को शुभ समाचार मिलेगा। निर्माण संबंधी कार्य की बाधा किसी वरिष्ठ परिजन की सहयोग से दूर होगी। घर के सभी लोगों में सामंजस्य बनाकर रखें।


**धनु:** आज नई योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए समय उत्तम है। अपने प्रेमी अथवा लवमेट्स को प्रपोज कर सकते हैं। संतान के व्यवहार से मन खिन्न रहेगा। आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में भागदौड़ करने की आवश्यकता रहेगी। मित्रों के साथ मिलकर कार्य करना लाभदायक होगा। अपने बुद्धि विवेक से निर्णय लें। किसी के बहकावे में न आए। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा।

**कुंभ:** आज मित्रों के साथ व्यवहार सहयोगात्मक रहेगा। कोई भी काम जल्दबाजी में न करें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। दोपहर के बाद अपनी पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास रहेगा। पारिवारिक कारणों से मन बेचैन हो सकता है।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए संघर्ष युक्त रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य में विभिन्न बाधाएं आएगी। समस्याओं को अधिक समय तक न बढ़ने दें। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ मतभेद आदि बढ़ सकते है। सरकारी कार्यों में आपको परेशानी हो सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 16 जुलाई 00 .30 तक तत्पश्चात विशाखा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मेला — सुबह : 11.11
कल किसने देखा — शाम : 04 .37

**&pictures**
मि. एंड मिसेज खिलाड़ी — सुबह : 11.09
द ताशकंद फाइल्स — रात : 08 .00

**Sony Pix**
वंडर वुमेन 1984 — सुबह : 11.04
क्लैश ऑफ द टाइटंस — शाम : 04 .51

**Zee Cinema**
गदर — दोपहर : 12 .54
भोला — रात : 08 .30

**Colors Cineplex**
ब्रदर्स — सुबह : 09 .49
गॉडफादर — रात : 07 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर दोपहर : 12 .54 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ऑफिस में लेट पहुंचा
बॉस- कहां थे अब तक?
गप्पू- जी वो गर्लफ्रेंड को कॉलेज छोड़ने गया था।
बॉस- शटअप, कल से ऑफिस टाइम से आना, नहीं तो खैर नहीं...
गप्पू-ठीक है तो फिर अपनी बेटी को खुद ही कॉलेज छोड़ देना।

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था,चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता- और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।
बेटे की बात सुनकर पिता ने अपना सिर पीट लिया।

## एक नजर

### छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में स्कूल का शिक्षक गिरफ्तार

**महिसागर (गुजरात)।** महिसागर पुलिस ने सरकारी स्कूल के शारीरिक प्रशिक्षक को 16 वर्षीय छात्रा का यौन उत्पीड़न करने तथा धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक कमलेश वसावा ने बताया कि लोगों ने जिले के वीरपुर तालुका के रंजीतपुरा गांव स्थित उच्च विद्यालय में तोड़फोड़ की। शिक्षक नाबालिग को परेशान कर उस पर उससे संबंध बनाने और चैटिंग के लिए दबाव डाल रहा था।

### अनंतनाग में 30 साल के बाद खोला गया देवी उमा भगवती का मंदिर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित देवी उमा भगवती का मंदिर 30 साल से अधिक समय बाद रविवार को केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय की मौजूदगी में फिर से खोला गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीर्णोद्धार कार्य के बाद उद्घाटन समारोह के दौरान मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। राजस्थान से लाई गई देवी उमा की मूर्ति को धार्मिक मंत्रोच्चार के बीच गर्भगृह में स्थापित किया गया।

### ग्वालियर के विद्यालय में छात्र के साथ कुकर्म

**ग्वालियर।** जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय के 9वीं के छात्र से वरिष्ठ विद्यार्थी ने कथित तौर पर कुकर्म किया। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना स्कूल के स्वास्थ्य केंद्र के बाशरूम में शनिवार को घटी। एएसपी निरंजन शर्मा ने कहा कि स्कूल प्राचार्य की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। 12 वर्षीय पीड़ित और आरोपी दोनों नाबालिग हैं और विद्यालय के छात्रावास में रहते हैं।

# एनआरए की निष्क्रियता पर सरकार का मौन क्यों नहीं टूटता : खरगे

## कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी को लेकर मोदी सरकार को कठघरे में किया खड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) को लेकर मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चार साल पहले जिस एजेंसी को करोड़ों युवाओं के लिए वरदान बता रहे थे, वह आज किस वजह से निष्क्रिय हुई है इस बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए।

खरगे ने कहा कि मैं आपको पुनः याद दिलाना चाहता हूं कि एनआरए की घोषणा करते हुए आपने अगस्त



2020 में कहा था - एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान है। सामान्य पात्रता परीक्षा से यह कई परीक्षाओं को समाप्त कर देगा और कीमती समय के साथ संसाधनों की भी बचत करेगा। इससे पारदर्शिता को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने मोदी से सवाल करते हुए कहा कि एनआरए ने चार वर्षों से एक भी परीक्षा क्यों नहीं कराई। क्यों एनआरए को 1,517.57 करोड़ का फंड देने के बावजूद केवल 58 करोड़ ख़र्चा हुआ है। क्या जानबूझकर इसको निष्क्रिय रखा गया ताकि एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस युवाओं से उनके आरक्षण का हक़ छीना जा सके।

### एनआरए ने चार वर्षों में एक भी परीक्षा नहीं कराई

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस ने शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने का बीड़ा उठाया है। एनआरए ने चार वर्षों में एक भी परीक्षा क्यों नहीं कराई। खरगे ने जोर दिया था कि तीन से चार वर्षों में 8 करोड़ नई नौकरियों के सृजन ने बेरोजगारी के बारे में फर्जी बातें फैलाने वालों को चुप कर दिया है। एनटीए के जरिये धांधली, पेपर लीक व घोटाला कराया गया और एनआरए से परीक्षा ही नहीं करवाई गई। एनटीए नीट-यूजी जैसी परीक्षाओं में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर विवाद में है। जयराम रमेश ने एक्स पर मीडिया रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें दावा किया गया था कि एनआरए ने 58 करोड़ खर्च करने के बावजूद एक भी परीक्षा नहीं कराई है।

# सादगी से निकाह कर समाज में पेश करें मिसाल : पर्सनल लॉ बोर्ड

- बुलढाणा में मेडिकल छात्र-छात्रा के निकाह को आदर्श बताकर बोर्ड ने अमल में लाने को कहा

**संवाददाता, मुंबई**

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने बुलढाणा में हुए सादगी भरे निकाह को बतौर मिसाल पेश करके लोगों के सामने निकाह को आसान बनाने का फार्मूला रखा है। बोर्ड ने गुजारिश की कि यदि शरीयत पर कायम रहकर सादगी से निकाह की रस्म पूरी करेंगे तो लड़की वाले कभी दावत, दहेज के बोझ से कर्जदार नहीं होंगे और निकाह के बाद दोनों पक्षों की जिंदगी खुशगवार बनी रहेगी।

बुलढाणा में शनिवार को मोहम्मद इब्राहिम नूर के एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष में अध्ययनरत बेटे मोहम्मद आदिल का निकाह बारहदारी, मिलकापुर निवासी मोहम्मद जाकिर कलीम की मेडिकल छात्रा बेटी के साथ बेहद सादगी में मस्जिद-ए-मदीना, सैकलपुरा मिलकापुर में शरीअत के मुताबिक संपन्न हुआ। इस शादी की लोगों को जानकारी तो दी गई लेकिन सिर्फ लड़के-लड़की की बेहतरी के लिए दुआ करने को कहा गया। पर्सनल लॉ बोर्ड ने इस निकाह को आदर्श बताकर लोगों से दहेज की बुराई खत्म करने और फिजूलखर्ची से बचने का आह्वान किया है।

### आसान और मस्नून निकाह के लिए अभियान चला रहा बोर्ड

बोर्ड की इस्लाह-ए-मुआशरा (समाज सुधार) कमेटी ने आसान और मस्नून निकाह के अपने अभियान में इस निकाह को शामिल करते हुए गुजारिश की कि वे इस फार्मूले को अपनाकर कजर्दार होने से बचें। निकाह का उद्देश्य दीन और ईमान की हिफाजत तथा फितनों से बचने की कोशिश है। शरीअत ने निकाह सादगी से करने और फिजूलखर्ची से बचने का हुक्म दिया है। कुरआन में भी इसराफ (फिजूलखर्ची) से मना किया गया है।

### वलीमा में दिखावा से बचें

बोर्ड का कहना है कि वलीमा में दिखावा और फिजूलखर्ची नहीं होनी चाहिए। वलीमा में गरीबों को बुलाना चाहिए। रसूल (स.अ.व.) ने फरमाया है 'बुरी दावत वह है जिसमें सिर्फ अमीरों को बुलाया जाए।' वलीमा घर पर करें, हॉल में नहीं। हॉल में कई गैर इस्लामी काम होते हैं। इसी तरह हदया और तोहफों में दिखावे से बचें।

# आर्मस्ट्रांग की हत्या में शामिल आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**चेन्नई,एजेंसी**

- तमिलनाडु में बसपा इकाई के अध्यक्ष की 5 जुलाई की रात को छह बदमाशों ने की थी हत्या

तमिलनाडु में बसपा इकाई के अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की हत्या में शामिल मुख्य आरोपियों में से एक थिरुवेंगदम रविवार सुबह उत्तरी चेन्नई में माधवरम क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। आर्मस्ट्रांग की पांच जुलाई की रात को छह सदस्यीय गिरोह ने हत्या कर दी थी।

सीबीसीआईडी-पुलिस जांच कर रही है और अब तक 11 लोग गिरफ्तार किए गए। पुलिस हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद करने के लिए थिरुवेंगदम को उसके बताये गए स्थान पर ले गई तो आरोपी ने भागने के प्रयास में पुलिस उपनिरीक्षक पर हमला कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई जिससे आरोपी मारा गया। थिरुवेंगदम और 10 अन्य लोग 11 जुलाई से पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में है। वी पोन्नई बालू, के मणिवन्नन, थिरुवेंगडम, डी रामू, जे संतोष, एस थिरुमलाई, जी अरुल, डी सेल्वराज ने हत्या के तुरंत बाद आत्मसमर्पण कर दिया था।

# लाल बत्ती लगाकर प्रयुक्त हुई आईएएस पूजा की कार जब्त

**पुणे(महाराष्ट्र)।** पुणे पुलिस ने विवादों में रहीं आईएएस की परिवीक्षाधीन अधिकारी पूजा खेडकर द्वारा कथित तौर पर लाल बत्ती लगाकर इस्तेमाल की गई लग्जरी कार रविवार को जब्त कर ली। पुणे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने शहर की निजी कंपनी को नोटिस जारी किया था। खेडकर की यहां नियुक्ति के दौरान उनके द्वारा इस्तेमाल की गई ऑडी इसी कंपनी के नाम से पंजीकृत है।

अधिकारियों के अनुसार पंजीकृत उपयोगकर्ता का पता हवेली तालुका के शिवाने गांव था। खेडकर हाल में पुणे में अपने पदस्थापन के दौरान अलग कक्ष और कर्मचारी जैसी मांगों को लेकर विवाद खड़ा करने के बाद चर्चा में रही थीं। भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुने जाने के लिए उन्होंने दिव्यांगता और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा का कथित तौर पर दुरुपयोग किया था। खेडकर ने ऑडी पर लाल बत्ती का इस्तेमाल किया और बिना अनुमति उसपर महाराष्ट्र सरकार भी लिखवाया था।

# ईडी ने अपने कार्यालयों में 29 अफसरों को किया नियुक्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देश भर में स्थित अपने कार्यालयों में विभिन्न पदों पर 24 से अधिक नवनियुक्त और हाल ही में पदोन्नत हुए अधिकारियों को तैनात किया है। ईडी ने पिछले सप्ताह सहायक निदेशक, उप-निदेशक और संयुक्त निदेशक के पदों पर कुल 29 अधिकारियों को नियुक्त किया था। इसमें ईडी कैडर के नौ अधिकारी हैं, जिन्हें केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पदोन्नत किया था।

एजेंसी में पहली बार हुआ है जब इतने सारे अधिकारियों को संयुक्त निदेशक (जेडी) बनाया गया है। आदेश के मुताबिक, कैडर के अधिकारियों को भुवनेश्वर, रायपुर, भोपाल, चेन्नई, गुवाहाटी स्थित कार्यालयों और दिल्ली स्थित मुख्यालय में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात किया गया है। ईडी में संयुक्त निदेशक एक महत्वपूर्ण पद है, जो धनशोधन से जुड़े मामले और विदेशी मुद्रा उल्लंघन से संबंधित जांच की निगरानी करते हैं।

# युवक ने स्वयं को आईपीएस बता जींद में कालेज छात्रा की लूटी अस्मत

- राजस्थान के युवक ने इंस्टाग्राम के जरिए हरियाणा की छात्रा से की दोस्ती

**सिरसा।** हरियाणा के पड़ोसी राज्य राजस्थान के हनुमानगढ़ के अजय नामक युवक ने स्वयं को आईपीएस अफसर बताकर इंस्टाग्राम के जरिए हरियाणा के जींद की एक कॉलेज छात्रा से फ्रेंडशिप कर ली। छात्रा से मिलने जींद चला आया। छात्रा को होटल में ले गया और छात्रा को नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवक ने अश्लील वीडियो भी बना ली।

जींद शहर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिंह ने बताया कि पीड़ित युवती जींद सदर थाना अंतर्गत एक गांव की है तथा जींद शहर में कालेज में पढ़ती है। स्वयं को आइपीएस बताने वाला युवक छात्रा को सरकारी नौकरी का झांसा देकर 3 लाख रुपए व जेवरात भी ले गया।

# क्रॉस वोटिंग पर पटोले बोले- गद्दारों की पहचान हो गई, चुकानी होगी कीमत

**मुंबई, एजेंसी**

- कांग्रेस ने स्वीकारा कि क्रॉस-वोटिंग हुई है और वे अब कार्रवाई करेंगे : संजय राउत

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि हाल में विधान परिषद की 11 सीटों पर हुए चुनाव में 'क्रॉस-वोटिंग' करने वाले पार्टी के गद्दारों की पहचान हो गई है और उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। पटोले ने शनिवार को दावा किया कि इन्हीं गद्दारों ने दो साल पहले विधान परिषद चुनावों में कांग्रेस नेता चंद्रकांत हंडोरे की हार सुनिश्चित की थी।

पटोले ने किसी का नाम लिए बिना कहा, इस बार जाल बिछाया गया और उनकी पहचान की गई है। उन्हें सजा दी जाएगी ताकि कोई भी फिर से विश्वासघात करने की हिमाकत न करे। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने स्वीकार कर लिया है कि क्रॉस-वोटिंग हुई है और वे कार्रवाई करेंगे। राउत ने आरोप लगाया, क्या अयोग्य घोषित किये जाने का सामना कर रहे विधायकों द्वारा विधान परिषद सदस्य चुना जाना असंवैधानिक नहीं है। विधायकों को खरीदना असंवैधानिक नहीं है।

# असम: बाढ़ में सुधार, तेजी से घट रहा पानी

**गुवाहाटी, एजेंसी**



- बाढ़ से 8,40,000 से अधिक लोग प्रभावित, अब तक 107 की हो चुकी है मौत

असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार जारी रहा और जलस्तर तेजी से घट रहा है। गुवाहाटी स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने बराक घाटी और मध्य असम के कुछ जिलों में बारिश की भविष्यवाणी के अलावा कोई चेतावनी जारी नहीं की है। शनिवार रात असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार धेमाजी जिले के गोगामुख राजस्व सर्कल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अब तक कुल 107 लोगों की मौत हो चुकी है।

बारपेटा, कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, ग्वालपाड़ा, गोलाघाट, हैलाकांडी, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नगांव, नलबाड़ी, शिवसागर और दक्षिणी सलमारा जिलों में बाढ़ से 8,40,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें कहा गया है कि कछार सबसे अधिक प्रभावित है, जहां लगभग डेढ़ लाख लोग बाढ़ से पीड़ित हैं, इसके बाद धुबरी में 1.27 लाख लोग और नागांव में 88,500 से अधिक लोग बाढ़ से पीड़ित हैं। प्रशासन 13 जिलों में 221 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र संचालित कर रहा है, जिसमें 72046 लोग है।

# लोस में गौरव गोगोई बने कांग्रेस के उपनेता सुरेश मुख्य सचेतक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने रविवार को सांसद गौरव गोगोई को लोकसभा में पार्टी का उपनेता बनाने के साथ ही पार्टी सांसद के. सुरेश को मुख्य सचेतक तथा दो सचेतक नियुक्त किए।

कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर सदन में कांग्रेस के उपनेता, मुख्य सचेतक और सचेतकों की नियुक्ति के बारे में सूचित किया है।

# जीटीबी अस्पताल में गोली मारकर मरीज की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मामला दर्ज कर दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए गठित की टीम

राजधानी दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में गोली मारकर एक मरीज की हत्या कर दी गई। रियाजुद्दीन (23) को 23 जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वार्ड नंबर 24 में उसका पेट में संक्रमण का उपचार किया जा रहा था। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि वार्ड नंबर 24 में शाम को करीब 4 बजे 18 वर्षीय एक युवक आया था और रियाजुद्दीन पर गोली चला दी। डीसीपी ने कहा कि मामला दर्ज किया जा रहा है और हमलावर को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई हैं। प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश का लग रहा है।

इस बीच, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सभी अस्पतालों की सुरक्षा समीक्षा की जाएगी और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों ने वार्ड में घुसकर मरीज को गोली मारी और भाग गए।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### 10 खनिज ब्लॉक की नीलामी करे झारखंड: केंद्र

**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय ने झारखंड सरकार से सोने की खदान सहित 10 खनिज ब्लॉक की नीलामी करने को कहा है। साथ ही मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि यदि राज्य ऐसा करने में विफल रहा, तो केंद्र इन खानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू करेगा। सूत्रों ने कहा कि ये ब्लॉक खोज के जी2 (सामान्य) और जी3 (प्रारंभिक) स्तर के हैं। 10 ब्लॉक में एक तांबे की खदान, एक चूना पत्थर की खदान और एक ग्रेफाइट खदान शामिल है। 2021 में खनन नियमों में संशोधन के अनुसार, यदि राज्य सरकार पारस्परिक रूप से सहमत अवधि के भीतर खदानों की नीलामी करने में विफल रहती है, तो केंद्र के पास खनिज ब्लॉक की नीलामी करने का अधिकार है।

### मर्सिडीज की भारत में और ईवी असेंबल की योजना

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी मर्सिडीज-बेंज न केवल लागत लाभ हासिल करने बल्कि शून्य उत्सर्जन वाले परिवहन और कार्बन निरपेक्षता लक्ष्यों को हासिल करने के लिए देश में अपने संयंत्र में अधिक संख्या में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को असेंबल करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया फिलहाल अपने चाकन संयंत्र में अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक लक्जरी सेडान ईक्यूएस को असेंबल करती है।

### 2030 तक डिजिटल भुगतान होगा 7,000 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में भारत में खुदरा डिजिटल भुगतान 2030 तक मौजूदा स्तर से दोगुना होकर 7,000 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कीर्ने और अमेज़न पे ने अपने एक अध्ययन में यह बात कही है।

# बजट सत्र में पेश हो सकता है बीमा संशोधन विधेयक

## कंपनियों को स्वास्थ्य या सामान्य बीमा पॉलिसियों को अंडरराइट करने की मिलेगी अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता

सरकार 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी बजट सत्र के दौरान बीमा अधिनियम 1938 में संशोधन करने वाला विधेयक पेश कर सकती है। संशोधन विधेयक में शामिल किए जा सकने वाले कुछ प्रावधानों में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, सॉल्वेंसी मानदंडों में राहत, कैप्टिव लाइसेंस जारी करना, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्तियों के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देना शामिल हैं। इस कदम से बैंकिंग क्षेत्र की तरह विभेदित बीमा कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। बैंकिंग क्षेत्र को इस समय सार्वभौमिक बैंक, लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

समग्र लाइसेंस के प्रावधान से जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा या सामान्य बीमा पॉलिसियों को अंडरराइट करने की अनुमति मिलेगी। बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं, जबकि साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने जैसे गैर-बीमा उत्पाद दे सकती हैं।

इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता है। ऐसे में एक बीमा कंपनी एक इकाई के रूप में जीवन और गैर-जीवन, दोनों उत्पाद नहीं दे सकती है। सूत्रों ने बताया कि विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा जाना है। वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि इसे आगामी सत्र में पेश किया जाएगा।

### आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करे सरकार


**कोलकाता।** प्रत्यक्ष कर पेशेवरों के निकाय ने सरकार से आगामी बजट में आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करने का अनुरोध किया है। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) के अध्यक्ष नारायण जैन ने रविवार को कहा कि सरकार को आयकर छूट की सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये करना चाहिए। उन्होंने अनुपालन को सुगम बनाने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जैन ने वित्त मंत्री दिए ज्ञापन में कहा कि पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच की आय पर 10 प्रतिशत, 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के लिए 20 प्रतिशत और 20 लाख रुपये से अधिक की आय पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाए। जैन कलकत्ता सिटीजंस इनिशिएटिव के भी अध्यक्ष हैं।

### महंगाई को ध्यान में रख मानक कटौती किए जाए एक लाख

**नई दिल्ली।** परामर्श एजेंसी केपीएमजी ने उम्मीद जताई है कि 23 जुलाई को संसद में पेश होने वाले आम बजट 2024-25 में मानक कटौती को दोगुना करके एक लाख रुपये किए जाने, आवास ऋण पर दिए जाने वाले ब्याज पर कर छूट बढ़ाने और पूंजीगत लाभ कर व्यवस्था को युक्तिसंगत बनाने की उम्मीद है। केपीएमजी ने एक टिप्पणी में कहा कि चिकित्सा व्यय, ईंधन लागत और समग्र मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसे में व्यक्तिगत व्यय में हुई बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए मानक कटौती को मौजूदा 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किए जाने की उम्मीद है। इसमें कहा गया कि अधिक खर्च करने योग्य आय उपभोक्ताओं के हाथ में देने के लिए उम्मीद है कि नयी कर व्यवस्था के तहत मूल कर छूट सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया जाएगा।

# एफपीआई ने पहले पखवाड़े में शेयरों में किए 15,352 करोड़ रुपये निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सुधार की प्रतिबद्धता व मजबूत मांग से एफपीआई का भारतीय बाजार में प्रवाह बढ़ा

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई के पहले पखवाड़े में भारतीय शेयर बाजारों में 15,352 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। सरकार की सुधारों को जारी रखने की प्रतिबद्धता और मजबूत घरेलू मांग से एफपीआई का भारतीय बाजार में प्रवाह बढ़ा है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि विदेशी निवेशकों के लिए आम बजट आर्थिक वृद्धि के लिए सरकार की योजनाओं को समझने का सबसे प्रमुख घटनाक्रम है।

डिपॉजिटरी के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अबतक (12 जुलाई तक) शेयरों में शुद्ध रूप से 15,352 करोड़ रुपये डाले हैं। इससे पहले जून में उन्होंने शेयरों में 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया था। आम चुनाव को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने मई में शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की थी। एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉण्ड बाजार में 8,484 करोड़ का निवेश किया है। इससे इस साल अबतक बॉण्ड बाजार में उनका निवेश 77,109 करोड़ पहुंच गया। एफपीआई ने जनवरी, अप्रैल और मई में कुल मिलाकर 60,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं।

# एमटीएनएल के बॉण्ड ब्याज का भुगतान करेगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 20 जुलाई की तय तारीख से पहले चुका दी जाएगी राशि : सूत्र

सरकार महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के बॉण्ड बकाया का भुगतान करेगी। दूरसंचार विभाग के एक सूत्र ने भरोसा दिया कि कोई चूक नहीं होगी और यह राशि 20 जुलाई की तय तारीख से पहले चुका दी जाएगी। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे एमटीएनएल के सामने खड़ा संकट टल जाएगा।

कंपनी ने बढ़ते वित्तीय संकट के बीच इस सप्ताह शेयर बाजार को बताया था कि वह अपर्याप्त कोष से कुछ बॉण्डधारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई, 2024 को देय है। दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने कहा कि सरकार कदम उठाएगी और उक्त बकाया का भुगतान करेगी, और जोर देकर कहा कि इसपर कोई चूक नहीं होगी। एमटीएनएल ने कहा कि टीपीए के प्रावधानों के मद्देनजर, यह सूचित किया जाता है कि अपर्याप्त कोष के कारण, एमटीएनएल एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि जमा नहीं कर सकी है।

# इंडियन ऑयल ने रेसिंग कार के ईंधन स्टॉर्म-एक्स का शुरू किया उत्पादन

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल ने एड्रेनालाइन-पंपिंग मोटर रेसिंग के ईंधन का उत्पादन शुरू किया है और इसकी पहली खेप भेज दी है। कंपनी ने कहा कि ओडिशा के पारादीप में उसकी रिफाइनरी ने स्टॉर्म-एक्स का उत्पादन शुरू कर दिया है।

यह हाई-ऑक्टेन पेट्रोल विशेष रूप से रेसिंग कारों के लिए तैयार किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के निदेशक वी सतीश कुमार ने स्टॉर्म-एक्स की पहली खेप को रवाना किया। आईओसी की ईंधन बाजार में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# 10 में 7 कंपनियों की पूंजी 1.72 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- सबसे अधिक लाभ में आईटी क्षेत्र की कंपनी टीसीएस रही

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,72,225.62 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 522.74 अंक या 0.65 प्रतिशत के लाभ में रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजी 62,393.92 करोड़ बढ़कर 15,14,133.45 करोड़ रुपये पहुंच गया। टीसीएस का जून तिमाही का शुद्ध लाभ 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रहा है। शुक्रवार को टीसीएस का शेयर 7 प्रतिशत चढ़ा। आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 31,858.83 करोड़ रुपये बढ़कर 5,73,258.78 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस 26,905.14 करोड़ बढ़कर 7,10,827.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जबकि एलआईसी 22,422.12 करोड़ रुपये बढ़कर 6,64,947.01 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर 17,668.92 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,156.81 करोड़ रुपये पर और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 9,066.19 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 21,60,628.75 करोड़ पर पहुंच गया। भारती एयरटेल 1,910.5 करोड़ रुपये बढ़कर 8,15,705.36 करोड़ रुपये हो गई।

### इन कंपनियों की बाजारी पूंजी में आई गिरावट

एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 18,069.29 करोड़ रुपये घटकर 12,35,825.35 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 356.99 करोड़ रुपये घटकर 7,67,204.26 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 210.5 करोड़ रुपये घटकर 8,67,668.16 करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमश: टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।



# अल्काराज ने जीता चौथा ग्रैंडस्लैम

लंदन, एजेंसी

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने रविवार को यहां सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 से हराकर 21 साल की उम्र में लगातार दूसरा विंबलडन और चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम किया। यह ऑल इंग्लैंड क्लब के घसियाले कोर्ट पर पिछले साल के फाइनल मैच का दोहराव था जिसमें अल्काराज ने पांच सेट में जोकोविच को हराया था।

सेंटर कोर्ट पर रविवार को खेला गया फाइनल अल्काराज के लिए काफी आसान रहा जिसमें दर्शकों में कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन के वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन ने ट्रॉफी भेंट की। अल्काराज सिर्फ तीसरे सेट में 5-4 पर जीत के लिए सर्विस करते समय तीन मैच प्वाइंट बरकरार रखते समय लड़खड़ाए, पर उन्होंने खुद को संभाला और पिछले महीने फ्रेंच ओपन में मिली जीत के बाद लगातार दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती। स्पेन के इस खिलाड़ी ने 2022 अमेरिकी ओपन में किशोर के तौर पर अपना पहला स्लैम खिताब जीता था। किसी भी खिलाड़ी ने 22 साल का होने से पहले उनसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीते हैं। इससे मेजर फाइनल्स में उनका रिकॉर्ड 4-0 हो गया। वहीं 37 वर्षीय जोकोविच अपने आठवें विंबलडन और 25वें ग्रैंडस्लैम खिताब से चूक गए। वह सर्जरी हुए घुटने पर पट्टी लगाए थे।



अल्काराज को विंबलडन की ट्रॉफी भेंट करतीं वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन।

- लगातार दूसरे विंबलडन फाइनल में जोकोविच को हराकर कार्लोस बने चैंपियन

### सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने जीता महिला युगल खिताब

लंदन। कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता। सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने फाइनल में गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रूटलिफ को हराया। सिनियाकोवा का विंबलडन में यह तीसरा महिला युगल खिताब है। वहीं, हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट बचाकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। पैटन और हेलियोवारा ने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैक्स पर्सेल और जॉर्डन थॉम्पसन को हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता।

# ओलंपिक का जश्न मनाने के लिए मैराथन

ओलंपिक 12 दिन शेष

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के ओलंपिक अभियान और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) से ईस्पोर्ट्स को मान्यता मिलने का जश्न मनाने के लिए रविवार को यहां पेरिस में भारत मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद मनोज तिवारी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। भारत के कुल 118 खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे। इनमें भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। आइओसी ने हाल में ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान की थी। आईओसी और सऊदी अरब सरकार के बीच अगले साल सऊदी अरब में ईस्पोर्ट्स ओलंपिक के आयोजन को लेकर करार भी हुआ है। पेरिस में भारत कार्यक्रम पारंपरिक खेलों के बीच ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान करता है। इस दौड़ का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को तेजी से बढ़ते भारतीय ईस्पोर्ट्स के साथ जोड़ना है। इस अवसर पर गिरिराज ने कहा डिजिटल इंडिया के बढ़ते अवसर ईस्पोर्ट्स जैसे नए खेलों का लाभ उठाने की बहुत संभावनाएं प्रदान करते हैं।



हजारों युवाओं ने भारतीय ईस्पोर्ट्स के साथ लिया मैराथन जश्न में हिस्सा। ● एजेंसी

## खेल डायरी

### अंशुमन की मदद के लिए बीसीसीआई ने बढ़ाए हाथ

मुंबई। कैंसर से लड़ रहे पूर्व क्रिकेटर और कोच अंशुमान गायकवाड़ की मदद के लिये भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाथ बढ़ाए हैं। बीसीसीआई पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज के इलाज के लिए एक करोड़ रुपये की तत्काल वित्तीय सहायता देगा। यह निर्णय 71 वर्षीय दिग्गज के समर्थन में क्रिकेट जगत और प्रशंसकों की व्यापक अपील के बाद आया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान समर्थन और सांत्वना देने के लिए गायकवाड़ के परिवार से व्यक्तिगत रूप से बात की। शाह ने कहा बीसीसीआई शीर्ष परिषद ने वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है, और हमने गायकवाड़ के इलाज के लिए तत्काल प्रभाव से एक करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया है। हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं और उनके शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हमें विश्वास है कि वह इस बीमारी से उबरेंगे और मजबूत होकर उभरेंगे। प्रसिद्ध बल्लेबाज और कोच गायकवाड़ ने 1975 और 1987 के बीच 40 टेस्ट और 15 एकदिवसीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

### सनीथ, तस्नीम ने वीवी नाटू मेमोरियल में जीते खिताब

पुणे। कर्नाटक के सनीथ डीएस और गुजरात की तस्नीम मीर ने रविवार को यहां वीवी नाटू मेमोरियल अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ क्रमश: पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। तीसरे वरीय सनीथ ने पुरुष एकल फाइनल में अपने ही राज्य के क्वालीफायर तुषार सुवीर को 44 मिनट में 21-15, 21-12 से हराकर खिताब जीता। तस्नीम ने बेंगलुरू में पिछला रैंकिंग टूर्नामेंट जीतने वाली देविका को महिला एकल फाइनल में 21-16, 21-13 से हराया। असम के सूरज गोएला और ध्रुव रावत की जोड़ी ने पुरुष युगल खिताब जीता जबकि महिला युगल खिताब आरती सारा सुनील और वीएस वर्षिणी की जोड़ी के नाम रहा। शिखा गौतम और नितिन कुमार की दूसरी वरीय जोड़ी ने मिश्रित युगल खिताब जीता।

### अनहत और शौर्य स्क्वाश चैंपियनशिप के चौथे दौर में

नई दिल्ली। भारत की अनहत सिंह और शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमश: लड़कियों और लड़कों के वर्ग के चौथे दौर में प्रवेश किया। मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनहत ने तीसरे दौर में अमेरिका की सामंथा जाफे को 11-7, 12-10, 11-6 से मात दी। अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना जापान की अकारी मिडोरिकावा से होगा। वहीं बावा ने तीसरे दौर में अमेरिका के रस्टिन विसर को 4-11, 11-7, 12-10, 11-6 से पराजित किया जिससे प्री क्वार्टर फाइनल में उनकी भिड़ंत अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टबिल्स से होगी।

### पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर बिली इबादुल्ला का निधन



लाहौर। पूर्व पाकिस्तानी ऑलराउंडर बिली इबादुल्ला का शुक्रवार को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1964 और 1967 के बीच चार टेस्ट खेले और टेस्ट डेब्यू पर शतक लगाने वाले पाकिस्तान के पहले बल्लेबाज थे। इबादुल्ला ने 1964 में कराची में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और पहली पारी में 166 रन बनाए। वह अपने साथी डेब्यूटेंट और विकेटकीपर अब्दुल क़ादिर के साथ 249 रन की ओपनिंग साझेदारी का हिस्सा थे। यह साझेदारी एक कीर्तिमान थी, जो आज तक कोई भी नहीं तोड़ पाया है। यह टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए दो पदार्पण करने वालों बल्लेबाजों के बीच की सर्वोच्च साझेदारी थी।

## आखिरी टी-20 में भारत ने जिम्बाब्वे को 42 रन से हराया, 4-1 से कब्जाई ट्रॉफी, मुकेश ने चटकाए चार विकेट

# भारतीय युवा ब्रिगेड ने जीती श्रृंखला

हरारे, एजेंसी

संजू सैमसन (58) की मुश्किल समय में खेली गई अर्धशतकीय पारी और मुकेश कुमार (22 रन पर चार विकेट) की उम्दा गेंदबाजी की मदद से भारत ने पांचवें टी-20 मैच में रविवार को जिम्बाब्वे को 42 रन से धो दिया और इसके साथ ही भारत की युवा ब्रिगेड ने सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर लिया।

हरारे स्पोर्टस क्लब मैदान पर भारत ने पहले खेलते हुए छह विकेट पर 167 रन बनाए जिसके जवाब में जिम्बाब्वे की पूरी टीम 125 रन पर सिमट गई। भारत की युवा टीम ने विदेशी दौरे में शानदार प्रदर्शन किया। पहला टी-20 मैच हारने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पलटवार करते हुए सीरीज के बचे हुए सभी चार मैच एकतरफा अंदाज में जीते। आज के मैच में टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम एक समय 40 रन पर तीन अहम विकेट गंवा कर मुश्किल में फंस गई थी। ऐसे में संजू ने एक छोर संभाल कर मेजबान गेंदबाजी आक्रमण का संयम से सामना किया और रियान पराग (22) के साथ भारत के स्कोर को तीन अंको तक पहुंचाया। ब्लेसिंग मुजाराबानी की गेंद पर आउट होने से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज ने कई दर्शनीय शाट्स खेले जिसमें उनके चार ऊंचे छक्के शामिल थे। रियान के आउट होने के बाद संजू का साथ देने आए शिवम दुबे (26) ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और महज 12 गेंदो की पारी में दो चौके और दो छक्के जड़े, हालांकि वह पारी के आखिरी ओवर में रन चुराने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे लेकिन दूसरे छोर पर रिंकू सिंह (11 नाबाद) ने स्कोरबोर्ड को 167 रनो तक पहुंचाने में सफलता हासिल की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे का पहला विकेट पहले ही ओवर में मुकेश कुमार ने झटक कर अपने इरादे जता दिए थे। मुकेश ने स्पेल के अगले ओवर में ब्रायन बेनेट (10) को चलता कर मेजबान टीम को दूसरा झटका दिया। तड़िवनाशे मारुमानी (27) और डिओन मेयर्स (34) ने कुछ देर तक भारतीय आक्रमण के सामने टिकने की कोशिश की लेकिन वशिंगटन सुंदर ने मारुमानी को पगबाधा आउट कर पनप रही साझीदारी का अंत किया। कप्तान सिंकदर रजा (8) को शिवम ने सीधे थ्रो से रन आउट किया। मेयर्स की पारी का अंत शिवम दुबे ने ही किया। पुछल्ले बल्लेबाज में सिर्फ फराज अकरम (27) ही कुछ देर चले। उन्होने दो चौके और दो छक्के लगा कर दर्शकों का मनोरंजन किया मगर यह भारत को जीत से दूर करने के लिये अपर्याप्त पारी थी। भारत के लिए मुकेश कुमार के अलावा शिवम दुबे ने दो विकेट निकाले जबकि तुषार देशपांडे,अभिषेक शर्मा और वशिंगटन सुंदर को एक एक विकेट मिला।





पांच मैचों की टी-20 शृंखला में जिम्बाब्वे को 4-1 से हराने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाती भारतीय युवा टीम। ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

**भारत** 167/6 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रजा | 12 | 5 | 0/2 |
| शुभमन गिल का रजा बो नगारवा | 13 | 14 | 2/0 |
| अभिषेक शर्मा का मेडेंडे बो मुजरबानी | 14 | 11 | 1/1 |
| संजू सैमसन का मरूमानी बो मुजरबानी | 58 | 45 | 1/4 |
| रियान पराग का नगारवा बो मावुता | 22 | 24 | 0/1 |
| शिवम दुबे रन आउट | 26 | 12 | 2/2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 | 9 | 0/1 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 10, **गेंदबाजी :** रजा 4-0-37-1, नगारवा 4-0-29-1, अकरम 4-0-39-0, मुजरबानी 4-0-19-2, मावुता 4-0-39-1

**जिम्बाब्वे** 125/10 (18.3 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेरे बो मुकेश | 0 | 3 | 0/0 |
| ताडिवनाशे मरूमानी पगबाधा बो सुंदर | 27 | 24 | 5/0 |
| ब्रायन बेनेट का दुबे बो मुकेश | 10 | 8 | 2/0 |
| डियोन मायर्स का अभिषेक बो दुबे | 34 | 32 | 4/1 |
| सिकंदर रजा रन आउट | 8 | 12 | 0/0 |
| जॉनाथन कैंपबेल का देशपांडे बो दुबे | 4 | 7 | 0/0 |
| क्लाइव मेडेंडे का सैमसन बो अभिषेक | 1 | 4 | 0/0 |
| फराज अकरम का सैमसन बो मुकेश | 27 | 13 | 2/2 |
| ब्रेंडन मावुता का एवं बो देशपांडे | 4 | 7 | 0/0 |
| ब्लेसिंग मुजरबानी नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |
| रिचर्ड नगारवा बो मुकेश | 0 | 1 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 9, **गेंदबाजी :** मुकेश 3 .3-0-22-4, देशपांडे 3-0-25-1, बिश्नोई 3-0-23-0, सुंदर 2-0-7-1, अभिषेक 3-0-20-1, दुबे 4-0-25-2

# शुभंकर 61वें और थेगाला चौथे स्थान पर

नॉर्थ बेरविक, एजेंसी

भारत के शुभंकर शर्मा ने तीसरे दौर में इवन पार 70 का स्कोर बनाया जिससे वह जेनेसिस स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 61वें स्थान पर पहुंच गए। शुभंकर ने छह बर्डी लगाई लेकिन इसके साथ वह इतनी ही बोगी कर बैठे।

तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर तीन अंडर है। स्वीडन के लुडविग एबर्ग ने 17 अंडर के कुल स्कोर के साथ दो शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। स्थानीय खिलाड़ी रॉबर्ट मैकइंटायर 15 अंडर के साथ दूसरे जबकि पीजीए टूर विजेता एडम स्कॉट 14 अंडर का कुल स्कोर बनाकर तीसरे स्थान पर हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी साहित थेगाला (65-66-66) अमेरिका के कोलिन मोरिकावा (66), दक्षिण कोरिया के सुंगजे इम (67) और फ्रांस के एंटोनी रोजनर (68) के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इन सभी का कुल स्कोर 13 अंडर है।



### अदिति एवियन चैंपियनशिप में 22वें स्थान पर पहुंचीं

एवियन लेस बैंस (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने तीसरे दौर के आखिरी चार होल में तीन बर्डी लगाकर चार अंडर 67 का कार्ड बनाया जिससे वह 22 पायदान की छलांग लगाकर अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 22वें स्थान पर पहुंच गईं। अब तक 30 से अधिक मेजर खेल चुकी अदिति का कुल स्कोर तीन दौर के बाद पांच अंडर पर है। इस प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि 80 लाख अमेरिकी डॉलर है, जिसमें से विजेता को 12 लाख डॉलर मिलेंगे। तीसरे दौर के बाद ऑस्ट्रेलिया की स्टेफनी काइरियाकौ जापान की अयाका फुरु और अमेरिका की लॉरेन कफ़लिन से एक स्ट्रोक आगे चल रही हैं।

# पेरिस ओलंपिक में पदक का रंग बदलना चाहता हूं : निशांत देव

नई दिल्ली, एजेंसी

आत्मविश्वास से लबरेज मुक्केबाज निशांत देव की निगाहें इस महीने पेरिस ओलंपिक में भारत के मुक्केबाजी पदकों के रंग को कांसे से बदलकर स्वर्ण में करने पर लगी हैं। भारत के लिये तीन मुक्केबाज विजेंदर सिंह (2008), एमसी मैरीकॉम (2012) और लवलीना बोरगोहेन (2021) ने ओलंपिक पदक जीते हैं जिसमें सभी का रंग कांस्य पदक रहा है।

जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा कराई बातचीत के दौरान देव ने कहा मेरा लक्ष्य मुक्केबाजी में मिले पदकों का रंग बदलना है। हमारे देश के मुक्केबाजों ने अब तक कांस्य पदक जीते हैं, पर स्वर्ण और रजत पदक नहीं जीत सके हैं। देव ने कहा मैं कांस्य को रजत नहीं बल्कि स्वर्ण में बदलना चाहता हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि मैं यह उपलब्धि हासिल कर सकता हूं।



- जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा कराई बातचीत के दौरान देव ने कहा, मुझे भरोसा है मैं यह उपलब्धि हासिल करूंगा

## बॉलीवुड हलचल



# रवि के साथ काम करेंगी उर्वशी

मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, दक्षिण भारतीय अभिनेता रवि तेजा के साथ फिल्म प्रजाला मनीषी में काम करती नजर आ सकती हैं। प्रजाला मनीषी एक हाई-वोल्टेज मास एक्शन एंटरटेनर फिल्म होगी। प्रोडक्शन हाउस, पीपल मीडिया फैक्ट्री, इस प्रोजेक्ट का निर्माण करेगा। यह फिल्म एक दमदार मास एंटरटेनर होगी। इस फिल्म में रवि तेजा, उर्वशी रौतेला और डिंपल हयाती मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म प्रजाला मनीषी को बहुत बड़े बजट में बनाया जाएगा। रवि तेजा, हरीश शंकर की मिस्टर बच्चन और भानु भोगवरपु द्वारा निर्देशित अपनी अनाम 75वीं फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। वे इस साल इन दोनों फिल्मों की शूटिंग पूरी कर लेंगे। इसके बाद अगले साल फिल्म प्रजाला मनीषी की शूटिंग शुरू होगी।

### श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित फिल्म बनाएंगे सिद्धार्थ आनंद

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक सिद्धार्थ आनंद, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित फिल्म बनाने जा रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद एक इंटरनेशनल थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं। यह फिल्म गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के जीवन की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें उन्होंने कोलंबिया के 52 साल पुराने गृहयुद्ध को बिना एक भी गोली चलाए सुलझा दिया था। नीतू महावीर जैन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। यह एक वीडियो पोस्ट है जिसमें श्री श्री रविशंकर को अलग-अलग इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर सम्मानित किया जा रहा है। नीतू महावीर जैन ने वीडियो पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी दी है कि सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन एक इंटरनेशनल थ्रिलर फिल्म बनाने के लिये साथ आ रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में बताया है कि इस कहानी को बताना जरूरी है क्योंकि 52 साल पहले गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की वजह से ही बिना एक भी गोली चलाए कोलंबिया का गृहयुद्ध सुलझा था। इस फिल्म की कहानी लैटिन अमेरिका की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसे दुनिया भर के दर्शकों के लिए बनाया गया है। इसमें दुनिया भर से कई मशहूर कलाकार और क्रू मेंबर्स शामिल हैं।

# कनाडा को हराकर तीसरे स्थान पर रहा उरुग्वे

चार्लोट (अमेरिका), एजेंसी

स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से बराबरी करने वाले उरुग्वे ने कनाडा को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया।

उरुग्वे निर्धारित समय से कुछ मिनट पहले तक एक गोल से पीछे था लेकिन सुआरेज के गोल की मदद से वह 2-2 से बराबरी करने में सफल रहा। पेनल्टी शूट आउट में उरुग्वे की तरफ से फेडेरिको वाल्वरडे, रोड्रिगो बेंटानकुर, जियोर्जियन डी अर्रास्काएटा और सुआरेज ने जबकि कनाडा की तरफ से जोनाथन डेविड, मोइज बॉम्बिटो और मैथ्यू चोइनियर ने गोल किए। इससे पहले बेंटानकुर ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिला दी थी लेकिन कनाडा ने 22वें मिनट में इस्माइल कोने और 80वें मिनट में डेविड के गोल से 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।



कोपा कप के अपने आखिरी मुकाबले में कनाडा के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद उरुग्वे के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### अर्जेंटीना को हराने के लिए कोलंबिया को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा : लोरेंजो

न्यू जर्सी। कैफेटेरोस के मैनेजर नेस्टर लोरेंजो ने शनिवार को कहा कि कोपा अमेरिका फाइनल में अर्जेंटीना को हराने के लिए कोलंबिया को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मौजूदा कोपा अमेरिका और विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना, फीफा की नवीनतम विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर है। इस बीच, कोलंबिया जो अपने दूसरे और 2001 के बाद से पहले कोपा अमेरिका खिताब की तलाश में है। 2022 की शुरुआत में 28 गेम अजेय रहने के बावजूद, रैंकिंग में 12वें स्थान पर है। लोरेंजो ने कहा हमें हर चीज के चैंपियन को हराने के लिए कोलंबिया का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने की जरूरत है। लोरेंजो ने 2022 कॉनमबोल-यूईएफए कप ऑफ चैंपियंस में इटली पर अर्जेंटीना की जीत का भी संकेत दिया। उन्होने कहा "अगर हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया होता तो हम यहां नहीं होते। लेकिन अर्जेंटीना को हराने के लिए आपके पास प्रत्येक खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ संस्करण होना चाहिए और उसे गुणा करना होगा। केवल 10 खिलाड़ियों के साथ 45 मिनट से अधिक समय तक खेलने के बावजूद, कोलंबिया अपने आखिरी मैच में उरुग्वे को 1-0 से हराकर फाइनल में पहुंचा। दूसरे सेमीफाइनल में अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर आगे बढ़ाया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# यूएनआरडब्ल्यूए स्कूल पर इजराइली हमले में 15 मरे

गाजा, एजेंसी

गाजा के मध्य गाजा पट्टी में नुसीरात शरणार्थी शिविर में स्थित नियर ईस्ट (यूएनआरडब्ल्यूए) स्कूल में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी पर इजराइली हमले में पंद्रह लोगों की मौत हो गई और 80 घायल हो गए। स्थानीय सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। सरकार के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा, इजराइल के कब्जे ने नुसीरात शिविर में अबू ओरेइबन स्कूल में विस्थापित लोगों का भीषण नरसंहार किया है, जिसमें 15 लोग मारे गए और 80 घायल हो गए।

सात अक्टूबर, 2023 को, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने इज़राइल के खिलाफ बड़े पैमाने

**● गाजा पट्टी में मरने वालों की संख्या 38,584 तक पहुँच गई है, जबकि 88,800 से अधिक हुए घायल**

पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, नागरिक पड़ोस और सैन्य ठिकानों दोनों पर हमला किया। इसके बाद इज़राइल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। फ़िलिस्तीनी एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, पिछले अक्टूबर से गाजा पट्टी में मरने वालों की संख्या 38,584 तक पहुँच गई है, जबकि 88,800 से अधिक घायल हुए हैं।

# केपी शर्मा ओली नेपाल के नए प्रधानमंत्री नियुक्त

**काठमांडू।** नेपाल में सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष के. पी. शर्मा ओली को नयी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए रविवार को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। ओली (72) ने पुष्प कमल दहल प्रचंड की जगह ली है, जो शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हार गए थे। इसके बाद संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार नयी सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने ओली को नेपाल-यूनीफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस गठबंधन सरकार का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली नयी मंत्रिपरिषद के साथ सोमवार को शपथ लेंगे।

# नेपाल में बस हादसे में मृतक संख्या पांच हुई

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में बचावकर्मियों ने रविवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया जो पिछले सप्ताह चितवन जिले में भूस्खलन के कारण उफनती नदी में दो बसों के बह जाने के बाद लापता हो गया था। यह जानकारी पुलिस ने दी। इसके साथ ही इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है, जिनमें एक भारतीय भी शामिल है। बचाव दल को रविवार को गैंडाकोट-7 में पांचवां शव मिला।

बचाव दल शुक्रवार को भूस्खलन के बाद उफनती त्रिशूली नदी में दो बसों के बह जाने के बाद लापता यात्रियों की तलाश कर रहे थे। मायरिपब्लिका न्यूज पोर्टल ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि तलाशी अभियान के दौरान अब

**● चितवन जिले में भूस्खलन के कारण उफनती नदी में दो बसें बह जाने के बाद से लापता थे**

तक एक भारतीय समेत केवल पांच शव बरामद किए गए हैं।

अधिकारी ने बताया कि भारतीय नागरिक समेत तीन मृतकों की पहचान सार्वजनिक कर दी गई है, जबकि दो अन्य शवों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि पहला शव शनिवार सुबह दुर्घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर बरामद किया गया था। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बिहार के ऋषि पाल शाही (40) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि शव चितवन जिले की नारायणी नदी में रेत में दबा हुआ मिला था और उसकी जेब से एक भारतीय पहचान पत्र मिला है।

# एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी के फॉलोअर की संख्या 10 करोड़ के पार पहुंची

नयी दिल्ली, एजेंसी

सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फॉलोअर की संख्या रविवार को 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई। अधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन साल में उनके फॉलोअर की संख्या में तीन करोड़ की वृद्धि हुई है। वैश्विक स्तर पर वह पहले से ही इस सोशल मीडिया मंच पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले सरकार प्रमुख हैं। अधिकारियों ने बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जैसे विपक्षी नेताओं के क्रमशः 2.75 करोड़ और 2.64 करोड़ फॉलोअर के मुकाबले मोदी के फॉलोअर की संख्या कई गुना



**● पिछले तीन साल में फॉलोअर की संख्या में तीन करोड़ की वृद्धि हुई**

अधिक है। अन्य देशों की सरकार प्रमुखों में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के 3.81 करोड़ और तुर्की के राष्ट्र प्रमुख रजब तैयब एर्दोआन के 2.15 करोड़ फॉलोअर हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक्स पर 100 करोड़! इस जीवंत माध्यम पर आकर और चर्चा, बहस, अंतर्दृष्टि, लोगों के आशीर्वाद, रचनात्मक आलोचना तथा बहुत कुछ का हिस्सा बनकर खुश हूं। भविष्य में भी इसी प्रकार से लोगों से जुड़े रहने को उत्सुक हूं। एक अधिकारी ने कहा, मौजूदा वैश्विक खिलाड़ियों जैसे विराट कोहली (6.41 करोड़), ब्राजील के फुटबॉलर नेमार जूनियर (6.36 करोड़) और अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स (5.29 करोड़) से भी ज्यादा फॉलोअर प्रधानमंत्री मोदी के हैं। अधिकारी ने कहा, वह टेलर स्विफ्ट (9.53 करोड़), लेडी गागा (8.31 करोड़) और किम करदाशियां (7.52 करोड़) जैसी हस्तियों से भी आगे हैं। साल 2009 में ट्विटर से जुड़ने के बाद से ही प्रधानमंत्री लगातार इस माध्यम से लोगों से जुड़े रहे हैं।

## एक नजर

### इजराइल ने दमिश्क में स्थलों को निशाना बनाया

**दमिश्क।** इजराइल ने रविवार की आधी रात को सीरिया की राजधानी दमिश्क में सिलसिलेवार हमला करते हुए कई ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे पूरे शहर विस्फोट से गूंज उठा। सीरियाई राज्य टीवी ने कहा कि सीरियाई हवाई सुरक्षा दमिश्क के ग्रामीण इलाकों में इजरायली हमले को रोक रही है। सीरियाई वायु रक्षा मिसाइलों की लगातार आवाज के बीच इस बार का हमला सामान्य हमलों से बड़ा था। राजधानी के कुछ हिस्सों में एम्बुलेंस के सायरन सुने गए। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि यह हमला बहुत हिंसक था।

### कंबोडिया में लापता सैन्य हेलीकाप्टर, तलाश जारी

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया में लापता सैन्य हेलीकाप्टर के लिए खोज एवं बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि खराब मौसम की स्थिति के बीच खोज और बचाव अभियान जारी है। लापता सैन्य हेलीकॉप्टर में दो लोग सवार हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान पुरसैट और कोह कांग प्रांतों में घने जंगलों वाले कार्डामोन पर्वत श्रृंखला के ऊपर से उड़ान भरते समय हेलिकॉप्टर का वायुसेना मुख्यालय से संपर्क टूट गया। इसका कारण खराब मौसम बताया गया है। बयान में कहा गया, हेलीकॉप्टर में दो व्यक्ति सवार है जिनमें एक कैप्टन और एक पायलट। बयान में कहा गया कि खराब मौसम और धुंध के बावजूद खोज और बचाव अभियान जारी है।

### दक्षिण अफ्रीका के जंगलों में आग से सात की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के क्वाज़ुलु-नताल प्रांत के जंगल में लगी भीषण आग के कारण सात लोगों की मौत हो गई और 196 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए। यह जानकारी प्रांतीय सरकार ने शनिवार को दी। सहकारी शासन और पारंपरिक मामलों के प्रांतीय विभाग ने एक बयान में कहा कि एक सप्ताह पहले लगी जंगल की आग ने कुल 751 लोगों को प्रभावित किया है और किंग सेत्सवेयो, इलेम्बे, उथुकेला और ज़ुलुलैंड सहित जिलों में खेतों और घरों को नुकसान पहुंचाया है। विभाग ने कहा कि आग से 14,000 हेक्टेयर से अधिक चरागाह भूमि नष्ट हो गई है और 1,600 जानवर मारे गए हैं। परिवहन और मानव बस्तियों की प्रांतीय परिषद के एक अधिकारी सिबोनिसो ड्यूमा ने कहा कि नष्ट हुए घरों की संख्या बढ़ रही है क्योंकि जंगल की आग बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वे प्रभावित परिवारों को खोजने का काम कर रहे हैं।

### प. जापान में भूस्खलन में तीन लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान के पश्चिमी क्षेत्र एहिमे में भूस्खलन में फंसने से तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अग्निशमन कर्मियों और पुलिस ने एहिमे प्रान्त के मात्सुयामा में शनिवार दोपहर को आपदा प्रभावित क्षेत्र की तलाशी ली जहां दो पुरुष और एक महिला मृत पाए गए। बाद में पुष्टि की गई कि वे उस परिवार के सदस्य थे जो भूस्खलन के बाद से लापता थे। यह घटना शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग चार बजे हुई जब एक पहाड़ से लगभग 50 मीटर चौड़ी और 100 मीटर ऊंची ढलान ढह गई, जिससे मिट्टी आसपास के घरों में चली गई। पीड़ितों में 90 साल का एक पुरुष, 80 साल की एक महिला और 40 साल का उनका बेटा था, परिवार के सभी लोग एक लकड़ी के घर में रहते थे जो भूस्खलन के कारण ढह गया किसी के लापता होने की कोई रिपोर्ट नहीं है और भूस्खलन स्थल पर तलाश बंद कर दी गई है।

# राजनीतिक हिंसा को बढ़ावा देगा ट्रंप पर हमला

## अमेरिकी मीडिया ने पूर्व राष्ट्रपति पर हुए हमले को भयावह क्षण करार दिया और गंभीर खतरे से चेताया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी मीडिया ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले को रविवार को भयावह क्षण करार दिया और कहा कि यह देश में लोकतंत्र के समक्ष राजनीतिक हिंसा से उत्पन्न होने वाले खतरे की गंभीर चेतावनी है। ट्रंप (78) पर शनिवार को पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान एक युवा हमलावर ने गोली चलाई, जो उनके दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी।

द न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि शनिवार को अमेरिकियों को हमारे लोकतंत्र के समक्ष मौजूद राजनीतिक हिंसा के खतरे की चेतावनी मिली। समाचार पत्र ने कहा, अब दोनों दलों के नेताओं और व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से अमेरिकियों की यह जिम्मेदारी है कि वे हिंसा और इसे बढ़ावा देने वाले भड़काऊ बयानों का विरोध करें। अमेरिकियों को भी इस चुनौती के बारे में स्पष्ट रूप से सोचना चाहिए जिसका सामना यह देश कर रहा है। शनिवार की घटना को अपवाद नहीं माना जा सकता। हिंसा अमेरिकी राजनीति को संक्रमित व प्रभावित कर रही है।

द वॉल स्ट्रीट जनरल ने कहा कि हत्या का प्रयास अमेरिका के लिए




पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के बाद अमेरिका मीडिया में प्रकाशित खबरें। ● एजेंसी

**● द न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि दोनों दलों के नेता सामूहिक रूप से भड़काऊ बयानों का विरोध करें**

एक भयावह क्षण है जो इससे भी बदतर हो सकता था, लेकिन हम यह नहीं कह सकते कि यह पूरी तरह से आश्चर्यजनक है। समाचार पत्र ने कहा कि राजनीतिक शत्रुता और घृणास्पद बयानबाजी एक ऐसे स्तर पर पहुंच गई है, जिसकी वजह से अमेरिका में हिंसा व हत्या के प्रयास

**● द वॉल स्ट्रीट जनरल ने कहा कि राजनीतिक शत्रुता और घृणित बयानबाजी से बढ़ती है ऐसी घटना**

हुए हैं और हममें से कुछ लोगों को अब भी 1968 की घटना अच्छी तरह याद है। हमलावर अपने किए के लिए खुद ही जिम्मेदार है, लेकिन दोनों पक्षों के नेताओं को चुनाव के दौरान भड़काऊ बातें कहनी बंद कर देनी चाहिए, अगर कोई एक उम्मीदवार चुनाव जीत जाता है तो लोकतंत्र खत्म नहीं होगा। समाचार पत्र ने कहा, अगर ट्रंप जीतते हैं तो देश में तानाशाही नहीं आ जाएगी।

सीएनएन ने एक लेख में कहा कि एक पूर्व राष्ट्रपति और नवंबर में होने वाले चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से नामांकन स्वीकार करने से कुछ ही दिन पहले एक चुनावी रैली में ट्रंप को निशाना बनाया जाना निश्चित रूप से लोकतंत्र और अपना नेता चुनने के प्रत्येक अमेरिकी के अधिकार पर हमला है।

### हमलावर को एक छत से दूसरी छत पर जाते देखा

**वाशिंगटन।** सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार बेन मैकर नामक एक व्यक्ति ने कहा कि उसने हमलावर को एक छत से दूसरी छत पर जाते देखा। उसने एक अधिकारी को बताया कि ट्रंप अपने समर्थकों को जिस स्थान से संबोधित कर रहे थे, उससे लगभग 200 से 250 गज दूरी पर हमलावर था। मैकर ने कहा, जब मैं वापस अपनी जगह पर जाने के लिए मुड़ा तो गोलियां चलने लगीं और फिर चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। हम सब वहां से भाग गए। बटलर निवासी रयान नाइट ने भी कहा कि उसने संदिग्ध हमलावर को अमेरिकन ग्लास रिसर्च बिल्डिंग के ऊपर देखा था। नाइट ने कहा, मैं गोलीबारी से करीब 20 मिनट पहले उस घेराबंदी के पास जाकर खड़ा हो गया, जहां ट्रंप थे। जब मैं ऐसा कर रहा था तो मैं एजीआर बिल्डिंग के निकट ही था और हमलावर वहीं था। उसने कहा, जब मैं वहां बैठा था तो एक व्यक्ति ने कहा कि उसके पास एक बंदूक है। जब मैंने ऊपर देखा तो इमारत के ऊपर एक आदमी था जिसके पास एक एम16 और एक कंबल था और उसका निशाना राष्ट्रपति की ओर था। उसने गोली चलानी शुरू कर दी। चार से पांच गोलियां चलीं। मैं नीचे कूद गया।



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने कहा कि वह रैली के चौंकाने वाले दृश्यों से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा, किसी भी रूप में राजनीतिक हिंसा का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है और मेरी संवेदनाएं इस हमले के सभी पीड़ितों के साथ हैं।



फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने हत्या के प्रयास को एक त्रासदी करार दिया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, यह हमारे लोकतंत्रों के लिए एक त्रासदी है। फ्रांस अमेरिकावासियों के सदमे और आक्रोश को साझा करता है।



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि वह ट्रम्प के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि चुनाव अभियान के आने वाले महीनों में संवाद और जिम्मेदारी नफरत तथा हिंसा पर हावी हो सकती है।



यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने एक्स पर लिखा, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अभियान रैली के दौरान हुई गोलीबारी से मैं बहुत स्तब्ध हूं। उन्होंने ट्रंप के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एवं टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की कोशिश की कड़ी निंदा की और शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की।



ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानी ने कहा, यह उन लोकतांत्रिक मूल्यों के तहत एक अक्षम्य हमला था, जो ऑस्ट्रेलियाई और अमेरिकी साझा करते हैं तथा स्वतंत्रता, जिसे हम संजोते हैं। ये मूल्य वे हैं जो दोनों देशों को एकजुट करते हैं।



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वे पेंसिल्वेनिया में चुनावी रैली में ट्रम्प पर गोली चलाए जाने की घटना से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा, इस तरह की हिंसा का कोई औचित्य नहीं है और दुनिया में कहीं भी इसके लिए कोई जगह नहीं है।



ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा, हमारे लोकतंत्र में किसी भी प्रकार की राजनीतिक हिंसा स्वीकार्य नहीं है। मैं हमले से प्रभावित पीड़ितों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।



जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि दुनिया को लोकतंत्र को चुनौती देने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा के खिलाफ़ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक हिंसा किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है।



इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह और उनकी पत्नी ट्रम्प के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सारा और मैं राष्ट्रपति ट्रंप पर हुए हमले से स्तब्ध हैं। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

# अमेरिकी राजनेताओं पर हुए हमलों का इतिहास

**वाशिंगटन। अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को हुए जानलेवा हमले से पहले भी इस देश में राष्ट्रपतियों, पूर्व राष्ट्रपतियों और प्रमुख दलों के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों को निशाना बनाने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। वर्ष 1776 से देश के राजनीतिक इतिहास में हत्या और हत्या के प्रयासों की कुछ ऐसी ही घटनाएं इस प्रकार हैं :**

- **अब्राहम लिंकन :** अब्राहम लिंकन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति थे, जिनकी जॉन वाइक्स बूथ ने 14 अप्रैल 1865 की गोली मार कर हत्या कर दी थी।
- **एम्स गारफील्ड :** गारफील्ड देश के दूसरे राष्ट्रपति थे, जिन्हें दो जुलाई 1881 को वाशिंगटन में एक ट्रेन स्टेशन पर चार्ल्स गितेऊ ने गोली मार दी थी।
- **विलियम मैकिनले :** मैकिनले को छह सितंबर 1901 में न्यूयॉर्क के बफेलो में तब गोली मारी गई थी जब वह भाषण देने के बाद लोगों से हाथ मिला रहे थे। एक व्यक्ति ने नजदीक से उनकी छाती में दो गोली मारी।
- **फ्रेंकलिन डी. रूजवेल्ट :** रूजवेल्ट ने मियामी में एक खुली कार से भाषण दिया ही था कि तभी गोलियां चलने की आवाज सुनायी दी। फरवरी 1933 में हुई घटना में रूजवेल्ट घायल नहीं हुए लेकिन शिकागो के मेयर एंटन कर्माक की जान चली गयी।
- **हैरी एस. ट्रूमैन :** ट्रूमैन नवंबर 1950 में वाशिंगटन के ब्लेयर हाउस में थे, तभी दो बंदूकधारी उसमें घुस गए थे। बंदूकधारियों के साथ गोलीबारी में ट्रूमैन तो बच गए थे लेकिन व्हाइट हाउस का एक पुलिसकर्मी और एक हमलावर मारा गया था।
- **जॉन एफ. केनेडी :** केनेडी नवंबर 1963 में जब प्रथम महिला जैकलीन केनेडी के साथ डलास गए थे तो एक बंदूकधारी ने घात लगाकर उन पर हमला कर दिया था। केनेडी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी मौत हो गयी थी।
- **गेराल्ड फोर्ड :** फोर्ड पर 1975 में कुछ ही हफ्तों के भीतर दो जानलेवा हमले किए गए थे और वह दोनों घटना में बच गए।
- **रोनाल्ड रीगन :** रीगन मार्च 1981 में वाशिंगटन में भाषण देकर निकल रहे थे तभी भीड़ में शामिल जॉन हिंकले जूनियर ने उन्हें गोली मार दी। वह उपचार के बाद स्वस्थ हो गए थे।
- **जॉर्ज डब्ल्यू बुश :** बुश 2005 में जॉर्जिया के राष्ट्रपति मिखाइल साकाश्विली के साथ रैली में भाग ले रहे थे तभी एक हथगोला फेंका गया। हथगोला फटा नहीं और कोई भी हताहत नहीं हुआ था।
- **प्रत्याशी थियोडोर रूजवेल्ट :** पूर्व राष्ट्रपति रूजवेल्ट को 1912 में मिलवाकी में प्रचार के दौरान गोली मारी गयी थी। उन्हें इस हमले में कोई गंभीर चोट नहीं आयी थी।
- **प्रत्याशी रॉबर्ट एफ. केनेडी :** केनेडी डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी बनने की दौड़ में शामिल थे तभी 1968 में लॉस एंजिलिस में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।
- **प्रत्याशी जॉर्ज सी. वालेस :** वालेस डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल थे, तभी 1972 में मैरीलैंड में एक प्रचार अभियान के दौरान गोली मारी गयी थी। इस घटना के कारण उन्हें कमर के निचले हिस्से में लकवा मार गया था।

# हमलावर के घर और गाड़ी में बम बनाने की सामग्री मिली

बटलर, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रैली में गोली चलाने के संदिग्ध व्यक्ति की गाड़ी में बम बनाने की सामग्री मिली है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने एपी को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध के घर में भी बम बनाने की सामग्री मिली है। सार्वजनिक रूप से इस विषय पर बोलने का अधिकार नहीं रखने वाले दो अधिकारियों ने नाम जाहिर नहीं होने की शर्त पर एसोसिएटिड प्रेस (एपी) को यह जानकारी दी। गोलीबारी की इस घटना में ट्रंप की रैली में मौजूद एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

# ट्रंप के फेसबुक, इंस्टाग्राम पर लगा प्रतिबंध हटाया

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

मेटा ने कहा कि कंपनी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर पहले लगाए गए किसी भी जुर्माने और प्रतिबंध को हटा रही है। मेटा के एक प्रवक्ता ने कहा कि वह संभावित जीओपी उम्मीदवार ट्रम्प को राष्ट्रपति बिडेन के बराबर में ला रहा है।

वाशिंगटन डी.सी. में 6 जनवरी, 2021 के विद्रोह के तुरंत बाद कंपनी ने पहली बार ट्रम्प के सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके अकाउंट को दो वर्षों के लिए निलंबित कर दिया था।

जनवरी 2023 में मेटा ने कहा कि वह ट्रम्प को अपने मंच पर बहाल करेगा और अगले महीने उन्हें अपने अकाउंट तक पहुंच प्राप्त हुई लेकिन फिर भी उन पर जुर्माना और प्रतिबंध लगाए गए। मेटा की नवीनतम

**● प्रवक्ता ने कहा कि वह संभावित उम्मीदवार ट्रम्प को राष्ट्रपति बिडेन के बराबर में ला रहा**

घोषणा के बाद, अगर ट्रम्प मेटा के सामुदायिक दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हैं, तो उन्हें बहुत कम संभावित निलंबन का सामना करना पड़ेगा जो केवल कुछ दिनों तक रह सकता है। मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष, निक क्लेग ने एक ब्लॉग पोस्ट में लिखा है कि मूल निलंबन और दंड चरम और असाधारण परिस्थितियों की प्रतिक्रिया थी, और इसे लागू करने की आवश्यकता नहीं थी। क्लेग ने लिखा, अगले सप्ताह रिपब्लिकन सम्मेलन सहित पार्टी सम्मेलन जल्द ही होने के साथ, अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों को जल्द ही औपचारिक रूप से नामांकित किया जाएगा। राजनीतिक अभिव्यक्ति को स्वतंत्र रखना हमारी ज़िम्मेदारी है।

# बंधुआ मजदूरी के आरोप में दो भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**रोम।** इटली के वेरोना प्रांत में 33 कृषि श्रमिकों से बंधुआ मजदूरी कराने के आरोप में दो भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी मजदूर भारतीय हैं। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। इससे कुछ दिन पहले एक सिख कृषि मजदूर की मौत से देश स्तब्ध हो गया था। समाचार एजेंसी एएनएसए ने शनिवार को खबर दी कि वित्त पुलिस ने संदिग्धों की 4,75,000 यूरो की संपत्ति भी जब्त की है, जो कृषि क्षेत्र की दो कंपनियों के मालिक हैं और इनमें कोई कर्मचारी नहीं है और उन पर कर चोरी का आरोप भी है। इतालवी समाचार एजेंसी ने बताया कि दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ बंधुआ मजदूरी और श्रमिकों के शोषण सहित अन्य अपराधों के लिए जांच की जा रही है।

# इमरान खान और बुशरा बीबी फिर गिरफ्तार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एवं उनकी पत्नी बुशरा बीबी को कथित भ्रष्टाचार के एक नये मामले की जांच के वास्ते रविवार को आठ दिनों की हिरासत के लिए भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारियों को सौंप दिया।

जिला एवं सत्र अदालत ने शनिवार को गैर इस्लामी शादी मामले में दोनों की दोषसिद्धि खारिज कर दी थी, जिसके शीघ्र बाद उन्हें राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने गिरफ्तार कर लिया था। इस अदालत के संक्षिप्त आदेश में यह भी कहा गया था कि यदि अन्य मामलों में दोनों वांछित नहीं हैं तो उन्हें तत्काल रिहा कर दिया जाए। खान दंपती के विरूद्ध नया तोशखाना मामला दर्ज करने वाली एनएबी ने रविवार को दोनों को जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अली वारिच के सामने पेश किया। न्यायाधीश ने कड़े सुरक्षा

**भ्रष्टाचार मामला**



**● अदालत ने दोनों को 22 जुलाई को पेश करने का आदेश दिया**

कारणों से अडियाला जेल के अंदर ही सुनवाई की।

खान दंपती को गिरफ्तार करने वाली टीम की अगुवाई करने वाले एनएबी के उपनिदेशक मोहसिन हारून ने अदालत से अनुरोध किया कि दोनों को ब्यूरो की हिरासत में भेजा जाए। अदालत ने वकीलों की दलीलें सुनने के बाद दोनों को आठ दिनों के लिए एनएबी की हिरासत में भेज दिया। अदालत ने दोनों को 22 जुलाई को पेश करने का भी आदेश दिया।

### पाकिस्तान में अस्थिरता और अनिश्चितता फैलाने में लगी ताकतों को बेनकाब किया जाए : शाहबाज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने देश में अस्थिरता एवं अनिश्चितता फैलाने में लगे तत्वों को बेनकाब करने की जरूरत पर बल दिया है क्योंकि आर्थिक रूप से खस्ताहाल उनकी सरकार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। एआरवाई न्यूज की खबर है कि शरीफ ने सीनेट (पाकिस्तानी संसद के एक सदन) में पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के संसदीय दल के नेता तथा विदेश मामलों से संबंधित सीनेट की स्थायी समिति के अध्यक्ष इरफान सिद्दिकी के साथ बैठक के दौरान परोक्ष रूप से विपक्ष की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। किसी भी दल का नाम लिये बगैर प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को सरकार, देश एवं राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थानों के विरुद्ध चल रहे संगठित अभियान को विफल करने की प्रभावी रणनीति विकसित करने पर जरूर ध्यान देना चाहिए। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी सभी मोर्चों पर सरकार का विरोध कर रही है और आरोप लगा रही है कि पीएमएल-एन ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के जनादेश को चुरा लिया है। खान जेल में बंद हैं। विदेश मामलों से संबंधित सीनेट की स्थायी समिति का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सिद्दिकी को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने उम्मीद जतायी कि उनके नेतृत्व में यह समिति दुनिया में पाकिस्तान की सकारात्मक और शांतिपूर्ण छवि को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देगी।

